राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 15 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


अमृत स्नान की शुरूआत महानिर्वाणी अखाड़े के स्नान के साथ हुई। निरंजनी अखाड़ा, पंचदशनाम जूना अखाड़े के साथ आवाह्न और पंच अग्नि अखाड़े के नागा साधुओं ने स्नान किया।

# महाकुम्भ: अखाड़ों ने किया दिव्य-भव्य अमृत स्नान

- अखाड़ों के आचार्य, मंडलेश्वर, महामण्डलेश्वर अपने रथों पर सवार हो कर पहुचें करने अमृत स्नान
- ब्रह्ममुहूर्त में अखाड़ों के नागा संन्यासियों ने लगाई संगम में डुबकी

**सनातन पंरपरा**

- सनातन पंरपरा का निर्वहन करते हुए अखाड़ों ने किया अमृत स्नान
- नागा, बैरागी और उदासीन संन्यासी अमृत



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भनगर। तीर्थराज, प्रयागराज में** सनातन आस्था के महापर्व, महाकुम्भ के अवसर पर मंगलवार को मकर संक्रांति का अमृत स्नान संपन्न हुआ।पौराणिक मान्यता के अनुसार महाकुम्भ में मकर संक्रांति के स्नान को अमृत स्नान माना जाता है। आज भगवान सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने की तिथि पर परंपरा अनुसार साधु-संन्यासियों के अखाड़ों ने पूरे विधि-विधान से शोभा यात्रा निकालते हुए अमृत स्नान किया। सनातान परंपरा में आस्था रखने वाले श्रद्धालु अखाड़ों के अमृत स्नान को देखने और नागा, बैरागी साधु,संतों का आशीर्वाद पाने के लिये कतारबद्ध हो कर खड़े थे। हाथों में माले, भाले, तीर, तलवार, त्रिशूल लिए नागा साधुओं ने ब्रह्ममुहूर्त में ही संगम में अमृत स्नान किया।

**ब्रह्ममुहूर्त में अखाड़ों के नागा संन्यासियों ने लगाई संगम में डुबकी**

सहस्त्राब्दियों से चली आ रही महाकुम्भ में अमृत स्नान की अक्षुण सनातन परंपरा को जीवंत होता देख आम जनमानस भाव विह्वल हो उठा। हिमालाय की कंदराओं, मठों, मंदिरों में रहने वाले धर्म रक्षक नागा अपना रूप श्रृंगार कर मां गंगा की गोद में अठखेलियां करने उतर पड़े। परंपरा अनुसार अद्धरात्रि की बेला से ही अखाड़ों में अमृत स्नान की तैयारियां शुरू हो गई थी। अखाड़े परंपरा और अपने क्रम के अनुसार पूरे लाव-लश्कर के साथ संगम की ओर बढ़ते जा रहे थे। अमृत स्नान की शुरूआत महानिर्वाणी अखाड़े के स्नान के साथ हुई। इसके बाद पूर्वनियोजित कार्यक्रम के अनुसार निरंजनी अखाड़ा, पंचदशनाम जूना अखाड़े के साथ आवाह्न और पंच अग्नि अखाड़े के नागा साधुओं ने स्नान किया। इनके बाद क्रमशः श्री पंच निमोर्ही, पंच दिगम्बर अनि और श्री पंच निवार्णी अनि के बैरागी अखाड़ों ने अमृत स्नान किया। अमृत स्नान में अंतिम क्रम उदासीन अखाडा और निर्मल अखाड़े के साधु-संन्यासियों के स्नान का था।

**सनातन परंपरा का निर्वहन करते हुए अखाड़ों ने किया अमृत स्नान**

महाकुम्भ में पहले अमृत स्नान के दिन सभी अखाड़ों के साधु, संत सबसे आगे अपने-अपने अखाड़ों की धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे।
धर्म ध्वजा के पीछे अखाड़ों के नागा संन्यासी इष्ट देव के जयकारे लगाते हुए, इष्ट देव के विग्रह लेकर बाजे-गाजे, ढोल, नगाड़े बजाते हुए त्रिवेणी संगम की ओर बढ़ रहे थे। उनके पीछे पीछे अस्त्र, शस्त्रों का प्रदर्शन करते हुए नागा संन्यासी, आम जन को दुर्लभ दर्शन और आशीर्वाद दे रहे थे।

## स्नान पर्व और अमृत स्नान के लिए फेवरिट स्पॉट बना संगम नोज

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर:** महाकुम्भ के पहले अमृत स्नान मकर संक्रांति पर्व पर मंगलवार को करोड़ों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं की प्राथमिकता संगम नोज रहा, जहां पर अखाड़ों के संतों और गुरुओं ने भी स्नान किया। संगम नोज पर एक तरफ जहां अखाड़ों के संत आरक्षित स्थान पर स्नान कर रहे थे तो वहीं दूसरी तरफ श्रद्धालुओं भी संगम नोज पर स्नान कर पा रहे थे। ये



संभव हुआ सिंचाई विभाग की यांत्रिक शाखा यांत्रिक बैराज यांत्रिक खंड अनुरक्षण वाराणसी के भगीरथ प्रयासों से, जिसने मात्र 85 दिनों में तीन शिफ्ट में काम करके शास्त्री ब्रिज से संगम नोज तक 26 हेक्टेयर क्षेत्र का विस्तार किया। इसमें 2 हेक्टेयर क्षेत्र का विस्तार सिर्फ संगम नोज पर किया गया। इसके चलते साधु संत और श्रद्धालुओं का संगम नोज पर एक साथ अमृत स्नान संभव हो सका। 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के प्रथम स्नान पर्व और 14 जनवरी को पहले अमृत स्नान पर 3 करोड़ से ज्यादा लोगों ने स्नान किया।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## मुफ्त बिजली योजना के लिए परिचालन दिशा-निर्देश किए जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने पीएम-सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के तहत दो प्रमुख घटकों को लागू करने के लिए परिचालन दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि पीएम-सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी मॉडल और यूटिलिटी आधारित एकत्रीकरण मॉडल के लिए 'भुगतान सुरक्षा तंत्र' और 'केंद्रीय वित्तीय सहायता' घटक के कार्यान्वयन के लिए योजना दिशा-निर्देश अधिसूचित किए गए हैं। इन घटकों में भुगतान सुरक्षा तंत्र, आरईएससीओ (नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी) और उपयोगिता-आधारित एकत्रीकरण मॉडल के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता शामिल हैं। मंत्रालय के मुताबिक यह योजना उपभोक्ताओं के लिए छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए दो वैकल्पिक कार्यान्वयन मॉडल दिए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी मॉडल, जहां तीसरे पक्ष की संस्थाएं छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना में निवेश करती हैं, जिससे उपभोक्ताओं को बिना किसी अग्रिम लागत दिए केवल उपभोग की गई बिजली के लिए भुगतान करना पड़ता है।

## कांग्रेस ने यूजीसी मसौदा नियमों को तत्काल वापस लेने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के हाल ही में जारी मसौदा नियमों को कठोर और संविधान विरोधी करार दिया। कांग्रेस ने मांग की कि इन्हें तुरंत वापस लिया जाए। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि यूजीसी ने हाल ही में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति और पदोन्नति के लिए न्यूनतम



योग्यताएं और उच्च शिक्षा में मानकों के रखरखाव के लिए उपाय विनियम, 2025 का मसौदा जारी किया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इसमें कई नियम खतरनाक उद्देश्यों के साथ लाए गए हैं, कुछ उदाहरण देखिए-कॉन्ट्रैक्चुअल प्रोफेसरशिप से 10 प्रतिशत की सीमा को हटाकर उच्च शिक्षा की टीचिंग में बड़े पैमाने पर संविदाकरण के लिए द्वार खोलना। यह हमारे संस्थानों की गुणवत्ता और अकादमिक स्वतंत्रता को नष्ट करने वाला है।

**विरोध**

- यूजीसी के हाल ही में जारी मसौदा नियमों को कठोर और संविधान विरोधी करार दिया।

## जुकरबर्ग के बयान पर 'मेटा' को किया जाएगा तलब

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी संसदीय समिति के अध्यक्ष निशिकांत दुबे ने मंगलवार को कहा कि उनकी समिति मार्क जुकरबर्ग की ओर से दी गई गलत जानकारी के लिए उनकी कंपनी मेटा को बुलाएगी। दुबे ने एक्स पोस्ट में कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश के बारे में गलत जानकारी रखने से उस देश की छवि धूमिल होती है।
इस गलती के लिए संस्था को भारतीय संसद तथा जनता से माफी मांगनी पड़ेगी। जुकरबर्ग ने एक साक्षात्कार में कहा था कि कोविड-19 के बाद से भारत सहित दुनियाभर में सरकारें बदली हैं।



लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, दिल्ली के रिठाला क्षेत्र का दौरा करते हुए।

## सीएम की बैठकों में होने वाले फैसले और बैठक के एजेंडा समय पर जारी करने होंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की बैठकों को गंभीरता से नहीं लेने वाले अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बैठक का एजेंडा जारी करने तथा फैसलों को तय समय सीमा में जारी करना अनिवार्य कर दिया गया है।
इसके अलावा, जिलों में मंत्रियों के दौरों के समय जनसुनवाई के दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के मौजूद नहीं रहने को भी सरकार ने गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री द्वारा समय-समय पर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की जाती हैं। कई विभाग के प्रमुख अधिकारी समय पर बैठक का एजेंडा जारी नहीं करते है इसके चलते बैठकों में विभाग तथा सरकार से संबंधित योजनाओं की वास्तविक जानकारी सामने नहीं आ पाती है। कई विभागों के अधिकारी बैठक में लिए गए फैसलों के संबंध में कई-कई दिन तक रिपोर्ट जारी नहीं करते हैं। बैठक में लिए गए फैसलों की रिपोर्ट समय पर जारी नहीं होने से फील्ड में तैनात अधिकारियों तक जानकारी नहीं पहुंच पाती है और वह समय पर सरकार की योजनाओं को लागू नहीं कर पाते हैं। एसीएस द्वारा बैठक की कार्यवाही जारी नहीं करने से सरकार द्वारा लिए गए फैसलों की अधिसूचना भी समय पर जारी नहीं हो पाती है।
अफसरशाही की कोताही के कारण सरकार द्वारा लिए गए फैसले कई महीनों तक अखबारी बयान बनकर रह जाते हैं। ऐसे में मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रशासनिक सचिवों को निर्देश जारी किए हैं कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली किसी भी बैठक का एजेंडा समय से जारी किया जाएगा।

**एक्शन की तैयारी**

- सैनी की बैठकों को गंभीरता से नहीं लेने वाले अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी




## राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना अत्यंत प्रसन्नता की बात: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि इससे हल्दी उत्पादन में नवाचार, वैश्विक प्रचार और मूल्य संवर्धन के बेहतर अवसर सुनिश्चित होंगे। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, "राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना बहुत खुशी की बात है, खासकर भारत भर में हमारे मेहनती हल्दी किसानों के लिए। इससे हल्दी उत्पादन में नवाचार, वैश्विक प्रचार और मूल्य संवर्धन के बेहतर अवसर सुनिश्चित होंगे। इससे आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी, जिससे किसानों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभ होगा।" उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड का शुभारंभ किया। पल्ले गंगा रेड्डी को



बोर्ड का पहला अध्यक्ष बनाया गया है। बोर्ड का मुख्यालय निजामाबाद में स्थापित किया गया है। राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड में विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। निर्यातकों और उत्पादक निकायों के प्रतिनिधियों को भी बोर्ड में रखा जाएगा। नवगठित बोर्ड महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, मेघालय सहित अन्यम 20 राज्यों के हल्दी किसानों के कल्याण पर विशेष ध्यान देगा। हल्दी बोर्ड के गठन से देश के हल्दी उत्पादकों की आय में बढ़ोतरी होगी।

## सरकार वनों के संरक्षण और नशा निवारण के लिए प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री




**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज गैर-सरकारी संस्था नीडल लीफ फाउंडेशन - द सेवियर द्वारा शुरू की गई दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य वनों की आग पर नियंत्रण और युवाओं में नशा निवारण के लिए जागरूकता फैलाना है। मुख्यमंत्री ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार वनों के संरक्षण और आग की घटनाओं को रोकने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वनों की सुरक्षा के लिए बहुआयामी उपाय सुनिश्चित किए हैं और इन प्रयासों से पर्यावरण को संरक्षित रखने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में मादक पदार्थों और नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए अंतरराज्यीय स्तर पर समन्वय किया जा रहा है। उन्होंने संस्था के अध्यक्ष सुनील ग्रोवर और उनकी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके प्रयास सरकार के कार्यों को और मजबूती देंगे।

**संरक्षण**

- नीडल लीफ फाउंडेशन - द सेवियर द्वारा शुरू की गई दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया

## स्कूल को उड़ाने की धमकियों में एनजीओ का नाम आया सामने

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के अलग-अलग स्कूलों को मिल रही बम से उड़ाने की धमकी के मामलों में दिल्ली पुलिस ने आज बड़ा खुलासा किया है। पुलिस का कहना है कि धमकी देने वाले किशोर के अभिवावक एनजीओ से जुड़े हैं। दिल्ली पुलिस के



स्पेशल सीपी मधुप तिवारी ने दिल्ली पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि स्कूलों को यह धमकी ईमेल के जरिए दी जा रही थी और यह धमकी एक नाबालिग बच्चा दे रहा था। इस बच्चे की पहचान के बाद एक बार तो लगा कि परीक्षा रद्द कराने के लिए बच्चे ने यह हरकत की होगी, लेकिन जब बच्चे के परिवार वालों की जानकारी खंगाली तो पता चला कि उसके पिता एक एनजीओ से जुड़े हैं और यह एनजीओ विभिन्न राजनीतिक दलों से प्रभावित रहा है। स्पेशल सीपी के मुताबिक राजधानी के स्कूलों को काफी समय से धमकी भरे ईमेल मिल रहे थे। इसमें कहा जा रहा था कि स्कूल में बम प्लांट कर दिए गए हैं।

## रबी फसल की बुवाई 632 लाख हेक्टेयर से ज्यादा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** देश में इस साल रबी फसल की बुवाई 632 लाख हेक्टेयर से ज्यादा हो चुकी है। पिछले साल की इसी अवधि के दौरान 315.63 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस साल लगभग 320 लाख हेक्टेयर में गेहूं की खेती की गई है। इसके साथ ही 139.81 लाख हेक्टेयर में दलहन की खेती की गई है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि अन्न और मोटे अनाज के तहत 53.55 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खेती की गई।

**आंकड़े जारी** पंजीकरण कराने वालों में 328.66 लाख विद्यार्थी, 20.59 लाख शिक्षक और अन्य शामिल हैं

## 'परीक्षा पे चर्चा' के लिए 3.5 करोड़ ने कराया पंजीकरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** विद्यार्थियों के परीक्षा से जुड़े तनाव को उत्सव के माहौल में बदलने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख पहल परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) -2025 के लिए आज पंजीकरण का अंतिम दिन है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अब तक 3.5 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने पंजीकरण कर इसे राष्ट्रव्यापी आंदोलन का रूप दे दिया है। पंजीकरण कराने वालों में 328.66 लाख विद्यार्थी, 20.59 लाख शिक्षक और अन्य शामिल हैं। शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री




मोदी की प्रमुख पहल परीक्षा पे चर्चा, परीक्षा से जुड़े तनाव को उत्सव में बदलने के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में आगे बढ़ रही है। पीपीसी के 8वें संस्करण ने भारत और विदेशों के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से 3.5 करोड़ से अधिक पंजीकरण के साथ एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। यह उल्लेखनीय प्रतिक्रिया एक सच्चे जन आंदोलन के रूप में कार्यक्रम की बढ़ती प्रतिध्वनि को रेखांकित करती है। पीपीसी-2025 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण माईगॉव पोर्टल पर गत वर्ष 14 दिसंबर को शुरू हुआ था। यह पोर्टल 14 जनवरी तक खुला है। कार्यक्रम की अपार लोकप्रियता छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने और परीक्षाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में इसकी सफलता को उजागर करती है। शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला यह इंटरैक्टिव कार्यक्रम शिक्षा का एक बहुप्रतीक्षित उत्सव बन गया है। 2024 में पीपीसी का 7वां संस्करण दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में टाउन हॉल प्रारूप में आयोजित किया गया था।

**उत्साह**

- विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से 3.5 करोड़ से अधिक पंजीकरण के साथ उपलब्धि हासिल की

# ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने एआईएमआईएम उम्मीदवार और 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के आरोपित ताहिर हुसैन को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देने की मांग पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने फैसला सुरक्षित रखा। मंगलवार को सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि ताहिर हुसैन समाज के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि हुसैन का यह कहना की चुनाव लड़ना उनका मौलिक अधिकार है तो चुनाव लड़ना कोई मौलिक अधिकार नहीं है। इसके अलावा वह चाहे तो जेल से भी अपना नामांकन दाखिल कर सकता है। दिल्ली पुलिस ने अपनी इस दलील के समर्थन में

**जिरह**

**हुसैन का यह कहना की चुनाव लड़ना उनका मौलिक अधिकार है तो चुनाव लड़ना कोई मौलिक अधिकार नहीं है।**



अमृतपाल सिंह का उदाहरण दिया। 13 जनवरी को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा था कि अगर आपको केवल नामांकन भरना है तो आप जेल से भी कर सकते हैं। सुनवाई के दौरान ताहिर हुसैन की ओर से पेश वकील ने कहा था कि सांसद इंजीनियर रशीद को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दी गई थी जबकि उनके खिलाफ भी टेरर फंडिंग का मामला चल रहा है। ताहिर हुसैन की ओर से कहा गया था कि उन्हें एक राष्ट्रीय पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। वे अपनी सभी संपत्तियों का विवरण देने को तैयार हैं। उन्हें अपने लिए एक प्रस्ताव भी खोजना है और दिल्ली में चुनाव प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 24 दिसंबर 2024 को आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में ताहिर हुसैन की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। इसी जमानत याचिका में नयी याचिका दायर कर ताहिर हुसैन ने चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की मांग की है। ताहिर हुसैन को एआईएमआईएम की ओर से उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद से उम्मीदवार बनाया गया है। ताहिर हुसैन की ओर से पेश वकील तारा नरूला ने कहा कि इस मामले में ट्रायल शुरू हो चुका है और अभियोजन पक्ष के 114 गवाहों में से अब तक 20 गवाहों का परीक्षण किया गया है। ऐसे में ट्रायल जल्द पूरी होने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि ताहिर हुसैन चार साल नौ महीने से हिरासत में हैं। 26 फरवरी 2020 आईबी अधिकारी अंकित शर्मा के पिता रविंद्र कुमार दयालपुर थाने आए और कहा कि उनका बेटा 25 फरवरी को अपने दफ्तर से लौटकर शाम को कुछ सामान खरीदने गया था। जब अंकित शर्मा बहुत देर तक नहीं आए तो उनके पिता ने कई जगह खोजा और अस्पतालों में भी गए। रात तक इंतजार करने के बाद उन्होंने गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखवाई। उसके बाद उन्हें कुछ लड़कों ने बताया कि एक लड़के को मारकर खजूरी खास नाले में फेंक दिया गया है। उसी नाले से अंकित शर्मा का शव निकाला गया। जांच के दौरान पुलिस ने अंकित शर्मा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पाया कि उनके शरीर पर 51 धारदार और भोथरे हथियारों से वार किए गए थे। उसके बाद इस केस की जांच 28 फरवरी 2020 को क्राईम ब्रांच की एसआईटी को सौंप दी गई। दिल्ली पुलिस के मुताबिक आगे की जांच में मुख्य आरोपित ताहिर हुसैन के घर और उसके आसपास के इलाकों में मलबा, पत्थर, ईंट, टूटी बोतलें, बुलेट और कुछ जली हुई चीजें मिलीं। ताहिर हुसैन के मकान का इस्तेमाल दंगाईयों ने ईंट और पत्थरबाजी करने के लिए किया था। ताहिर हुसैन के घर के तीसरे मंजिल की छत पर गुलेल, पत्थर, पेट्रोल की बोतलें मिली थीं।


**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा नोटिस**

वरि. मं. वि. इंजी./ई.एम.यू. गाजियाबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली ई-निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | GEM/2025/B/5794901 Date: 14.01.2025 |
| कार्य का विवरण एवं स्थान | 03 वर्ष की अवधि के लिए ईएमयू कार शेड गाजियाबाद की सफाई और शेड से कचरे का निपटान। |
| निविदा दस्तावेज की कीमत | कुछ नहीं |
| कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 98,03,370.30 inclusive of GST |
| धरोहर राशि | Rs. 1,96,070.00 (payment mode available on GeM website |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 03 Years(s) |
| ऑफर की अवधि | 90 (Days) |
| निविदा विज्ञापन की तिथि (on GeM website) | 14.01.2025 |
| निविदा जमा करने की तिथि (on GeM website) | 14.01.2025 and 05.02.2025 11:00:00 |
| निविदा बंद करने की तिथि | 05.02.2025 (11:00 Hrs.) |
| निविदा खुलने की तिथि (तत्काल जब निविदा जमा करने का काल समाप्त हो जाए | 05.02.2025 (11:30 Hrs.) |
| निविदा छपाई की लागत (allocation) | 06041132 |

Note : 1: All participant Tenderer Tenderers will submit their requisite documents along with their tender offer. "No post tender correspondence for submission of additional document shall be entertained after opening of the Technical & Commercial offer. Even suo-moto post tender letters of the tenders shall be treated as null & void".
Note 2. Duplicate documents should not be enclosed up loaded. निविदा सूचना website www.gem.gov.in पर उपलब्ध है।
GEM 2025/B/5794901 Date: 14.01.2025 159/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

**कार्य का नाम और इसकी स्थिति:** 30-Elect-60-T-2024-25-E3
विद्युत कार्य से संबंधित (i) एडीईएन/ई-II के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एस.पी. मार्ग के एस/ओ में 10 टाइप-I क्वार्टरों के स्थान पर टाईप-II क्वार्टरों का प्रावधान और अन्य संबद्ध कार्य। (ii) एस.एम. मार्ग में नए बैडमिंटन हॉल का प्रावधान।

| | |
|---|---|
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 34.08 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 68,200.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 12.02.2025, 12:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 12.02.2025, 12:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in व वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

152/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**टेंडर नोटिस सं.: इंजेक्शन और दवाएं दिनांक: 13.01.2025**
**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संछिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82251196 | इंसुलिन एस्पार्ट और इंसुलिन डीग्लडेक इंजेक्शन 30/70 100IU प्रति एमएल 3 एमएल कार्ट्रिज (इंटरमीडिएट एक्टिंग इंसुलिन) | 8502 Nos | 10.02.2025 |

**निविदा शर्तें:-** **1.** विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती हैं। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। **151/2025**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई-नीलामी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र सं | नीलामी काटलोग स. | कार्य का विवरण | रेट यूनिट | ट्रिप्स/दिन | नीलामी प्रारम्भ तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | UMB-Parking 0225 | जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का संयुक्त ठेका (साईट प्लान के अनुसार) | वार्षिक लैसेंस फीस | 1095 | 21.01.2025 10:00:00 |
| 2. | UMB-Parking 0225 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन (सर्कुलर एरिया) पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का संयुक्त ठेका कुल एरिया – 2384.74 वर्ग मी। | वार्षिक लैसेंस फीस | 1095 | 21.01.2025 10:00:00 |
| 3. | UMB-Parking 0225 | चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन द्वितीय एंट्री (पंचकुला साइड) पर प्राइवेट कार (7864 वर्ग मी), भाडा (Hired) वाहन (1666 वर्ग मी) तीन पहिया (786 वर्ग मी) और दो पहिया (1709 वर्ग मी) का ठेका कुल एरिया–12,025 वर्ग मी) | कुल लाइसेंस फीस | 181 | 21.01.2025 10:00:00 |
| 4. | UMB-Parking 0225 | नंगल डैम रेलवे स्टेशन पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का पार्किंग ठेका। कुल एरिया – 1156.36 वर्ग मी। | वार्षिक लैसेंस फीस | 1096 | 21.01.2025 10:00:00 |

धरोहर राशी, बोली मूल्य में कम से कम बढ़ोतरी मूल्य, नीलामी आमंत्रण सुचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। **161/2025**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## गाजियाबाद में तोड़ी गईं 550 झुग्गियां, अपने घर टूटते देख बिलख पड़े बच्चे

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** रक्षा संपदा की 161 एकड़ जमीन से अवैध झुग्गियों को हटाने के लिए दूसरे दिन भी अभियान चलाया गया। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे रक्षा संपदा के अधिकारी पुलिस बल के साथ सेक्टर नौ स्थित भूमि पर पहुंचे और कार्रवाई की। कार्रवाई में शाम चार बजे तक करीब 250 झुग्गियों को गिरा दिया गया था। रक्षा संपदा के अधिकारी वीके गुप्ता ने बताया कि शाम तक करीब 550 झुग्गियों को गिराकर



सेना की भूमि खाली करने का लक्ष्य है। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध करने की भी कोशिश की। विजयनगर एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने कूड़े में आग लगा दी। पहले तो जेसीबी से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ियों को मौके पर बुलाकर आग पर काबू पाया गया।

## सोसायटी और कॉलोनी में धूमधाम से मनाई गई लोहड़ी

**साहिबाबाद।** टीएचए की सोसायटियों में धूमधाम से लोहड़ी मनाई गई। महिलाओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ गिद्दा करते हुए त्योहार की रौनक बढ़ाई। शाम ढलते ही सोसायटियों के पार्क और कॉमन एरिया में लोगों ने जलती लोहड़ी के चारों तरफ फेरे लेकर मंगलकामना की। सभी लोगों ने लोहड़ी की परिक्रमा करते हुए एक-दूसरे को प्रसाद वितरित किया। खुशहाली के लिए किया जाता है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **कन्हैया, पुत्रः राम अयोध्या महतो, निवासीः झुग्गी, सरिता विहार फ्लाईओवर के नीचे, सरिता विहार, नई दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.278/2014 U/S 20 NDPS ACT** के तहत एक मामला **थाना सरिता विहार, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **कन्हैया** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **कन्हैया** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **कन्हैया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**तरूण सहरावत**
**एएसजे-04/विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस),**
**दक्षिण-पूर्व जिला, कमरा नं. 312,**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**
**DP/16586/SE/2024**



**महत्वपूर्ण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी संख्या 12807/12808 विशाखपट्टणम – हज़रत निज़ामुद्दीन – विशाखपट्टणम समता एक्सप्रेस एवं रेलगाड़ी संख्या 12615/12616 चेन्नै एग्मूर – नई दिल्ली – चेन्नै एग्मूर ग्रांड ट्रन्क एक्सप्रेस का ठहराव **राजा की मंडी** स्टेशन के बजाय **बिल्लोचपुरा** स्टेशन पर प्रदान करने का निर्णय लिया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी नाम | मौजूदा ठहराव | नया ठहराव | समय-सारणी आगमन | समय-सारणी प्रस्थान | प्रभावी तिथि(यां) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|---|---|---|---|
| 12807 विशाखपट्टणम – हज़रत निज़ामुद्दीन समता एक्सप्रेस (सप्ताह में 5 दिन) | राजा की मंडी | बिल्लोचपुरा | 15:14 | 15:16 | 16.03.2025 |
| 12808 हज़रत निज़ामुद्दीन – विशाखपट्टणम समता एक्सप्रेस (सप्ताह में 5 दिन) | | | 08:55 | 08:57 | 15.03.2025 |
| 12615 चेन्नै एग्मूर – नई दिल्ली ग्रांड ट्रन्क एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | | | 02:02 | 02:04 | 16.03.2025 |
| 12616 नई दिल्ली – चेन्नै एग्मूर ग्रांड ट्रन्क एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | | | 18:15 | 18:17 | 14.03.2025 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
156-2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
**सांकेतिक सूचना**

उत्तर रेलवे, निर्माण संगठन के प्रक्रियाधीन प्रोजेक्ट, जिसमें कि भूमि अधिग्रहण संबंधी मामला सम्मिलित है, में कार्य की आवश्यकता हेतु **हरियाणा राज्य सरकार** के राजस्व विभाग से सेवानिवृत्त एक कर्मचारी की अनुबन्ध के आधार पर पुनः-तैनाती (Re-engagement) का प्रकरण।

| | |
|---|---|
| 1. | **पोजीशन का नाम :** अनुबन्ध के आधार पर उत्तर रेलवे, निर्माण संगठन के प्रक्रियाधीन प्रोजेक्ट, जिसमें कि भूमि अधिग्रहण संबंधी मामला सम्मिलित है, में कार्य की आवश्यकता हेतु **हरियाणा राज्य सरकार** के राजस्व विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनः-तैनाती (Re-engagement) |
| 2. | **कुल स्थान/पोजीशन :** 01 (एक) |
| 3. | **आवेदन भेजने का पता :** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली-110006 |
| 4. | **आवेदन की अंतिम तिथि :** समाचार पत्र में प्रकाशित होने से 2 सप्ताह के भीतर तक |
| 5. | **साक्षात्कार की तिथि :** आवेदन जमा किए जाने की अंतिम तिथि से 2 दिन बाद के कार्यदिवस पर |

**नोटः** अन्य विस्तृत सूचना तथा विवरण की जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए उत्तर रेलवे की वेबसाईट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर जाएँ।

इस QR Code को एण्ड्रोइट/आई-ओएस (iOS) मोबाइल फोन से स्कैन करके भी विवरण व प्रपत्र देख सकते हैं

**सं.: 940-ई/1/नि./पुनःनियुक्ति/से.नि. राज्य सरकार कर्मचारी/राजस्व/2024**
**दिनांक: 13.01.2025** **140/2025**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंड्ल अभियंता/IV, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e- निविदाए आमन्त्रित की जाती है

| क्र. सं. | NIT No. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 29 | विभिन्न स्टेशनों अर्थात गाजियाबाद, लखनऊ और अन्य स्थानों से दिल्ली मंडल में कहीं भी और डेन/ट्रैक के अंतर्गत सएसई/पी.वे/टीडी/एसएसबी के सेक्शन में ट्रैक डिपो शकूरबस्ती में पी.वे सामग्री की लोडिंग, अनलोडिंग और स्टैकिंग का नेतृत्व करना। (सभी लीड और लिफ्ट, जीएसटी, कर आदि सहित, इसलिए जो भी मामला हो, कुछ भी अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा। | रु. 1,68,08,373.75 | रु. 2,34,100 | 12- माह | 04.02.2025 |

सुचनाः निविदा रेलवे की वैबसाइट 'www.ireps.gov.in' पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 04.02.2025 15:00 बजे तक ही भरी जायगी.
पत्र सं.-128-ड्ब्ल्यु/व.म.अधि./ सं/ निविदा-29-24-25-ड्ब्ल्यु सी दिनांक- 13.01.2025 149/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# मतदाता किसी भी हालत में अपना वोट बेचें नहीं : केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को दिल्ली के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी हालत में अपना वोट बेचें नहीं। केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में भाजपा के नेताओं पर नकदी और आभूषण आदि बांटकर दिल्ली के मतदाताओं के वोट खरीदने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ह्रहमें पता चला है कि उन्होंने (भाजपा) अब जनता को सोने की चेन बांटना शुरू कर दिया है। उन्होंने दो कॉलोनियों में ऐसा किया है। उनके नेता खुलेआम कह रहे हैं कि वे दिल्ली के लोगों के वोट खरीद लेंगे। इसलिए उनके नेताओं को बताना चाहिए कि जनता का पैसा, साड़ियां, कंबल और अन्य सामान कहां गए। जनता उनसे पूछ रही है ह्व
उन्होंने कहा कि भाजपा के पास दिल्ली के विकास के लिए कोई विजन नहीं है। पार्टी के पास मुख्यमंत्री का चेहरा भी नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा वाले खुलेआम कह रहे हैं हम तो पैसे फेंक कर दिल्ली की जनता को खरीद लेंगे। दिल्ली वालों, इनको बता दो कि दिल्ली वाले बिकाऊ नहीं हैं। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि पैसे, जैकेट, कंबल आदि कीमती उपहार ले लें लेकिन अपना वोट उन्हें मत देना।उन्होंने कहा कि आपका वोट बेशकीमती है। आपका वोट आपका, आपके बच्चों का और देश का भविष्य तय करता है। किसी को भी वोट दे देना लेकिन वोट खरीदने वाले को वोट मत देना। वक्त आ गया है इन बेईमानों को ये बताने का कि दिल्ली की जनता बिकाऊ नहीं है। इस देश का लोकतंत्र बिकाऊ नहीं है। केजरीवाल ने लोगों से अपील की कि अगर कोई आआपा उम्मीदवार भी वोट के लिए पैसे बांटता हुआ पाया जाए तो उसे वोट नहीं दें। केजरीवाल कहा, हम यहां चुनाव जीतने या हारने के लिए नहीं हैं; हम देश बदलने के लिए हैं।




## सीएम आतिशी ने कालकाजी विधानसभा सीट से किया नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को कालकाजी विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने कहा, "मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर अरविंद केजरीवाल की ईमानदार राजनीति को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ, मैंने कालकाजी से अपना नामांकन दाखिल किया। पिछले पांच वर्षों में कालकाजी के लोगों का मुझे बहुत प्यार मिला है। मुझे विश्वास है कि इस चुनाव में भी उनका आशीर्वाद मिलेगा।" नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद मीडिया से बात करते हुए आतिशी ने कहा, "इस मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मैंने कालकाजी विधानसभा से अपना नामांकन दाखिल किया है। मुझे पूरा विश्वास है कि जिस तरह पिछले पांच वर्षों में कालकाजी के बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों से मुझे बहुत स्नेह और समर्थन मिला है, उसी तरह आगामी चुनाव में भी मुझे यहां के लोगों का आशीर्वाद मिलेगा।" आतिशी ने कहा, "यह सोचने वाली बात है कि ऐसा कैसे होता है कि जब कांग्रेस के प्रत्याशी संदीप दीक्षित अरविंद केजरीवाल के खिलाफ शिकायत करने के लिए एलजी के पास जाते हैं।

## हत्या के मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में सोमवार रात झगड़े का बदला लेने के लिए चार युवकों ने एक युवक की ईंट व पत्थरों से हमाल कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान दीन दयाल उर्फ पवन यादव (26) के रूप में हुई है। सोमवार देर रात पेपर मार्केट में पवन जख्मी हालत में मिला था। एलबीएस अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। मंगलवार सुबह पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों ने खुलासा किया है कि उन्होंने झगड़े का बदला लेने के लिए वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने वारदात के समय पहने कपड़े और हत्या में इस्तेमाल पत्थरों को बरामद कर लिया है।

# हाईकोर्ट में अब सीएजी रखेगा अपना पक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली विधानसभा में सीएजी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देने की भाजपा विधायकों की मांग पर सीएजी से अपना पक्ष रखने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 24 जनवरी को होगी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने सीएजी रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग करते हुए कहा कि अगर सरकार विधानसभा में सीएजी रिपोर्ट किसी वजह से पेश नहीं कर पा रही है तो उसे सार्वजनिक किया जाए। उसके बाद हाई कोर्ट ने बिना कोई नोटिस जारी किए सीएजी से उसका पक्ष पूछा। 15 जनवरी को सुनवाई के दौरान सीएजी रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर रखने में देरी करने पर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता भाजपा विधायकों की ओर से पेश वरिष्ठ




वकील महेश जेठमलानी ने कहा था कि कोर्ट स्पीकर को विधानसभा का सत्र बुलाने का निर्देश दे सकती है। तब कोर्ट ने कहा था कि इस मामले में सवाल ये है कि क्या कोर्ट अपनी ओर से स्पीकर को विशेष सत्र बुलाने का निर्देश दे सकती है। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राहुल मेहरा ने कहा था कि हाई कोर्ट की टिप्पणी के बाद एक राष्ट्रीय पार्टी ने प्रेस कांफ्रेंस की। क्या कोर्ट इस केस में राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं हो रहा है। तब अदालत ने कहा था कि वो राजनीति में नहीं पड़ना चाहती है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा था कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि आप सीएजी की रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर रखने में देरी कर रहे हैं। आपको सीएजी रिपोर्ट तुरंत विधानसभा के स्पीकर को भेजनी चाहिए थी ताकि इस पर विधानसभा में चर्चा हो सके। हाई कोर्ट ने 24 दिसंबर 2024 को दिल्ली सरकार और दिल्ली के उपराज्यपाल को नोटिस जारी किया था। याचिका में दिल्ली सरकार को सीएजी की 14 रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर रखने का आदेश देने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि हाई कोर्ट में आश्वासन के बावजूद एक सप्ताह बाद भी दिल्ली सरकार ने विधानसभा के पटल पर सीएजी की रिपोर्ट सदन में नहीं रखी है। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली हाई कोर्ट में 16

**परामर्श**

**इस मामले में सवाल ये है कि क्या कोर्ट अपनी ओर से स्पीकर को विशेष सत्र बुलाने का निर्देश दे सकती है**

# डाबरी वार्ड से भाजपा की पूर्व पार्षद समेत कई नेता आप में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मंगलवार को डाबरी वार्ड से भाजपा की पूर्व पार्षद और नजफगढ़ जिला की उपाध्यक्ष रेखा विनय चौहान आम आदमी पार्टी में शामिल हो गईं। उनके साथ 2020 में भाजपा से पार्षद प्रत्याशी रहे विनय चौहान और आदर्श नगर वार्ड-15 से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे वीरेंद्र गोयल समेत कई नेताओं ने भी आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सभी को पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी का परिवार लगातार मजबूत होता जा रहा है। अलग-अलग पार्टियों के अच्छे लोग काम की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए लगातार आम आदमी पार्टी परिवार से जुड़ रहे हैं।



# स्कूलों को धमकी में एनजीओ का नाम आने पर भाजपा ने आप को घेरा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। भारतीय** जनता पार्टी ने दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की मिल रही धमकियों के तार एनजीओ से जुड़ने पर आम आदमी पार्टी (आआपा) से स्पष्टीकरण मांगा है। एनजीओ ने अफजल गुरु को बचाने के पक्ष में कैंपेन चलाया था जिसको मुद्दा बनाकर भाजपा आआपा पर निशाना साध रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी और प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को एक पत्रकार वार्ता में दिल्ली पुलिस के खुलासे पर आआपा पर निशाना साधा। त्रिवेदी का कहना है कि अपने आंदोलन काल से ही अरविंद केजरीवाल और उनके साथी नेताओं के तार कई एनजीओ से जुड़े हुए हैं। दिल्ली पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि करीब 400 स्कूलों को धमकी भरे खत भेजने वाले किशोर के अभिभावक एनजीओ से जुड़े हैं। यह एनजीओ अफजल गुरु को फांसी दिए जाने का विरोध कर चुके हैं। सुधांशु ने शंका जताते हुए कहा कि यह दिल्ली में चुनावों से पहले भय का वातावरण तैयार कर राजनीति करने की साजिश हो सकती है। आम आदमी पार्टी का भी कुछ अवांछित एनजीओ से संबंध रहा है और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के माता-पिता भी अफजल गुरु को बचाने की गुहार लगा चुके हैं।
त्रिवेदी ने कहा कि आआपा को स्पष्ट करना चाहिए कि उनका बच्चों के अभिभावकों और एनजीओ से क्या संबंध है। इसके साथ ही यह एक और इशारा कर रहा है कि कैसे देश के नौनिहालों के मन में जहर भरने की कोशिश की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम में कहीं ना कहीं तार अरविंद केजरीवाल और आतिशी से जुड़ते नजर आ रहे हैं। केजरीवाल दिल्ली के ही नहीं बल्कि देश के भी दुश्मन हैं।

**साधा निशाना**

**अपने आंदोलन काल से ही केजरीवाल और उनके साथी नेताओं के तार कई एनजीओ से जुड़े हुए हैं**

# थोक महंगाई दर दिसंबर महीने में बढ़कर 2.37 फीसदी पर आई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे पर आम जनता को झटका लगने वाली खबर है। दिसंबर महीने में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई दर बढ़कर 2.37 फीसदी पर आ गई है। इससे पहले नवंबर महीने में थोक महंगाई दर 1.89 फीसदी पर थी, जबकि अक्टूबर में यह 2.36 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि प्याज, आलू, अंडे, मांस-मछली और फलों की थोक में कीमतें बढ़ने की वजह से डब्ल्यूपीआई पर आधारित थोक महंगाई दर दिसंबर में बढ़कर 2.37 फीसदी पर पहुंच गई है। डब्ल्यूपीआई आधारित महंगाई दर नवंबर 2024 में 1.89 फीसदी थी, जबकि दिसंबर, 2023 में यह 0.86 फीसदी रही थी। खाद्य वस्तुओं की महंगाई दिसंबर, 2024 में घटकर 8.47 फीसदी रह गई, जबकि नवंबर में यह 8.63 फीसदी थी। सब्जियों की महंगाई नवंबर में 28.57 फीसदी के मुकाबले दिसंबर में 28.65 फीसदी रही। आलू की महंगाई 93.20 फीसदी के उच्चतम स्तर पर बनी रही, जबकि प्याज की महंगाई दिसंबर में बढ़कर 16.81 फीसदी हो गई। मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक खाद्य पदार्थों में अनाज, दालें, गेहूं की महंगाई दिसंबर में कम हुई है। इसी तरह ईंधन और बिजली की महंगाई दिसंबर में घटकर 3.79 फीसदी हो गई, जो नवंबर में 5.83 फीसदी थी।

# आचार संहिता उल्लंघन के लिए इंजीनियर के खिलाफ मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कालकाजी में मुख्यमंत्री आतिशी से संबंधित सरकारी वाहन में चुनाव संबंधी सामग्री ले जाने के लिए पीडब्ल्यूडी के एक कार्यकारी इंजीनियर के खिलाफ रिटर्निंग ऑफिसर ने एफआईआर दर्ज कराई है। रिटर्निंग ऑफिसर ने पुलिस को दक्षिण-पूर्व डिवीजनल एग्जीक्यूटिव इंजीनियर संजय कुमार के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस मामले में पीडब्ल्यूडी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर संजय कुमार के खिलाफ गोविंदपुरी थाना पुलिस में एफआईआर दर्ज की गई है। रिटर्निंग ऑफिसर ने शिकायत में उल्लेख किया है कि 7 जनवरी को दिल्ली चुनाव की घोषणा के बाद, एक पीडब्ल्यूडी सरकारी वाहन का इस्तेमाल कथित तौर पर आआपा के चुनाव कार्यालय में प्रचार सामग्री पहुंचाने के लिए किया गया था। वहीं कालकाजी निवासी केएस दुग्गल ने इस मामले में गोविंदपुरी एसएचओ के पास एक अलग शिकायत दर्ज कराई है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने अपने खिलाफ कथित तौर पर राजनीतिक उद्देश्यों के लिए सरकारी वाहन का इस्तेमाल करने और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने की शिकायत पर दिल्ली पुलिस पर निशाना साधा और पूछा कि वे किसका पक्ष ले रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग के अधिकारियों पर भी सवाल उठाए और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद जताई। वहीं इस पूरे मामले पर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, ह्रपुलिस इनकी, मनमानी इनकी, एफआईआर इनकी। इसीलिए भाजपा के नेता द्वारा खुलेआम, कैश, कंबल, साड़ी बांटने पर, फर्जी वोट बनवाकर कानून की धज्जियां उड़ाने पर कोई एफआईआर नहीं, और सीएम के खिलाफ एफआईआर? हम भाजपा की ऐसी गीदड़ धमकियों से डरने वाले नहीं।




**प्रचार सामग्री**

**वाहन का इस्तेमाल कथित तौर पर आआपा के चुनाव कार्यालय में प्रचार सामग्री पहुंचाने के लिए किया गया था**

# आदर्श नगर में कांग्रेस-भाजपा को बड़ा झटका, कई नामचीन हस्तियां 'आप' में हुई शामिल

- निगम चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे वीरेंद्र गोयल ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा
- मास्टर जय किशन गोयल ने कांग्रेस को कहा अलविदा, 'आप' का मनोबल हाई







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली में सियासी पारा हाई है। पार्टियों और प्रत्याशियों के बीच बयानबाजी का दौर जारी है। वहीं, दूसरे दलों के नेता जहां दल बदल रहे हैं वहीं सामाजिक हस्तियां भी पार्टियों का हिस्सा बन रहीं हैं। इसी कड़ी में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा-कांग्रेस के कई नेताओं ने पूर्व मुख्यमत्री अरविंद केजरीवाल के घर पर आम आदमी पार्टी का दामन थामा। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल भी मौजूद रहे।

**पूर्व निगम प्रत्याशी ने थामा 'आप' का दामनः** निगम चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे वीरेंद्र गोयल ने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। अरविंद केजरीवाल ने खुद उन्हें पटका पहनाकर पार्टी में शामिल करवाया। आपको बता दें कि वीरेंद्र गोयल आदर्श नगर रामलीला कमिटी के प्रधान भी हैं। इनके साथ ही लंबे समय तक कांग्रेस से जुड़े रहे मास्टर जय किशन गोयल ने भी केजरीवाल की मौजूदगी में झाड़ू का समर्थन करने का निर्णय ले लिया है।

**कई सामाजिक हस्तियों ने थामा आप का दामनः** मजलिस पार्क राम मंदिर के प्रधान और आरडब्ल्यूए के उपाध्यक्ष नरेश टंडन ने भी आम आदमी पार्टी जॉइन कर ली है। इस दौरान आदर्श नगर रामलीला कमिटी के महासचिव तरुण गुप्ता ने भी पार्टी जॉइन कर ली है। इनके अलावा अर्जुन गुजराती भी मौजूद रहे। इनके जाने से बीजेपी को भी बड़ा नुकसान हो सकता है।

**क्या बोले वीरेंद्र गोयलः** इस मौके पर वीरेंद्र गोयल ने कहा कि आम आदमी पार्टी समाज के सभी तबकों को साथ लेकर चलती है। वीरेंद्र गोयल ने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल समाज को एक साथ लेकर चलने वाले जननेता हैं। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में कई अनगिनत विकास कार्य करवाएं हैं। यहीं कारण है कि आज अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी और प्रत्याशियों का मनोबल बढ़ाने के लिए दूसरे दलों के नेता आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे।







**मास्टर जय किशन गोयल ने थामा झाड़ूः** कई वर्षों तक कांग्रेस की नीतियों को आगे बढ़ाने वाले मास्टर जय किशन गोयल ने भी कांग्रेस को अलविदा कह दिया है। मास्टर जय किशन गोयल ने आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में आप का दामन थामा। काबिलेगौर है कि पिछले कुछ समय में कई नामचीन हस्तियों ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा है। इनमें कुछ लोग भाजपा समर्थित थे, तो कुछ कांग्रेस समर्थित। जिस तरह से एक के बाद एक जॉइनिंग हो रही है। उससे आप कार्यकताओं का मनोबल शीर्ष पर है। वहीं, आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल भी सभी को साथ लेकर चल रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### पेपरवर्ल्ड इंडिया और कॉर्पोरेट गिफ्ट्स शो का आयोजन 23 से 25 जनवरी 2025 होगा



**नई दिल्ली।** पेपरवर्ल्ड इंडिया का संस्करण, कॉरपोरेट गिफ्ट्स शो के साथ, भारत के जीवंत व्यापार केंद्र मुंबई में बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र में 23 से 25 जनवरी 2025 तक आयोजित होने वाला है। ये दोनों कार्यक्रम कार्यालय, कला और शिल्प आपूर्ति के लिए शीर्ष-गुणवत्ता और ट्रेंडसेटिंग स्टेशनरी की खोज के लिए सबसे प्रतीक्षित मंच हैं, साथ ही रोमांचक कॉर्पोरेट, मौसमी और त्यौहारी उपहारों के साथ-साथ अनुकूलित उपहार समाधान भी हैं। शो में आगंतुकों को 350 से अधिक प्रदर्शकों के आकर्षक नवाचारों, उत्पादों के साथ-साथ तकनीकी समाधान देखने का मौका मिलेगा। इस साल, पेपरवर्ल्ड इंडिया ने शैक्षिक खिलौने, कागज और कागज उत्पादों जैसे क्षेत्रों से बढ़ती भागीदारी देखी है, जिसमें टिकाऊ कागज ब्रांड शामिल हैं। इसी तरह, कॉरपोरेट गिफ्ट शो फार्मा पैकेजिंग और गिफ्टिंग, कस्टमाइज्ड गिफ्टिंग ब्रांड और बैग और परिधान जैसे क्षेत्रों में वृद्धि का अनुभव कर रहा है। पेपरवर्ल्ड इंडिया रचनात्मक सामग्री, कागज के उत्पाद और ग्रीन स्टेशनरी से लेकर स्कूल, स्टेशनरी और कार्यालय की आपूर्ति, डिजिटल शिक्षण और शिक्षण सहायक सामग्री से लेकर कक्षा के सामान तक के समाधान प्रस्तुत करेगा। आगंतुक प्रकाशकों और संघों और कई अन्य लोगों से मिलने के लिए उत्सुक हो सकते हैं। सह-स्थित एक्सपो - कॉर्पोरेट उपहार शो किमिरिका, लोयका, नसीम परफ्यूम्स, सफायर चॉकलेट और अन्य जैसे ब्रांडों के अनुकूलित और प्रीमियम उपहार उत्पादों को प्रस्तुत करेगा, साथ ही विज्ञापन और प्रचार उपहार, मौसमी और त्यौहारी उपहार, स्वास्थ्य और कल्याण उपहार, घर की सजावट और कपड़ा उपहार, परिधान और सहायक उपकरण, कला और शिल्प उत्पाद, बैग और सामान, कन्फेक्शनरी और कई अन्य ब्रांडों के विभिन्न ब्रांड भी प्रस्तुत करेंगे।

मेसे फ्रैंकफर्ट एशिया होल्डिंग्स लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और बोर्ड सदस्य श्री राज मानेक ने उत्साहपूर्वक टिप्पणी कीः "कॉर्पोरेट गिफ्ट शो के साथ सह-स्थित पेपरवर्ल्ड इंडिया का आगामी संस्करण उद्योग को आकार देने वाले नवीनतम रुझानों पर प्रकाश डालेगा। दोनों शो सेगमेंट बहुत गतिशील हैं और इस वर्ष प्रदर्शक अपने उद्योगों में उभरते उत्पाद रुझान प्रस्तुत करेंगे। पेपरवर्ल्ड इंडिया में भाग लेने वाले कुछ उल्लेखनीय ब्रांडों में एल्कोस पेन्स लिमिटेड, फ्लेयर राइटिंग इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान पेंसिल्स, इंड्यूश इंडस्ट्रीज, कैनिन इंडस्ट्रीज, केजीओसी ग्लोबल एलएलपी (कंगारो), लिंक लिमिटेड, लक्सर राइटिंग इंस्ट्रूमेंट, ऋषभ इंडस्ट्रीज (शेप्स) और साहित्य भवन प्रकाशन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कॉरपोरेट गिफ्ट शो में ब्राउनवॉल रुचॉक्स, हॉकिन्स, इडमा ज़िरी, मेडिका प्रेस लिमिटेड, मोबिटेक इंडस्ट्रीज, स्की प्लास्टोवेयर, स्विस मिलिट्री, टीआरआरयूयू ग्लोबल ब्रांड्स, यूएमए इम्पैक्ट और वेलस्पन शामिल होंगे।

# मकर सक्रांति प्राकृतिक परिवर्तन का पर्व : राजीव जैन

## मकर संक्रांति पर्व का पौराणिक महत्व भी है इस दिन भीष्म पितामह ने अपनी देह का त्याग किया था

**सकारात्मक**

**▶▶ इस पर्व को मनाने एवं सूर्यदेव की पूजा करने से यह भाव जगाता है कि यह दीन हीन अवस्था नहीं रहने वाली**





**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने मकर सक्रांति के पर्व की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व हमारे नीरस जीवन में रस, सकारात्मक सोच, नई ऊर्जा एवं जोश से भर देता है जो जीवन में आगे बढ़ने की ताकत एवं शक्ति देने में सहायक सिद्ध होता है। राजीव जैन ने मंगलवार को शनि मंदिर में आयोजित हवन यज्ञ में भाग लिया एवं भगवान शनिदेव की पूजा अर्चना करने के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मकर सक्रांति प्राकृतिक परिवर्तन का पर्व है जो हमें जीवन में आशावाद का पाठ सिखाता है और सोए हुए आत्म विश्वास को जगाता है। उन्होंने कहा कि कभी कभी हमारे जीवन में स्थिलता आ जाती है, हम निरुत्साहित हो जाते हैं परंतु इस पर्व को मनाने एवं सूर्यदेव की पूजा करने से यह भाव जगाता है कि यह दीन हीन अवस्था हमेशा नहीं रहने वाली और उठ खड़े होकर जीवन की नई शुरूआत की जाए। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति पर्व का पौराणिक महत्व भी है इस दिन भीष्म पितामह ने अपनी देह का त्याग किया था तथा गंगा जी भी इसी दिन भागीरथ के पीछे चलकर सागर में मिली थी इसलिए सक्रांति के अवसर पर नदियों में स्नान का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम की विदाई के लिए गरीब निर्धनों को गर्म वस्त्र, जूते आदि दान करने की भी परंपरा है। पर्व हमारी संस्कृति के प्रतीक हैं और आपस में भाईचारा, प्यार, प्रेम को बनाए रखने में मदद करते हैं। राजीव जैन ने इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा लगाए गए खिचड़ी के अनेक भंडारों में भी शिरकत की। कार्यक्रम में पंडित लक्ष्मण, पंडित धर्मचंद, कालूराम, हीरालाल, राजन फौजी, जगदीश कुमार, नरेन्द्र कुमार, संदीप कुमार समेत अनेक भक्त उपस्थित रहे।

# लोगों की समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** डीसी पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन मे समाधान शिविर का आयोजन उनके कार्यालय के सभागार मे किया गया। इस दौरान समाधान शिविर में अपनी-अपनी समस्याएं लेकर आए लोगो की समस्याओं को एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार ने सुना और उन्होंने अधिकांश लोगो की शिकायतों का सम्बंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समाधान करवाया।
इस दौरान उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि डीसी पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन मे जिलास्तर व उपमण्डल स्तर पर लोगों की समस्याओ का त्वरित समाधान करने के उदेश्य से प्रत्येक कार्यदिवस मे सुबह 10 बजें से दोपहर 12 बजें तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है। अहम पहलु यह हैं कि मुख्यमंत्री द्वारा वीसी के माध्यम से समाधान शिविरों मोनिटरिंग भी की जा रहीं है। बतां दे कि सोमवार को जिलास्तरीय समाधान शिविर मे कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवा दिया गया और शेष 1 शिकायत का सम्बंधित विभाग के अधिकारी को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उदेश्य से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमे विभिन्न विभागों के अधिकारी एक छत के नीचे बैठ कर लोगो की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाता है। अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें।

# सुरिन्द्र चनालिया बने अखिल भारतीय बाल्मिकी युवक संघ के प्रदेशाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। अखिल भारतीय बाल्मिकी युवक संघ** ने सुरिन्द्र चनालिया मैनमती (जिला करनाल) को हरियाणा राज्य के लिए अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर सुरिन्द्र चनालिया मैनमती ने संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मवीर और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रणजीत सिंह चंदेलिया का धन्यवाद व्यक्त किया है। सुरिन्द्र चनालिया मैनमती ने कहा कि संघ की ओर से मुझ पर जो विश्वास करके संगठन को मजबूत करने का भरोसा किया है, उस पर मैं पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करते हुए खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं अपने पद की गरिमा में रहते हुए संगठन का विस्तार करूंगा।



# सिम्बायोसिस इंटरनेशनल ने अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**मान्यता प्राप्त**

**▶▶ उम्मीदवार 12 अप्रैल 2025 तक ऑफिशियल पोर्टल के जरिए अपना आवेदन जमा कर सकते हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल ।** अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थान सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) (एसआईयू) ने सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्जाम 2025 के माध्यम से अपने अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उम्मीदवार 12 अप्रैल 2025 तक ऑफिशियल पोर्टल के जरिए अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

इस टेस्ट में उम्मीदवारों को दो मौके मिलते हैं, जिसमें उनके सर्वश्रेष्ठ स्कोर को वैद्य माना जाता है। प्रवेश परीक्षा 5 मई 2025 और 11 मई 2025 को होगी, परिणामों की घोषणा 22 मई 2025 को की जाएगी। सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्जाम एक घण्टे की कम्प्यूटर-आधारित प्रवेश परीक्षा है जो विभिन्न विषयों में छात्रों के एप्टीट्यूड का मूल्यांकन करती है। हर परीक्षा में उम्मीदवारों को दो अटेम्प्ट मिलते हैं। भारत के 80 शहरों में आयोजित होने वाली यह परीक्षा बड़ी संख्या में छात्रों के लिए सुलभ है।

सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट में जनरल इंग्लिश, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड, जनरल अवेयरनैस और एनालिटिकल एवं लॉजिकल रीजनिंग का मूल्यांकन किया जाता है। वहीं एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्जाम परीक्षा इंजीनियरिंग के उम्मीदवारों के लिए है जो फिजिक्स, कैमिस्ट्री और मैथेमेटिक्स में छात्रों की क्षमता का मूल्यांकन करती है। सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट 2025 के लिए जरूरी है कि छात्र ने बारहवीं या समकक्ष बोर्ड परीक्षा में कम से कम 50 फीसदी अंक या समकक्ष ग्रेड (एससी/एसटी के लिए 45 फीसदी) प्राप्त किए हों। एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्जाम के लिए जरूरी है कि छात्र ने अनिवार्य विषय के रूप में फिजिक्स और मैथेमेटिक्स तथा साथ में एक विषय- कैमिस्ट्री/ कम्प्यूटर साइंस/ इलेक्ट्रोनिक्स/ इनफोर्मेशन टेक्नोलॉजी/ बायोलोजी/ इन्फोर्मेटिक्स प्रेक्टिसेज/ बायोटेक्नोलॉजी/ टेकनिकल वोकेशनल विषय/ एग्रीकल्चर/ इंजीनियरिंग ग्राफिक्स/ बिजनेस स्टडीज/ एंटरेप्रेन्योरशिप में 10 प्लस 2 परीक्षा कम से कम 45 फीसदी अंकों के साथ पास की हो। (एससी/एसटी के लिए 40 फीसदी)। अथवा डी. वॉक या संबंधित सेक्टर में परीक्षा पास की हो।

# आरटीए द्वारा वाहनों पर स्टीकर लगाकर लोगों को किया जागरूक



**सेफ्टी फर्स्ट**

**▶▶ सावधानी रखने से वाहन चालक न केवल स्वयं बल्कि अन्य लोगों को भी सुरक्षित रख सकता है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** नेशनल रोड सेफ्टी माह के तहत आरटीए अम्बाला सुशील कुमार की अध्यक्षता में विशेष अभियान चलाते हुए छोटे वाहनों जैसे छोटा हाथी, ऑटो रिक्शा व अन्य पर रिफ्लेटर टेप व स्टीकर लगाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना बारे जागरूक किया गया। इस मौके पर आरटीए सुशील कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय अम्बाला द्वारा नेशनल रोड सेफ्टी के तहत विशेष अभियान चलाया गया हैं और इस अभियान के तहत छोटे वाहनों व अन्य पर रिफ्लेक्टर टेप लगाते हुए सभी को जागरूक किया गया हैं। वहीं दोपहिया वाहन चालकों से भी अपील है कि वे भी हैल्मेट पहनकर वाहन चलाए, शराब पीकर, वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग न करें, रोंग साईड वाहन न चलाए, सीट बैल्ट का प्रयोग करें, स्पीट लिमिट पर ही वाहन चलाए, ऐसे नियमों की पालना करके जहां हम सडक दुर्घटना से बचते हुए अपने जीवन को व अन्य के जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इससे पहले भी कोहरे को ध्यान में रखते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों व अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाई गई है। उन्होंने कहा कि धुंध व कोहरे के मौसम में सफर के दौरान सावधानी रखने से वाहन चालक न केवल स्वयं बल्कि अन्य लोगों को भी सुरक्षित रख सकता है।

# यातायात पुलिस ने टी प्वाइंट पर जागरूकता अभियान चलाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** यातायात पुलिस ने कनीना में रेवाड़ी टी प्वाइंट पर जागरूकता अभियान चलाया, वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप चिपकाए और वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया।
कनीना। यातायात पुलिस द्वारा मंगलवार को कनीना में रेवाड़ी टी प्वाइंट पर जागरूकता अभियान चलाया गया और वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप चिपकाए गए। इस दौरान यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले लोगों को गुलाब का फूल देकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया, साथ ही यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार ने कहा कि पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता माह मनाया जा रहा है, इस दौरान लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले चालकों को फूल देकर जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर चालान की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों को नाबालिग बच्चों को बाइक व स्कूटी नहीं देने की अपील की। ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि अपनी सुरक्षा के लिए दोपहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग करें।
ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों के बारे कनीना में रेवाड़ी टी प्वाइंट पर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप भी चिपकाए गए। ट्रैफिक थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निदेर्शानुसार महेंद्रगढ़ पुलिस यातायात नियमों के बारे में जागरूकता प्रोग्राम चला रही है।

# मोटरसाईकिल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्ग-निर्देश में एंटी वहीकल थेफ़्ट की टीम ने मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोप मे हरजीत सिंह पुत्र कर्म सिंह वासी शाहबाद कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से चोरीशुदा 2 मोटरसाईकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है। 22 जुलाई 2024 को थाना कृष्णा गेट में दी अपनी शिकायत में कुरुक्षेत्र वासी एक महिला ने बताया कि 17 जुलाई 2024 को सायं करीब 5 बजे उसका लडका रंजन अपनी मोटरसाईकिल नम्बर एचआर-07-एसी-0681 लेकर पटियाला बैंक कॉलोनी में घर का सामान लेने गया था।

# समाधान शिविर, प्रशासन और जनता के बीच मजबूत संवाद का प्रतीक-डीसी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। प्रदेश सरकार के दिशा-**निर्देशन में जन सेवा को समर्पित समाधान शिविर का जिले में प्रत्येक कार्य दिवस पर आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए उन्हें राहत प्रदान की जा रही है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में जिला प्रशासन की ओर से मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में महेंद्रगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से आए 27 नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि यह शिविर न केवल शिकायतों के प्रभावी समाधान का माध्यम है, बल्कि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और सहभागिता को बढ़ावा देने का एक प्रभावी प्रयास है। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय के अलावा उपमंडल स्तर पर लघु सचिवालयों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें संबंधित एसडीएम द्वारा आमजन की समस्याओं का समाधान किया जाता है। डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि समाधान शिविर न केवल समस्याओं के निवारण का माध्यम है, बल्कि यह प्रशासन और जनता के बीच मजबूत संवाद का प्रतीक भी है। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को उसकी समस्या का समाधान सरल और सुलभ तरीके से मिले। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में नागरिकों की भागीदारी ने इसे सफल बनाया है। उन्होंने जिला वासियों से अपील की है कि वे समाधान शिविर के आयोजन का लाभ उठाएं। प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आयोजित हो रहे समाधान शिविर का यह प्रयास जिले में सकारात्मक बदलाव और प्रशासनिक कुशलता का एक बेहतरीन उदाहरण है।

# 'मकर संक्रान्ति' पर सभी का जीवन प्रकाशमान हों: पवन मित्तल



**सेवा कार्य**

**▶▶ ब्रम्हासरोवर के पवित्र स्थान पर ब्रैड पकौड़े चाय वह डाबर रियल जूस के विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।**

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र ,**
**आज** सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में ब्रम्हासरोवर के पवित्र स्थान पर ब्रैड पकौड़े चाय वह डाबर रियल जूस के विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल द्वारा की गई । उन्होने सभी देशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सूर्य देव के उत्तरायण होने पर उजाले में वृद्धि के प्रतीक पर्व "मकर संक्रान्ति" पर सभी का जीवन प्रकाशमान हों।जैसे मकर राशि में सूर्य का तेज बढ़ता है,उसी तरह आपके स्वास्थ्य और समृद्धि की शुभेच्छाओ के साथ आपको व आपके परिवार को मकर सक्रांति पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ। इस शुभ अवसर पर अपनी को-स्पोंसर डाबर के सहयोग से रियल जूस वह ब्रैड पकौड़े का विशाल भंडारा लगाया गया। जहा पर आने जाने वाले सभी राहगीर वह साधू संतों मे रियल जूस, ब्रैड पकौड़े वितरित किए गए । इस अवसर पर खंड थानेसर के कोऑर्डिनेटर राजेश सैन वह सुमन्त सैनी ने कहा कि सेवा ट्रस्ट टीम द्वारा हमेशा ही सभी धार्मिक और सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़ कर भाग लिया जाता है व जन कल्याण के बहुत ही सहरानीय कार्य किये जा रहे है।जिला मीडिया प्रभारी विजय पंघाल वं मास्टर दिलबाग ने कहा की मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सभी देशवासियों को बहुत बहुत शुभकामनाएं यह त्योहार आपके जीवन में सुख, शांति, और समृद्धि लेकर आए। सूर्य देव की कृपा से आपके घर में हमेशा उजाला और खुशियां बनी रहें।
योगेश गर्ग वह मास्टर रमेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कड़ी में अब तक संस्था द्वारा स्कूली छात्रों, ब्लड डोनेशन कैम्प, वृद्धाश्रम, स्लम एरिया के लोगों, आशा वर्कर्स, कुष्ठ आश्रम, स्वास्थ्य, सफाई कर्मी व खिलाड़ियो के लिए 1450 से ज्यादा सम्मान समारोह आयोजित कर लगभग 6.50 लाख लोगों को अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया के सौजन्य से डाबर बूस्टर किट वितरित की जा चुकी है। इस मौके पर मास्टर जसबीर राणा, गंगाधर शर्मा, तेजस मित्तल उपस्थित रहे।

# रिलायंस ज्वेल्स ड्रीम डायमंड सेल फिर से लौटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा। भारत के** सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, रिलायंस ज्वेल्स, अपनी बहुप्रतीक्षित वार्षिक ड्रीम डायमंड सेल के साथ वापस आ गया है। यह खास ऑफर ग्राहकों को हीरों की कालातीत चमक का जश्न मनाने का मौका दे रहा है। यह सेल 16 फरवरी 2025 तक चलेगी, जिसमें ग्राहकों को डायमंड वैल्यू और मेकिंग चार्जेस पर 30% तक की छूट मिलेगी। यह अपने ज्वेलरी कलेक्शन में चमचमाते हीरे जोड़ने का एक बेहतरीन अवसर है।
इस साल की ड्रीम डायमंड सेल में हीरे के गहनों की एक विस्तृत रेंज उपलब्ध है, जो हर मौके के लिए उपयुक्त है। चाहे आप अपनी रोजमर्रा की शैली को निखारना चाहते हों या जीवन के अनमोल पलों को यादगार बनाना चाहते हों।
स्टेटमेंट ब्राइडल सेट्स, आकर्षक रिंग्स, नाजुक इयररिंग्स, बहुमुखी कंगन और भव्य नेकलेस तक, रिलायंस ज्वेल्स के पास हर शैली और मौके के लिए कुछ खास है।
ड्रीम डायमंड सेल के बारे में बात करते हुए, रिलायंस ज्वेल्स के सीईओ सुनील नायक ने कहा, "रिलायंस ज्वेल्स में, हम हीरों के शाश्वत आकर्षण और उनसे जुड़े भावनात्मक मूल्यों को समझते हैं। ड्रीम डायमंड सेल को इस तरह से तैयार किया गया है कि ये कीमती रत्न अधिक सुलभ बनें, ताकि ग्राहक अपने प्रिय पलों का जश्न मना सकें या रोजमर्रा की शान को स्थायित्व प्रदान कर सकें। हमारे बेजोड़ ऑफर्स और डायमंड्स के विशाल संग्रह के साथ, हम इस सीजन में खुशी और चमक फैलाने को लेकर उत्साहित हैं।"
ड्रीम डायमंड सेल कैंपेन महिलाओं और हीरों के बीच गहरे, कालातीत संबंध को मनाता है, इन रत्नों से जुड़े गहरे भावनात्मक पहलुओं पर जोर देता है।

# प्रदेश सरकार गौशालाओं के उत्थान को लेकर कटिबद्ध: कृष्ण लाल पवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
हरियाणा के विकास पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने नौल्था व शाहपुर में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार गौशालाओं के उत्थान को लेकर कटिबद्ध है। गौशालाओं के लिए जो बजट निर्धारित किया गया था उसे 48 करोड़ से बढ़कर 510 करोड़ रुपए कर दिया गया है। प्रदेश की 6208 गौशालाओं में 216 करोड़ की किस्त भी जारी कर दी गई है। मंत्री ने शाहपुर व नौल्था में गौशाला के उत्थान को लेकर 11झ11 लाख रुपए की



मदद करने की घोषणा भी की । उन्होंने बाबा लाठे वाला के लिए 5 लाख रुपए का अनुदान अलग से देने की भी घोषणा की। गौशाला में पहुंचने पर मंत्री का गौशाला कमेटी द्वारा पगड़ी पहनकर जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया गया। मंत्री ने ग्रामीणों को पंचकूला में होने वाले ब्लॉक समिति व जिला परिषद के चेयरमनों के सम्मेलन के लिए भी आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सिंह बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। विकास पंचायत एवं खनन मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गौशाला आयोग का गठन किया गया ।यह सरकार की बड़ी उपलब्धि है। मंत्री ने कहा कि गौशालाओं के मूत्र को उपयोग में लाया जा रहा है इसको लेकर पिंजौर व फरीदाबाद में संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। यमुनानगर व हिसार में गोबर के संयंत्र लगाए गए हैं ताकि प्रोमो खाद तैयार किया जा सके व किसानों को सीधे तौर पर लाभ पहुंच सके। मंत्री ने कहा कि प्रदेश की गौशालाओ में साढे चार लाख गौ माता व नंदी हैं। गौशालाओं में सरकार द्वारा विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रही है। गौशालाओं में लगाए जा रहे सोलर सिस्टम पर 90% सब्सिडी का प्रावधान राज्य सरकार द्वारा किया गया है। सरकार गौशालाओं को मूल भूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयास कर रही है। विकास पंचायत एवं खान मंत्री ने कहा कि प्रदेश में जो गांव 100 गायों की गौशाला स्थापित करेगा उसे पोने एकड़ व जो गांव 1000 से ज्यादा गोसाला के लिए गौशाला स्थापित करेगा उसे 7:30 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। ग्राम पंचायत द्वारा और भी जमीन उपलब्ध कराने की उन्होंने बात की मंत्री ने कहा कि गांव में गोचरण भूमि को ठेके पर देने का प्रावधान है उसके ठेके से आने वाली आय को गौ के पालन पोषण व रख रखाव व उत्थान के लिए खर्च किया जाएगा।

# हरियाणा कर्मचारी महासंघ की कार्यकारी अभियंता के साथ हुई मीटिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। ऑल** हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ शाखा जन स्वास्थ्य महेंद्रगढ़ की मीटिंग कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार के साथ महेंद्रगढ़ कार्यालय में हुई। मीटिंग सौहार्द पूर्ण माहौल में हुई और कार्यकारी अभियंता से सभी मांगों पर सहमति बनी, कुछ मांगों का समय पर ही समाधान कर दिया गया और कुछ मांगों का समय दिया गया, जिसमें मुख्य रूप से एचकेआरएन के कर्मचारियों की हटाने की इधर-उधर से खबरें आ रही थी, जिससे कर्मचारियों में डर का माहौल बना हुआ था। इस बारे में



कार्यकारी अभियंता ने शिष्टमंडल को आश्वासन दिलाया कि महेंद्रगढ़ मंडल में किसी भी कर्मचारी को नहीं हटाया जाएगा और जिन एचकेआरएन कर्मचारियों की डेट ऑफ जॉइनिंग में त्रुटि है, उसे सही करके जॉब सुरक्षा के दायरे में जो कर्मचारी आते हैं उनके ऑफिस ऑर्डर जल्दी कर दिए जाएंगे। इसके अलावा अन्य मांगे भी समय रहते पूरी करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रांतीय मुख्य सलाहकार महेंद्र यादव, प्रांतीय प्रधान सुभाष यादव, प्रांतीय सह प्रचार सचिव दीपक शांडिल्य, जिला अध्यक्ष राजेंद्र कामरेड, महेंद्रगढ़ ब्रांच प्रधान सुरेंद्र फौजी, कनीना-अटेली ब्रांच प्रधान कृष्णा पूनिया, सचिव रविंद्र चेयरमैन, वेदपाल तंवर, उपकोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, उपप्रधान राकेश खोला आदि उपस्थित रहे।

# विकास कार्यों को लेकर विधायक ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल के** विधायक जगमोहन आनंद ने बुधवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से करनाल के विकास कार्यों को लेकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास परियोजनाओं के संबंध में चर्चा की। इसके साथ-साथ उन्होंने मकर संक्रांति व लोहड़ी की हार्दिक बधाई भी दी। विधायक जगमोहन आनंद ने मुलाकात के बाद बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से करनाल विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों एवं करनाल के विकास को लेकर योजनाओं बारे विस्तार से चर्चा हुई। जिस पर उन्होंने विश्वास दिलाया कि करनाल के विकास कार्यों में पहले की ही तरह किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी बल्कि ओर तेज गति से विकास कार्य आगे बढ़ाए जाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समस्त करनालवासियों को भी मकर संक्रांति व लोहड़ी की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि करनाल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। दोनों का जब भी करनाल का दौरा होता है करनाल को विकास परियोजनाओं की सौगात मिलती रहती है।

# अधिकारी एवं कर्मचारी एक घंटा फील्ड में रहेंगे मौजूद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। शहर को स्वच्छ** एवं सुंदर बनाए रखना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी ध्येय को लेकर नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा निरंतर कार्य कर रही हैं। इसे लेकर उन्होंने एक आदेश जारी कर सफाई शाखा से सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है कि वह रविवार को छोडकर प्रत्येक दिन प्रातः एक घंटा स्वच्छता कार्यों पर अपनी सख्त निगरानी रखना सुनिश्चित करेंगे।
निगमायुक्त ने आदेश में कहा है कि अतिरिक्त निगम आयुक्त-द्वद्व अशोक कुमार, कार्यकारी अभियंता (स्वच्छता) प्रियंका



सैनी, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा, सफाई निरीक्षक, सहायक सफाई निरीक्षक, ट्रीगर मास्टर एवं सभी मोटीवेटर प्रातः 7 से 8 बजे तक यानि एक घण्टा फील्ड में मौजूद रहकर नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में स्वच्छता कार्यों की सख्त निगरानी करेंगे। आदेश में उन्होंने अतिरिक्त निगम आयुक्त-द्वद्व धीरज कुमार को भी आदेश दिए कि वह भी फील्ड में रहकर बेसहारा पशुओं को पकडने. के अभियान की जांच करेंगे। खास बात यह रही कि बीती सांय आदेश जारी होने के बाद मंगलवार प्रातः से ही निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने फील्ड में उतरकर मोर्चा संभाला और सम्बंधित क्षेत्र में साफ-सफाई को चेक किया गया। सफाई कार्यों के अतिरिक्त डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण, शौचालयों की साफ-सफाई, गीले व सूखे कचरे का पृथक्करण, रोड स्वीपिंग मशीन से मुख्य सडकों की सफाई, सफाई कर्मियों की बीट अनुसार हाजिरी तथा सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियों को भी चेक किया गया। इस दौरान शहर में भटक रहे 7 बेसहारा पशुओं को पकडकर फूसगढ़ स्थित गौशाला में भेजा गया। निगमायुक्त ने भी किया निरीक्षण- शहर की सफाई व्यवस्था को देखने के लिए निगमायुक्त ने भी शहर का निरीक्षण किया और साफ-सफाई का जांचा।

## न्यूज फ्लैश

### खेत के कमरे से सामान चोरी, केस दर्ज

**गन्नौर । गांव पांची जाटान** के एक किसान ने थाना गन्नौर में खेत में हुई चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में पांची जाटान गांव के मनीष ने बताया कि गत 13 जनवरी को वह चटिया ओलिया के पास अपने खेत में फसल पर दवाई छिड़कने गया तो देखा कि उसके खेत के बने कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। अंदर जाकर देखा तो इन्वर्टर, बैटरी और छत का पंखा गायब मिला। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### हनुमान मंदिर का उद्घाटन, कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने लिया आशीर्वाद

**गन्नौर । जीटी रोड** स्थित एक निजी होटल पर नवनिर्मित हनुमान मंदिर का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा, भाजपा



जिलाध्यक्ष जसवीर दोदवा और कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा पहुंचे। भाजपा नेता अशोक शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। अशोक शर्मा ने बताया कि 2019 में होटल निर्माण के दौरान खुदाई में हनुमान जी की मूर्ति मिली थी, जिसकी उसी समय प्राण-प्रतिष्ठा कराई गई। पांच साल बाद अब मंदिर का निर्माण पूरा हुआ है। उद्घाटन के अवसर पर कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने भगवान हनुमान का आशीर्वाद लिया और मंदिर के निर्माण को सराहा। अरविंद शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन संस्कृति और अखंड भारत के सपने को साकार करने के लिए हर व्यक्ति को अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में देश और प्रदेश को सशक्त बनाने के प्रयासों की सराहना की।

### अवैध खनन के खिलाफ खनन विभाग सख्त, अब तक 2 करोड़ 15 लाख 63 हजार 797 रुपये वसूले

**गन्नौर । खनन विभाग** ने जिले में अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई तेज कर दी है। विभाग ने पिछले एक वर्ष में अभियान चलाकर 9 मशीनें और 90 वाहन जब्त करने के साथ ही 2 करोड़ 15 लाख 63 हजार



797 रुपये वसूलकर सरकारी खजाने में जमा कराए हैं। अवैध खनन के खिलाफ अब तक 42 केस दर्ज हो चुके हैं। रविवार और सोमवार को खनन विभाग ने सोनीपत व गन्नौर में चेकिंग अभियान चलाकर दो वाहन जब्त किए। विभाग ने थाना बड़ी व सेक्टर 27 थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। जिला खनन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि गन्नौर में अवैध खनन की सूचना पर विभागीय टीम का गठन किया गया। इसमें खनन निरीक्षक विकास चौहान, राजस्व विभाग और बड़ी थाना पुलिस शामिल थी। टीम ने सोमवार सुबह बड़ी गांव के पास छापा मारकर रेत से भरे वाहन जब्त किए और बड़ी थाना पुलिस को सौंप दिए। अनिल कुमार ने कहा कि अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### सुरिन्द्र चनालिया बने अखिल भारतीय बाल्मिकी युवक संघ के प्रदेशाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। अखिल भारतीय** बाल्मिकी युवक संघ ने सुरिन्द्र चनालिया मैनमती (जिला करनाल) को हरियाणा राज्य के लिए अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर सुरिन्द्र चनालिया ने संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मवीर और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रणजीत सिंह चंदेलिया का धन्यवाद व्यक्त किया है। सुरिन्द्र चनालिया ने कहा कि संघ की ओर से मुझ पर जो विश्वास करके संगठन को मजबूत करने का भरोसा किया है, उस पर मैं पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करते हुए खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

# मकर संक्रांति के अवसर पर की सेवा शीघ्र सफल होती है : मुनि पीयूष

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। नवग्रहों में सबसे** अधिक प्रकाशमान, आत्मा के कारक तथा सृष्टि से अंधकार का नाश कर उज्ज्वलता प्रसारित करने वाले सूर्य नारायण का मकर राशि, जो उसके पुत्र शनि की राशि है, उसमें प्रवेश करना माघ महीने की संक्रांति है। पौराणिक मान्यतानुसार यह संक्रांति भगवान आशुतोष का भगवान विष्णु को आत्मज्ञान का दान, भीष्म पितामह द्वारा देह त्याग, गंगा के धरा पर अवतरण, देवताओं के दिन के प्रारंभ का शुभ मांगलिक प्रसंग है जिस दिन किया गया शुभ कल्याणकारी कार्य अनेक गुना अधिक फलदायक होता है। परंपरा कहती है की मकर



संक्रांति के दिन किया अन्नदान, किसी भी प्रकार की सेवा सफल होती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को श्रद्धा तथा विश्वास के साथ हर मंगल अवसर पर नेक कार्य करने में कोताही न करने का संकल्प करना चाहिए। भारत संत गौरव उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने मकर संक्रांति पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए तीर्थस्थल श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में कहा कि बारह सक्रांतियों में से अंग्रेजी नव वर्ष में पहली बार आने वाली यह संक्रांति दान, पूजा.पाठ आराधना.उपासना करने

**सेवा**
**समय तथा जीवन सत्कार्यों से सार्थक करना चाहिए। बदले में कुछ पाने या मिलने की अपेक्षा से ऊपर उठना चाहिए**

की प्रेरणा देने वाला सुअवसर है, जो हमें सीख देता है कि हमें अपना मूल्यवान समय तथा जीवन सत्कार्यों से सार्थक करना चाहिए। बदले में कुछ पाने या मिलने की अपेक्षा से ऊपर उठकर सिर्फ देने की नीयत से दिया गया दान देश, काल तथा पात्र का विचार कर दिया जाने पर सात्विक और सर्वश्रेष्ठ होता है।

# पटरी पर खड़ा होकर किया सुसाइड

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। रेलवे स्टेशन** पर एक युवक ने ट्रेन के सामने खड़े होकर सुसाइड कर लिया। हादसे में युवक के शरीर के 4 टुकड़े हो गए। घटना मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे की है, जिसके बाद लोको पायलट ने तुरंत जीआरपी करनाल को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज की मॉच्युर्री में रखवा दिया है। जीआरपी के अनुसार मृतक की उम्र करीब 25 साल है। उसने काले रंग की टी-शर्ट, काली जींस और लाल रंग की जर्सी पहनी हुई थी। बाएं पांव में काला धागा भी बंधा हुआ है। शव की तलाशी लेने पर कोई दस्तावेज या पहचान संबंधी चीज नहीं मिली। पुलिस ने आसपास के इलाकों में भी जानकारी साझा की है ताकि युवक की पहचान हो सके। जांच अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि लोको पायलट ने घटना की जानकारी दी थी। उसके मुताबिक युवक अचानक ट्रेन के सामने खड़ा हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची तो शव क्षत-विक्षत स्थिति में था। कपड़ों की जांच की गई लेकिन पहचान से जुड़ी कोई जानकारी नहीं मिली। फिलहाल शव को मॉच्युर्री में रखवाया गया है। अगर 72 घंटे के भीतर युवक की पहचान नहीं हो पाती है तो नियमानुसार अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है और इलाके के लोगों से अपील की है कि अगर कोई जानकारी हो तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

# घर में अंदर सोता रहा परिवार, नहीं लगी भनक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में दिन-दहाड़े** घर से कैश, गहने और मोबाइल चोरी हो गया। परिवार के सदस्य अंदर सोते रहे, लेकिन उन्हें भनक भी नहीं लग पाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना गीता कॉलोनी की बीते दिन की है। आकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे दोपहर के समय अपने घर पर सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर घर में घुस आए और कीमती सामान लेकर फरार हो गए। परिवार को इस चोरी की जानकारी तब हुई, जब वे उठे और सामान इधर-उधर बिखरा पाया। आकाश ने बताया कि आरोपी सोने की एक जोड़ी बालियां, एक नाक की नथनी, चांदी की एक पायल और 5300 रुपए कैश व एक मोबाइल ले गए हैं। चोर एक नीले रंग का बैग और गरम पानी की रोड भी ले गए। घटना के बाद से गीता कॉलोनी में डर का माहौल है। लोग दिन में हुई इस चोरी से हैरान हैं। पुलिस ने आसपास के इलाके में पूछताछ शुरू कर दी है और संदिग्धों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने अपील की है कि लोग सतर्क रहें और घरों को सुरक्षित रखें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

# युवा पीढ़ी को जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। महाराणा प्रताप** उद्यान विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति प्रो. सुरेश कुमार मल्होत्रा के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस और लोहड़ी पर्व के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लोहड़ी को फसल कटाई और सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक के रूप में मनाया गया। छात्र कल्याण निदेशक प्रो. रंजन गुप्ता ने अपने स्वागत भाषण में सभी का स्वागत करते हुए युवाओं के महत्व और उनके भविष्य निर्माण की भूमिका पर जोर



दिया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। यदि युवा सही दिशा में अपने प्रयास करेंए तो वे न केवल अपने जीवन को सफल बना सकते हैं, बल्कि देश को भी सशक्त बना सकते हैं।स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक मुख्य वक्ता कुलदीप ने अपने संबोधन की शुरूआत स्वामी विवेकानंद के विचारों से की। उन्होंने स्वदेशी अपनाने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और नौकरी मांगने वाले नहींए नौकरी देने वाले बनने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता, राष्ट्र के प्रति समर्पण और मानव सेवा के आदर्श ही सच्चे विकास के आधार हैं। डीन पीजीएस प्रो. धर्मपॉल स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को इन विचारों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संयोजन हस्र्स इकाई के डॉ. अजय कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ.प्रदीप सिंह, डॉ. राज कुमार, डॉ. उमा प्रजापति, डॉ.युवराज, डॉ. बिजेंद्र सिंह, डॉ. पंकज, डॉ. विनोद, डॉ.मनीष, डॉ. विजय अरोड़ा, डॉ. सुरेश अरोड़ा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# 3 लोगों द्वारा मारपीट कर करीब 3 लाख रुपए लेकर हुए फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा के राष्ट्रीय** राजमार्ग 334बी के झरोठी टोल प्लाजा के पास एक सेंट्रो चालक को रोककर तीन लोगों ने मारपीट करने के साथ ही उसकी कार तोड़ दी। वहीं उसकी कार में रखे दो लाख 80 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। घायल भाई के घर में चल रहे निर्माण कार्य के लिए निर्माण सामग्री लेने जा रहा था। बीच रास्ते में हुई इस वारदात के बाद पुलिस ने घायल की शिकायत पर दो लोगों को नामजद करते हुए तीन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले में झरोठी गाँव के मनीष का कहना




है कि वह हाल समय में रोहतक में रहता था। उसके भाई मोंटी द्वारा गाँव में ही मकान बनाया जा रहा है। ऐसे में रविवार को वह अपने गाँव में आया हुआ था। उसके भाई ने उसे निर्माण सामग्री के लिए दो लाख 80 हजार रुपये दिए थे। जिसे रोहतक के बिल्डिंग मैटिरियल सप्लायर को देने थे। वह अपनी सेंट्रो कार लेकर गाँव से रोहतक के लिए चला था। जब वह एनएच 334बी के टोल प्लाजा के पास पहुंचा, तब एक गाड़ी ने उसका रास्ता रोक लिया। जिसमें से तीन लोगों ने उतरकर उसकी कार के लाठी-डंडों से शीशे तोड़ दिए। जिसके बाद उसे कार से बाहर निकालकर पीटा गया। वहीं कार में रखे दो लाख 80 हजार रुपये भी निकाल लिए गए। घायल मनीष का कहना है कि मटिंडू के संदीप व गढ़ी सिसाना के रवीन के साथ ही एक अन्य युवक ने इस वारदात को अंजाम दिया है। जोकि उसे दोबारा मिलने पर जान से मार देने की धमकी देकर गए हैं। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है वहीं शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# जिला पार्षद ने किसान नेता की भूख हड़ताल पर चिंता व्यक्त की

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। जिला पार्षद** संजय बड़वासनिया ने सांदल कला गांव में पीने के पानी की समस्या का समाधान करते हुए हैंडपंप का उद्घाटन किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि वार्ड नंबर 11 के लिए चुनाव से पहले किए गए सभी वादे पूरे किए जाएंगे।
संजय बड़वासनिया ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की भूख हड़ताल पर चिंता व्यक्त की और कहा कि वह निस्वार्थ भाव से किसानों के हितों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र



और राज्य सरकारों से अपील की कि किसानों की सभी मांगें जल्द पूरी की जाएं। उन्होंने हरियाणा के किसानों के लिए एसवाईएल नहर का पानी उपलब्ध कराने की भी मांग की। बड़वासनिया ने कहा कि हरियाणा के किसान लंबे समय से नहर के पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं और यह पंजाब सरकार का नैतिक कर्तव्य है कि वह हरियाणा को उसका हक दे।

## संपादकीय

# धर्म के मांगलिक स्वरूप को संवर्धित करता है कुंभ

**प्रयाग प्रा**गैतिहासिक तीर्थ है। प्रयाग अपने आध्यात्मिक प्रभाव के लिए प्रख्यात है। प्रयाग का भारतीय सभ्यता संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। ऋषियों-मुनियों ने प्रयाग और कुंभ का श्रद्धापूर्वक वर्णन किया है। सनातन धर्म के श्रद्धालु विश्वास रखते हैं कि तीर्थराज प्रयाग की यात्रा, दर्शन संगम स्नान से व्यक्ति सांसारिक आवागमन से मुक्त हो जाता है। कुंभ महाकुंभ पूरे संसार के लिए दुर्लभ घटना है। करोड़ों करोड़ लोग एक साथ कुम्भ में संगम स्नान कर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर जाते हैं। प्रयागराज की महिमा के विशिष्ट होने के ऐतिहासिक, धार्मिक, पौराणिक, भौगोलिक आदि कई कारण हैं। गंगा-यमुना-सरस्वती संगम स्थल ही प्रयाग है। इसी कारण ब्रम्हादि देवताओं ने दिशा, दिकपाल लोकपाल, पितृगण, सनत कुमार आदि महर्षि गण,नदी, समुद्र, गंधर्व ,अप्सरा भगवान विष्णु और प्रजापति ने अपना निवास बनाया है। प्राकृतिक सुंदरता भी संगम में अद्वितीय है। अनेक पक्षियों का कलरव आनंदित करता है। प्रयाग की महिमा नारद पुराण में विशेष रूप से वर्णित है। प्रयाग का त्रिवेणी संगम कार्मिक तीर्थ है। अर्थात त्रिवेणी संगम में स्नान करने से राज्य, स्वर्ग, मोक्ष सब कुछ प्राप्त होता है। त्रिवेणी संगम में गंगा की धारा धवल और यमुना की धारा हरित है। अन्तः सलिला सरस्वती की धारा लुप्त है। नारद पुराण में लिखा है, कि मकर राशि पर सूर्य के संचार के समय समस्त तीर्थ समस्त देवता प्रयाग के त्रिवेणी संगम पर पहुंच जाते हैं। प्रयाग का महत्व तब और बढ़ जाता है जब प्रत्येक बारह वर्ष बाद कुंभ योग होता है। वहीं छः वर्ष में अर्द्ध कुंभ योग आता है, इसी तरह प्रयाग के अतिरिक्त कुंभ राशि में जब बृहस्पति आ जाते हैं और मेष राशि में जब सूर्य आ जाते हैं तो हरिद्वार में कुंभ लगता है। स्कंद पुराण के अनुसार जब माघ महीने में सूर्य मकर राशि में होता है गुरु जब मेष राशि में आ जाते हैं तो प्रयाग में तीर्थराज कुंभ योग होता है। वाल्मीकि रामायण में प्रयाग का वर्णन है। महाभारत में प्रयाग की महिमा का यशोगान है। तीनों लोकों में प्रयाग सभी तीर्थों की अपेक्षा श्रेष्ठ है। पुण्य स्थान है। प्रयाग में महात्मा बुद्ध के द्वारा धर्म प्रचार का भी उल्लेख साहित्य में मिलता है। प्रयाग के निकट कौशांबी को सम्राट अशोक ने अपनी उप राजधानी बनाया था। वैदिक, बौद्धधर्म के साथ प्रयाग क्षेत्र में जैन धर्म के उत्कर्ष और प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथ द्वारा प्रयाग के वटव्रक्ष के नीचे ध्यान लगाने का उल्लेख मध्यकालीन तीर्थमालाओं में है। प्रयाग, कौशाम्बी को अति प्राचीन नगर होने के साथ बौद्धों एवं जैन धर्मों प्रचारकों, विचारकों महापुरुषों की स्थली का गौरव भी है। चीनी यात्री ह्वेनसांग ईस्वी सन 644 के लगभग सम्राट हर्षवर्धन के साथ प्रयाग भी आया था। उसने लिखा यहां अन्न बहुत पैदा होता है। फलों के वृक्ष भी खूब पैदा होते हैं। यहां की जलवायु उष्ण है। स्वास्थ्य के लिए अनुकूल है। यहां के लोग नम्र और सुशील हैं। यहां के लोगों को पठन-पाठन और विद्या से विशेष प्रेम है परंतु निर्मूल और असत्य सिद्धांत पर उनका अधिक विश्वास है। नगर में केवल दो संघाराम है। थोड़े से हीनयान संप्रदाय के अनुयाई हैं। दूसरी ओर पौराणिक देवताओं के मंदिर अधिक हैं। उनके अनुयायियों की संख्या बहुत है। नगर के दक्षिण और पश्चिम में एक चंपक वाटिका में बड़ा स्तूप है।

# आखिर प्रवासी श्रमिकों की दुर्दशा का कारण क्या है?

**डॉ सत्यवान सौरभ**

> "मौजूदा कल्याणकारी योजनाएँ जैसे कि मनरेगा, पीएम श्रम योगी मानधन और वन नेशन वन राशन कार्ड अक्सर अलग-अलग तरीके से काम करती हैं, जिससे प्रवासी श्रमिकों के लिए निर्बाध पहुँच में बाधाएँ पैदा होती हैं। 2021 में लॉन्च किए गए ई-श्रम पोर्टल का उद्देश्य असंगठित श्रमिकों का दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय डेटाबेस बनाना है। इसमें 300 मिलियन से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, जिनमें प्रवासियों का एक महत्त्वपूर्ण अनुपात शामिल है। यह कल्याणकारी योजनाओं के लिए श्रमिकों की बेहतर पहचान और लक्ष्यीकरण की सुविधा प्रदान करता है। हालाँकि, यह मुख्य रूप से एक "पंजीकरण अभियान" है जिसका सामाजिक सुरक्षा में समावेश पर सीमित ध्यान है। 2024 में लॉन्च किया गया विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को ई-श्रम पोर्टल के साथ एकीकृत करके पंजीकरण और सामाजिक सुरक्षा तक पहुँच के बीच की खाई को पाटने का प्रयास करता है"

**आंकड़ों के** अनुसार, जो लोग आजीविका की तलाश में स्थानीय और क्षेत्रीय सीमाओं के पार जाते हैं, उन्हें अपने मेजबान समाज में स्थायी रूप से बाहरी समझे जाने का अपमान सहना पड़ता है। श्रमिकों को अक्सर टेलीविजन स्क्रीन पर दुखद घटनाओं के पात्र के रूप में दिखाया जाता है, जिससे उनके योगदान और उन्हें प्राप्त मान्यता के बीच का अंतर उजागर होता है। राष्ट्र के बुनियादी ढांचे के पीछे की ताकत होने के बावजूद, राष्ट्रीय महानता के विमर्श में उनकी भूमिका को शायद ही कभी स्वीकार किया जाता है। पॉलिसी शून्य होने के कारण अक्सर असुरक्षित छोड़ दिया जाता है यद्यपि प्रवासी कार्यबल राष्ट्रीय गौरव के प्रत्यक्ष चिह्नों में महत्वपूर्ण योगदान देता है, फिर भी उनके अधिकारों को नियंत्रित करने वाली नीतियों का घोर अभाव है। भारत के असंगठित कार्यबल का एक महत्त्वपूर्ण लेकिन कमजोर वर्ग, प्रवासी श्रमिक, अक्सर सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों से बाहर रह जाते हैं। दशकों से कानूनी ढाँचे और सिफारिशों के बावजूद, सामाजिक सुरक्षा तक उनकी पहुँच अपर्याप्त रही है। अंतरराज्यीय प्रवासी कामगार अधिनियम, 1979 में प्रावधान और असंगठित क्षेत्र में राष्ट्रीय उद्यम आयोग (2007) और असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम (2008) द्वारा श्रमिक पंजीकरण के लिए सिफारिशों के बावजूद, ई-श्रम पोर्टल तक प्रवासी श्रमिक आधिकारिक डेटाबेस में काफी हद तक अदृश्य रहे। जबकि ई-श्रम पोर्टल पर 300 मिलियन से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, उनमें से अधिकांश को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में एकीकृत नहीं किया गया है। मौसमी और परिपत्र प्रवासियों को वंचितता, कलंक, तस्करी और सार्वजनिक सेवाओं तक खराब पहुँच सहित अनूठी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उनकी उच्च गतिशीलता सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने को जटिल बनाती है। कई श्रमिकों में डिजिटल साक्षरता या ई-श्रम पंजीकरण और लाभ ट्रैकिंग के लिए आवश्यक उपकरणों तक पहुँच की कमी है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। राज्यों में अक्सर कल्याणकारी योजनाओं का असंगत कार्यान्वयन होता है, जिससे समन्वय सम्बंधी समस्याएँ पैदा होती हैं जो लाभों की पोर्टेबिलिटी को कमजोर करती हैं।



मौजूदा कल्याणकारी योजनाएँ जैसे कि मनरेगा, पीएम श्रम योगी मानधन और वन नेशन वन राशन कार्ड अक्सर अलग-अलग तरीके से काम करती हैं, जिससे प्रवासी श्रमिकों के लिए निर्बाध पहुँच में बाधाएँ पैदा होती हैं। 2021 में लॉन्च किए गए ई-श्रम पोर्टल का उद्देश्य असंगठित श्रमिकों का दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय डेटाबेस बनाना है। इसमें 300 मिलियन से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, जिनमें प्रवासियों का एक महत्त्वपूर्ण अनुपात शामिल है। यह कल्याणकारी योजनाओं के लिए श्रमिकों की बेहतर पहचान और लक्ष्यीकरण की सुविधा प्रदान करता है। हालाँकि, यह मुख्य रूप से एक "पंजीकरण अभियान" है जिसका सामाजिक सुरक्षा में समावेश पर सीमित ध्यान है। 2024 में लॉन्च किया गया विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को ई-श्रम पोर्टल के साथ एकीकृत करके पंजीकरण और सामाजिक सुरक्षा तक पहुँच के बीच की खाई को पाटने का प्रयास करता है। इसके लाभों में एकीकृत दृष्टिकोण, लाभों की पोर्टेबिलिटी और पारदर्शी तथा श्रमिक-अनुकूल प्रक्रिया शामिल है। हालाँकि, चिंताओं में मौजूदा योजनाओं का सीमित कवरेज, श्रमिकों में जागरूकता की कमी और अंतर-राज्य समन्वय का कमजोर होना शामिल है। ई-श्रम पोर्टल और ओएसएस प्रवासी श्रमिकों के सामने आने वाली सामाजिक सुरक्षा चुनौतियों को सम्बोधित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। हालाँकि, उनकी सफलता कार्यान्वयन बाधाओं पर काबू पाने, निर्बाध अंतर-राज्य समन्वय सुनिश्चित करने और श्रमिकों के बीच जागरूकता बढ़ाने पर निर्भर करती है।

आंकड़ों के अनुसार, जो लोग आजीविका की तलाश में स्थानीय और क्षेत्रीय सीमाओं के पार जाते हैं, उन्हें अपने मेजबान समाज में स्थायी रूप से बाहरी समझे जाने का अपमान सहना पड़ता है। श्रमिकों को अक्सर टेलीविजन स्क्रीन पर दुखद घटनाओं के पात्र के रूप में दिखाया जाता है, जिससे उनके योगदान और उन्हें प्राप्त मान्यता के बीच का अंतर उजागर होता है। राष्ट्र के बुनियादी ढांचे के पीछे
की ताकत होने के बावजूद, राष्ट्रीय महानता के विमर्श में उनकी भूमिका को शायद ही कभी स्वीकार किया जाता है। पॉलिसी शून्य होने के कारण अक्सर असुरक्षित छोड़ दिया जाता है यद्यपि प्रवासी कार्यबल राष्ट्रीय गौरव के प्रत्यक्ष चिह्नों में महत्वपूर्ण योगदान देता है, फिर भी उनके अधिकारों को नियंत्रित करने वाली नीतियों का घोर अभाव है।

अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम, 1979, इस विशाल जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करने वाला एकमात्र कानून है।

हालाँकि, आवास, स्वास्थ्य देखभाल, न्यूनतम मजदूरी और भेदभावपूर्ण प्रथाओं की रोकथाम के लिए इसके प्रावधान अक्सर अधूरे रह जाते हैं।

प्रवासी श्रमिकों के साथ उनकी मानवता पर विचार किए बिना एक नौकरी मशीन की तरह व्यवहार किया जाता है। सरकारी प्रणालियाँ अक्सर प्रवासी श्रमिकों के सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों और परिवर्तनों की परवाह नहीं करतीं।

प्रवासी श्रमिकों को न केवल कानूनी सुरक्षा नहीं मिलती बल्कि उन्हें शहर के प्रतिकूल वातावरण में भी संघर्ष करना पड़ता है। शहर सड़कों और इमारतों जैसे निर्माण के लिए प्रवासी श्रमिकों पर निर्भर रहते हैं, लेकिन इन शहरों में इन प्रवासी श्रमिकों की बुनियादी मानवीय आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त सहायता नहीं होती है। यहां स्वास्थ्य सेवा, वित्तीय सहायता, रहने के लिए अच्छे स्थान, सुरक्षा उपाय या बच्चों की देखभाल की सुविधाएं नहीं हैं। इससे प्रवासी श्रमिकों को सब कुछ खुद ही संभालना पड़ता है। शहरी क्षेत्रों में प्रवासी श्रमिकों के बच्चों की दुर्दशा विशेष रूप से चिंताजनक है। शिशुओं को बड़े बच्चों की देखभाल में छोड़ दिया जाता है, जिनके पास स्वयं सार्थक शैक्षिक गतिविधियों तक पहुंच नहीं होती। इससे असुविधा का एक चक्र निर्मित होता है, जहां शिक्षा के अवसरों की कमी उनके माता-पिता द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों से मुक्त होने की उनकी क्षमता में बाधा डालती है।

प्रवासी श्रमिकों के लिए, एक टूटा हुआ अंग अक्सर कामकाजी जीवन के अंत का संकेत देता है। कार्यस्थल पर लगी चोटों के लिए शायद ही कभी पर्याप्त सहायता या चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध हो पाती हैं। घायल श्रमिक अपने घर लौटने के लिए बाध्य होते हैं, तथा उपलब्ध स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा प्राप्त करने के लिए प्रयास करते हैं, क्योंकि शहरी क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं तक त्वरित और आवश्यक पहुंच बहुत कम उपलब्ध होती है। गांवों से शहरी क्षेत्रों की ओर मौसमी प्रवास की आवश्यकता, प्रवासी श्रमिकों के समक्ष चुनौतियों को और बढ़ा देती है। शहरी आवास की स्थिति अक्सर बहुत खराब होती है, जिससे शहर का मौसम दुख का एक अतिरिक्त स्रोत बन जाता है। प्रवासी श्रमिकों के लिए काम से परे जीवन की गंभीर वास्तविकताएं तत्काल ध्यान देने और व्यापक समाधान की मांग करती हैं। विचारशील शहरी नियोजन को कार्यस्थलों से आगे बढ़कर प्रवासी श्रमिकों के जीवन के संपूर्ण आयाम को शामिल करना चाहिए, जिससे न केवल रोजगार बल्कि सम्मान, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा भी उपलब्ध हो सके।

## कविता

ख्यालों से अपने भिगो जाता है
वो।

अजनबी,पराया सा दिखता है वो।
अपनी सांसों में छुपा रखता है वो।

रोजाना रूबरू हो न नहो।
जेहन में बसा रखता है वो।

कितनी भोली नादान है वो शायद ।
खुद को मुझे सौंप जाती है वो।।

बेरुखी का आलम तो देखिए साहब।
ख्यालों से अपने भिगो जाता है वो।।

मोहब्बत इक रूहानी रिश्ता है जनाब ।
झुकता मैं हूं,सजदे कर जाता है वो।।

महफूज रहे महकती सांसों की डोर,
धमनियों में लहू सा बहा जाता है वो।।

नेकी का सिला तो देखिये संजीव।
मुझ फकीर से वास्ता रखता है वो।।

संजीव

# भारत के जम्मू कशमीर में इंजीनियरिंग का चमत्कार

**किशन सनमुखदास**

**वैश्विक** स्तरपर पृथ्वी लोक का स्वर्ग कहे जाने वाला जम्मू कश्मीर भारत का एक ऐसा क्षेत्र है, जहां हर कोई जाना चाहता है। मेरी भी अभिलाषा है कि मैं एक बार पृथ्वी के इस स्वर्ग कहे जाने वाले जम्मू कश्मीर की वादियों में जाऊं परंतु कनेक्टिविटी जलवायु परिवर्तन, मौसम की मार व सबसे बड़ा डर आतंकवाद का था जिसको कंट्रोल करने 5 अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को संसद के दोनों सदनों में पारित कर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से अनुच्छेद 370 रद्द हो गया व भारत की आन बान शान कहे जाने वाले कश्मीर के विकास के लिए नए अध्याय जोड़ने का क्रम शुरू हो गया है, जिसका नतीजा यह हुआ कि आज सोनमर्ग टनल व चिनाब रेल ब्रिज सबके सामने है।हालांकि इन दोनों सबसे बड़ी परियोजनाओं को 10-20 वर्ष पहले से ही शुरू कर दिया गया था परंतु वर्तमान मैं यह दोनों सेवाएं नागरिकों की सेवार्थ तैयार हैं जिनमें से सोनमर्गटनल का शिलान्यास माननीय पीएम ने 13 जनवरी 2025 को किया है, अब शीघ्र ही चिनाब रेल ब्रिज पर भी यात्रियों को लेकर ट्रेन दौड़ने लगेगी, जो शायद इस जनवरी 2025 की एंडिंग तक होने की संभावना है। चूँकि जम्मू कश्मीर से लिखी दुनियाँ की हैरान करने वाली गाथा, सोनमर्ग टनल व चिनाब रेलवे ब्रिज की अद्भुत इंजीनियरिंग पर दुनियाँ में टेका माथा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियाँ का स्वर्ग कहीं जाने वालेभारत के जम्मू कश्मीर में इंजीनियरिंग का चमत्कार, सोनमर्ग टनल व चुनाव रेल ब्रिज तैयार। साथियों बात अगर हम 13 जनवरी 2025 को सोनमर्ग टनल की स्थिति की करें तो, नेशनल हाईवे एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने इस टनल को इंजीनियरिंग का चमत्कार और क्षेत्र के लिए गेम चेंजर बताया है। साथ ही कहा कि यह परियोजना न केवल यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाएगी, बल्कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच सामाजिक व आर्थिक विकास को भी गति देगी।जेड मार्ड टनल के साथ जोजिला टनल का काम 2028 तक पूरा होगा। यह क्षेत्रीय रक्षा रसद और यातायात को सुगम बनाएगी, इससे लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के बीच जुड़ाव और विकास को नई दिशा मिलेगी। टनल के लाभ (1) सोनमर्ग टनल गगनगीर से सोनमर्ग तक निर्बाध यातायात सुनिश्चित करेगी (2) राष्ट्रीय राजमार्ग-1 पर यात्रा की दूरी 49 किमी से घटकर 43 किमी हो जाएगी। (3) वाहनों की गति 30 किमी/घंटा से बढ़कर 70 किमी/घंटा हो जाएगी। (4) यह टनल क्षेत्र के पर्यटन और व्यापार में तेजी लाने में सहायक होगी टनल का रणनीतिक महत्व (5) सोनमर्ग और गगनगीर को जोड़ने वाली यह टनल 8,650 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और इसमें आपातकालीन स्थिति के लिए 7.5 मीटर चौड़ा समानांतर मार्ग है।

## विचार

# जीवन में उन्नति के लिए आवश्यक है उत्साह और आनंद

**डॉ.फौज़िया नसीम**

**इसमें कोई स**ंदेह नहीं कि आज बदलते समय के साथ बहुत कुछ बदल गया है।पहले की तुलना में आज के समय की नारियां अपने सौन्दर्य, स्वास्थ्य और व्यक्तित्व को लेकर बहुत सजग हैं और यही कारण है कि आज हर आयु वर्ग की नारी युवा, सुन्दर और आकर्षक नजर आना चाहती है, जिसके लिए वो हर वह तकनीक अपनाती है, जो उसे आकर्षक और सुन्दर बनाती हो। यह सभी जानते हैं कि सुन्दरता आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, लेकिन इसके उपरांत भी आज के बदलते युग में ऐसी युवतियों और महिलाओं की कोई कमी नहीं, जो अपने स्वास्थ्य सौन्दर्य और अपने व्यक्तित्व के प्रति पूर्णतः उदासीन होती हैं, जिसका परिणाम उन्हें अपने व्यक्तिगत जीवन में मिली असफलताओं के रूप में देखना पढ़ता है, इसलिए बहुत आवश्यक है कि आप यदि उन उदासीन महिलाओं की सूची में आती हैं तो फौरन सतर्क हो जाएं। थोड़ा प्रयास करें तो आप भी अन्य आकर्षक और सफल महिलाओं की तरह स्वस्थ, सुन्दर और आकर्षक व्यक्तित्व की स्वामिनी बन सकती हैं। जरूरत तो बस आपके स्वयं से प्यार करने की है, फिर देखिये दुनिया कैसे आपके कदमों में झुकती है।

स्वयं में उत्साह उत्पन्न करें

अपने मन में उत्साह और आनंद का संचार करें। यह हमें जीवन में उन्नति दिलाने के साथ समाज में प्रशंसनीय भी बनाता है। उत्साहित व्यक्ति को कभी निराशा का सामना नहीं करना पड़ता, इसलिए आप भी अपने छोटे से छोटे कार्य को पूरी निष्ठा और लगन से संपन्न करें।

अपने मन का रखें ख़्याल

अपने मन को उदासी और अवसाद के अंधेरों में न भटकने दें। इससे बचने के लिए आप अपने मित्रों, पड़ोसियों, संबंधियों के सम्पर्क में रहें। वहीं अपने मनपसंद कार्यों को करें। इससे भी आपको आत्मशांति काअनुभव होगा।

**कुछ समय अपने लिए भी**

अपनी व्यस्त दिनचर्या में से अपने लिए समय अवश्य निकालें और उस समय में अपने मनचाहे कार्यों को संपन्न करें। चाहे तो अपने सौन्दर्य को निखारने के लिए ब्यूटी पार्लर जायें और अपने सौन्दर्य को निखारें।

व्यर्थ की बातों से रहें दूर

व्यर्थ की बातों के लिए तनाव न पालें। यह सोचें कि आपका एक- एक मिनट बहुत कीमती है, जिसे व्यर्थ की परेशानियों में पड़कर खराब नहीं करना है। अपने जीवन का कोई न कोई लक्ष्य अवश्य निर्धारित करें और उस लक्ष्य को पाने के लिए सदैव प्रयासरत रहें, सफलता आपको अवश्य मिलेगी।

**खुद को न करें नजर अंदाज**

परिवार का ध्यान रखने के साथ ही अपना ध्यान भी रखें। सारी जिम्मेदारियां स्वयं उठाने के विपरीत पति और बच्चों को भी उनके स्वयं के कार्य स्वयं करने की आदत आरंभ से ही डालिए।

शिकायतों से रहें दूर

शिकवा-गिला, शिकायत जैसी बातों से दूर रहिये। जीवन बहुत कीमती है, इसलिए जो भी समय मिले हंसी- खुशी अपने परिवार के साथ व्यतीत कीजिए।

किसी की निंदा न करें

निंदा वही लोग करते हैं जिनमें आत्मविश्वास का पूर्णतः अभाव होता है इसलिए किसी की निंदा करने के विपरीत स्वयं में आत्मविश्वास की भावना का विकास करें। दूसरों के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहे आपकी उदारता, दयालुता व सहयोग की भावना आपके व्यक्तित्व के आवश्यक गुण होने चाहिए क्योंकि यही भाव आपको मनुष्य की श्रेणी में लाते हैं।

**अपनाएं संतुलित व्यवहार**

जीवन में आप कैसी भी परिस्थिति से क्यों ना गुजर रहे हो कोशिश करें कि आपका व्यवहार स्वयं के साथ ही नहीं बिल्कुल दूसरों के साथ भी संतुलित रहे मुश्किल हालात में भी सकारात्मक और खुश रहने का प्रयास करें।

सदैव स्मरण रखें कि दूसरों में बदलाव लाना या उनसे बदलाव की उम्मीद रखना मूर्खता के अतिरिक्त और कुछ नहीं है इसलिए प्रयास करें कि आप स्वयं में बदलाव लाएं क्योंकि हमें दूसरों से ज्यादा स्वयं में बदलाव लाने की आवश्यकता होती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बुजुर्ग दंपत्ति परिवार की संपत्ति

**संजीव**

**भारत** देश के संदर्भ में मां शब्द बड़ा ही वृहद और विराट है। पूरी सृष्टि इसमें समाहित होती है। मां ,धरती, जननी, धरा ,माते इतना पवित्र शब्द है कि संताने उनका ऋण कभी नहीं चुका सकती हैं इसी तरह परिवार में पिता भी एक वट वृक्ष की तरह होता है पिता के रहते हुए पुत्र-पुत्री अपने आप को सुरक्षित एवं सहज महसूस करते हैं एवं उनका बाहरी दुनिया से रक्षा करने वाला एक शक्तिशाली व्यक्ति पिता ही होता है ' भारत सांस्कृतिक संस्कारी रूप से समृद्ध है तथा मां-बाप संतानों के पास रहते हैं। यूरोप और पश्चिम देश इतने अभागे हैं कि वे अपने माता और पिता को वृद्धा आश्रम में छोड़ आते हैं या उन्हें छोड़कर स्वयं संताने दूर चली जाती हैं।

स्विजरलैंड जैसे खूबसूरत देश में बुजुर्ग दंपत्ति इच्छा मृत्यु लेकर अपना अंतिम समय व्यतीत करते हैं। भारत में भी कुछ प्रतिशत लोग महानगरों में संताने मां और पिता को वृद्ध आश्रम में रखने का उपक्रम करने लगे हैं। पाश्चात्य सभ्यता की यह अंधी नकल बुजुर्ग दंपतियों के लिए बड़ी ही मार्मिक और हृदय विदारक होती है। वृद्ध दंपतियों का अनुभव परिवार के विकास समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह विडंबना है मनुष्य अत्यंत अनुभवी परिपक्व,प्रबुद्ध शालीन हो जाता है तब उसके अनुभव कार्य की लगन सहनशीलताऔर परिपक्व मस्तिष्क का हम सदुपयोग नहीं करते उन्हें अवकाश प्रदान कर देते हैं यह भी इस सिक्के का दूसरा पहलू है कि ईस उम्र में शरीर में थकावट और वृद्धावस्था आ जाती है पर हम उन्हें सम्मान और यथा योग्य महत्व देकर उनके मार्गदर्शन और परामर्श का यथोचित लाभ लेकर अपने जीवन व्यवसाय अथवा नई नीतियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, पर अमूमन ऐसा होता नहीं है। वृद्धावस्था को जीवन का अंतिम पड़ाव एवं समस्याओं से गिरी हुई अवस्था माना जाता है, क्योंकि इस अवस्था में वृद्धों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।समय की रफ्तार के साथ समाज में अनेक परिवर्तन होने लगे हैं। नवीन पीढ़ी के लोग पुराने विचारों के लोगों का उनके जीवन में हस्तक्षेप उचित ना समझ कर बर्दाश्त नहीं करते हैं,इसी कारण युवा पीढ़ी बुजुर्गों और वृद्धों के विचारों की गहन उपेक्षा करने लगते हैं और बुजुर्गों को लगता है कि उनकी समाज में उपयोगिता धीरे धीरे कम हो रही है। जीवन का सांध्य काल आने पर मनुष्य कई समस्याओं से घिर जाता है।

# आफत की खुदाई

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**साल 2040 में, नई दिल्ली के** एक पुराने मोहल्ले की गली में सन्नाटा था। जुलूस निकल चुका था और उसके साथ ही एक अजीब खामोशी भी छाई हुई थी। गली में बिखरे पत्थरों से ऐसा लग रहा था मानो गली ने किसी दुखद इतिहास को अपने अंदर समेट लिया हो। पत्थर खून से सने हुए थे। ऐसा प्रतीत होता था जैसे पत्थरों ने इंसानों से कुछ सीखा हो और खून के आँसू रो रहे हों।

इस सन्नाटे के बीच मोहल्ले के बुजुर्ग नेता रामप्रसाद, अपनी छड़ी टेकते हुए गली के नुक्कड़ पर खड़े थे। उनकी आँखों में एक पुरानी कि स्म की गहराई थी। उन्होंने कहा, "हमारी गली ने बहुत कुछ देखा है। यह कुर्सियों की लड़ाई का गवाह है।" उन्होंने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा, "जब हम युवा थे, इसी गली में कुर्सी के लिए लड़ाइयाँ होती थीं।" समय का पहिया घूमता रहा। सदियों बाद जब वही जगह खुदाई के लिए चुनी गई, तो खुदाई दल में शामिल अजय, जो एक युवा इतिहासकार था, वहाँ पहुँचा। उसके साथ उसकी महिला मित्र प्रिया भी थी, जो खुदाई के महत्व को समझती थी। खुदाई की प्रक्रिया शुरू हुई। नई सभ्यता के लोग बड़ी उम्मीदों के साथ आए थे कि शायद रोटी, किताब या डिग्री जैसी किसी उपयोगी चीज के अवशेष मिलेंगे। मगर खोदने पर रोटी के न टुकड़े मिले, न ही किसी किताब का कोई पन्ना। डिग्री तो जैसे उस जगह का सपना भी नहीं थी। यह देखकर खनन दल निराश हो रहा था। तभी टीम के नेता, प्रोफेसर वर्मा, जो कि एक गंभीर और कुशल पुरातत्त्वज्ञ थे, ने कहा, "थोड़ा और गहरा खोदते हैं। शायद नीचे कुछ काम का मिल जाए।"

जैसे ही खुदाई थोड़ी और गहरी हुई, सबकी आँखें फटी की फटी रह गईं। वहाँ, गहरी मिट्टी के भीतर, एक कुर्सी मिली। पर यह कोई साधारण कुर्सी नहीं थी। यह कुर्सी न लकड़ी की थी, न लोहे की। यह तो अस्थियों से बनी थी–सफेद, चमचमाती और बिल्कुल नई जैसी। अजय ने कहा, "यह कुर्सी तो अद्भुत है!" प्रिया ने उत्सुकता से कहा, "लेकिन यह असंभव है।

## न्यूज फ्लैश

### महिला से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना सोनीपत पुलिस ने महिला के साथ दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राहुल उर्फ पप्पू निवासी समस्तीपुर बिहार हाल बहालगढ़ का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने गत एक जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। उसे काम की आवश्यकता है। उसके पास वाले कमरे में राहुल नाम का युवक रहता है। उसने कार्य दिलाने का झांसा दिया। उसके साथ दुष्कर्म करने की वारदात को अंजाम दिया। किसी से कुछ कहने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक मीनाक्षी की टीम ने महिला की मेडिकल जांच करवाने के बाद अदालत में बयान दर्ज करवाएं। पुलिस ने वारदात के आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### नाबालिग से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: मुरथल** थाना सोनीपत पुलिस टीम ने बहला-फुसलाकर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विजय निवासी असदपुर गढ़ी मुरथल का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। एक महिला ने गत 29 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी गत 28 दिसंबर को घर से संदिग्ध हालत में लापता हो गई। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्यवाही करते हुए उप निरीक्षक पवन की टीम ने लड़की को बरामद कर उसकी मेडिकल जांच करवाई। उसके बाद अदालत में बयान दर्ज करवाएं। वहीं मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### जयपुर के मणिपाल हॉस्पिटल ने दुनिया की पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरी के साथ स्वास्थ्य सेवा में ऐतिहासिक छलांग लगाई

**श्रीगंगानगर**: राजस्थान की पहली रोबोटिक सर्जरी की सफलता के बाद, मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर ने अब दुनिया की पहली रोबोटिक सहायता प्राप्त कार्डियक टेलीसर्जरी करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ाने और भारत में अत्याधुनिक अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों को पेश करने की दिशा में मणिपाल हॉस्पिटल के प्रयासों को दशार्ती है। अपने नेटवर्क में रोबोटिक सर्जरी का लाभ उठाकर, मणिपाल हॉस्पिटल क्रिटीकल केयर सेवा प्रदान करने के तरीके को बदल रहा है, यह सुनिश्चित कर रहा है कि रोगियों को उपचार में नवीनतम नवाचारों तक पहुँच मिले।टेलीसर्जरी मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर में कार्डियक सर्जरी के प्रमुख डॉ. ललित आदित्य मलिक के नेतृत्व में की गई। अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जिकल तकनीक का लाभ उठाते हुए. डॉ. मलिक और उनकी टीम ने ऑपरेशन की सफलता को सुनिश्चित किया, जिससे सटीक और जीवन रक्षक परिणाम प्राप्त हुए। 9 जनवरी को पहली सर्जरी के बाद, मणिपाल हॉस्पिटल, जयपुर ने 10 जनवरी को दूसरी सर्जरी भी की। दोनो ही ऑपरेशन पुर्ण रुप से सफल हुये व मरीज पूर्ण रुप से स्वस्थ है।मणिपाल हॉस्पिटल्स के एमडी और सीईओ श्री दिलीप जोस ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, देश भर में हमारे अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी जैसी उन्नत तकनीकों को सम्मीलित करके, हमारा लक्ष्य पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा वितरण को बदलना है। हमारा मानना है कि स्वास्थ्य सेवा परिवर्तनकारी और सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए। रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरी में यह अग्रणी उपलब्धि एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है जो पूरे भारत में रोगियों को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवा प्रदान करने के हमारे मिशन को उजागर करती है। यह मणिपाल हॉस्पिटल्स, राजस्थान और देश के पूरे स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गर्व का क्षण है क्योंकि हम नवाचार और रोगी केंद्रित स्वास्थ्य सेवा में अग्रणी बने हुए है।जयपुर में सर्जिकल टीम का नेतृत्य करने वाले मणिपाल हॉस्प्टिल जयपुर में कार्डियक सर्जरी कंसल्टेंट डॉ. ललितादित्य मलिक ने कहा, 59 वर्षीय श्री जगदीश प्रसाद और 56 वर्षीय श्री पवन कुमार की सफल रोबोटिक सहायता वाली टेलीसर्जरी दशार्ती है कि कैसे उन्नत तकनीक दूरियों को कम करके और सटीक, समय पर उपचार को सक्षम करके स्वास्थ्य सेवा में क्रांति ला रही है।

# मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में बुजुर्गों का सम्मान समारोह आयोजित किया

30 बुजुर्गों को दोशाला ओढ़ा कर एवं मोतियों माला पहना कर सम्मानित किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** पांचाल समाज द्वारा आज हरि सिंह कॉलोनी स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर के सभागार में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में बुजुर्गों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 30 बुजुर्गों को दोशाला ओढ़ा कर एवं मोतियों माला पहना कर सम्मानित किया गया। पांचाल समाज के जिला अध्यक्ष विपिन पांचाल ने कहा कि बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर जिला स्तर की कार्यकारिणी बनाने का निर्णय लिया है। बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं हमें इनका अधिक से अधिक सम्मान करना चाहिए। समारोह की अध्यक्षता श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान ईसम कुमार पांचाल ने करते हुए आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में जिला भर से आए हुए बुजुर्गों को मुख्य अतिथि बनाया




गया था। समारोह में सभा के वाइस चेयरमैन सोमपाल फोरमैन, संस्थापक सतपाल पांचाल,मा.रामधारी,मा. फतेह सिंह,प्रेम गढ़ी बेसक,रविंद्र राणा माजरा,फेरूराम पांचाल ने अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने समाज को एकजुट कर बच्चों को शिक्षा दिलाने पर बल दिया। वहीं जिलाध्यक्ष विपिन पांचाल ने जिला कार्यकारिणी के सदस्यों की घोषणा करते हुए बताया कि सतबीर,रमेश,हवासिंह, नफे सिंह, पवन, रविंद्र,आनन्द, कलीराम, इन्द्रपाल, सूरजभान, राजेंद्र भंडारी, शिव कुमार, संदीप, सोमपाल पांचाल, भूपेंद्र पांचाल, रिशीपाल पांचाल व रविंद्र मंडावर को बनाया गया। इस अवसर पर बिजेंद्र पांचाल, जितेंद्र पटवा, नीरज पांचाल, रविंद्र सरनावली, राममेहर कौशिक, मनोज पांचाल, मोहन लाल,शिव कुमार, नीतिन प्रणामी आदि मौजूद रहे। इन्हें किया सम्मानित
तेलू राम पांचाल,धर्मपाल मंडावर,सतपाल बालू, सुरेंद्र देव हरिओम, मा.रामधारी,सतबीर पांचाल, फेरू राम पांचाल, मा. फतेह सिंह, पंडित माधव राज, पंडित हेमंत शुक्ला, प.रमेश शर्मा, बीरबल पांचाल, प्रेम गढ़ी बेसक, इंद्रपाल राणा माजरा, कुलदीप सिंह, बलबीर वाल्मीकि, धर्मवीर पांचाल लडवा, महीपाल जैतपुर गढ़ी, रतन लाल जेहरा, करेशन मंडभर, बाबूराम पांचाल, बेदू पांचाल, पवन पांचाल, डा. जगदीश पांचाल, हवा सिंह डांगी, कली राम पांचाल व राजमल पांचाल आदि शामिल रहे।

**समारोह**

▶▶ जिला अध्यक्ष विपिन पांचाल ने कहा कि बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर जिला स्तर की कार्यकारिणी बनाने का निर्णय लिया

## स्टाफ मेंबर्स ने मकर संक्रांति के त्यौहार का आयोजन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) आई.** बी. महाविद्यालय में संस्कारशाला क्लब के तहत आज स्टाफ मेंबर्स ने मकर संक्रांति के त्यौहार का आयोजन किया गया कइस कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने किया क डॉ गर्ग ने बताया की संस्कारशाला क्लब एवं सभी स्टाफ के सदस्यों ने जरूरतमंदों के लिए दाल और चावल के 1 किलो 500 ग्राम के 100 पैकेट बनाए गए हैं उन्होंने कहा मकर संक्रांति के दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है , सूर्य के एक राशि से दूसरी में प्रवेश करने को संक्रांति कहते हैं क्योंकि सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं इसलिए इस समय को मकर संक्रांति कहा जाता है क साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस दिन से सूर्य देव उत्तर दिशा की ओर बढ़ना शुरू कर देते हैं इसलिए कहीं कहीं जगह मकर संक्रांति को उत्तरायण भी कहते हैं कसंस्कार शाला के संयोजक प्रो अश्वनी गुप्ता ने बताया की दाल चावल के बनाए गए पैकेट असंध पुल के नीचे बैठे हुए जरूरतमंदों, अंसल सुशांत सिटी में लेबर क्लास के गरीब तबके के लोगों को वितरित किए गए और साथ ही साथ बस स्टैंड के पास बने हुए रोटी बैंक को भी दिए गए।

### कार्यालय के बाहर से ट्रैक्टर-ट्राली चोरी

**सोनीपत**
**कुंडली** थाना क्षेत्र के गांव नाथूपुर से चोर एक ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। कार्यालय में लगे सीसीटीवी में वारदात कैद हो गई। पुलिस सीसीटीवी के जरिए चोरों की तलाश कर रही है। गांव नाथूपुर निवासी राकेश ने बताया कि उनके ट्रैक्टर को चालक दीपक चलाता है। दीपक रात को ट्रैक्टर उनके ऑफिस के पास खड़ा कर दिया। राकेश ने बताया कि वह सुबह अपने आफिस पर गए तो वहां ट्रैक्टर नहीं मिला। सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो बाइक पर आए तीन युवकों में से एक ट्रैक्टर ले जाता दिखाई दे रहा है।

## लोहड़ी व मकर संक्रांति का प्रोग्राम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** आश्रम संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी जी ने सभी को लोहड़ी और मकर संक्रांति का रहस्य बताया, जिसमें दीदी जी ने लोहड़ी का राज बताते हुए कहा कि लोहड़ी अर्थात लो हरि मतलब ये संकल्प करें कि हम अब अपनी कमी कमजोरियां छोड़, दुखों तकलीफों को हरने वाले हरि संग प्रीत लगाएं। मकर संक्रांति के बारे में उन्होंने बताया कि जैसे इस दिन से सूर्य उत्तरायण होकर दिन बड़े होने लगते हैं, वैसे ही ज्ञान से मनुष्य का जीवन प्रकाशमय हो जाता है। उन्होंने तिल और गुड़ के माध्यम से जीवन का गहरा संदेश देते हुए बताया कि अकेला तिल कड़वा



होता है, लेकिन गुड़ के साथ मिलकर मीठा हो जाता है। हमें मीठे और विवेकशील शब्दों का प्रयोग करना चाहिए, क्योंकि शब्दों का घाव बहुत गहरा होता है। इस दिन हमें प्रण करना चाहिए कि हम किसी को भी कटु शब्द नहीं बोलेंगे।राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी संजना दीदी ने बहुत सुंदर गीत की प्रस्तुति दी।
कार्यक्रम में कुमारी अनवी,ऋषिका,हर्षिता ने डांस की बहुत सुंदर प्रस्तुति से सबका दिल जीता। ब्रह्माकुमारी एकता दीदी जी ने सभी को मेडिटेशन कराया। मंच संचालन ब्रह्माकुमारी सिमरन दीदी ने किया।
इस प्रोग्राम में सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और बहुत से मुख्य अतिथि जैसे एमडी डॉक्टर रोहित, सबइंस्पेक्टर शिव कुमार जी, एसबीआई बैंक मैनेजर भगवत दयाल जी,सिविल हॉस्पिटल रिटायर्ड डॉक्टर दर्शना, एडवोकेट परवीन त्यागी जी भी शामिल रहे। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

**संस्कृति**

▶▶ मकर संक्रांति के बारे में उन्होंने बताया कि जैसे इस दिन से सूर्य उत्तरायण होकर दिन बड़े होने लगते हैं

### 15 जनवरी से किया जा रहा है कैंप का आयोजन

**शिविर**

▶▶ वार्ड 01 व 02 के लिए 15 जनवरी, वार्ड 03 व 04 के लिए 16 जनवरी पेंशन वेरिफाई कैंप लगेंगे

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के पेंशनधारकों की पेंशन को वेरिफाई करने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा वार्ड अनुसार आयोजित किए गए कैंपों में जो पेशनधारक अपनी पेंशन की वेरिफिकेशन नहीं करवा पाया है उसे दोबारा मौका दिया गया है। उन्होंने बताया कि वार्ड 01 व 02 के लिए 15 जनवरी, वार्ड 03 व 04 के लिए 16 जनवरी, वार्ड 05 व 06 के लिए 17 जनवरी, वार्ड 07 व 08 के लिए 21 जनवरी, वार्ड 09 व 10 के लिए 22 जनवरी, वार्ड 11 व 12 के लिए 23 जनवरी, वार्ड 13 व 14 के लिए 24 जनवरी, वार्ड 15 व 16 के लिए 27 जनवरी, वार्ड 17 व 18 के लिए 28 जनवरी तथा वार्ड 19 व 20 के लिए 29 जनवरी को अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय स्थित अंतोदय भवन में कैंप आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त ने नगर निगम सोनीपत क्षेत्र के पेंशनधारकों का आह्वान किया कि जिन वेरिफाई पेंशन को अवश्य वेरिफाई करवाएं ।

## नागरिक अस्पताल परिसर में बनी सड़क गड्ढों में हुई तबदील

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**
**जिले** के नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आपाताकालीन कक्ष के सामने वाली सड़क छोड़कर अस्पताल परिसर के अन्य रास्ते गड्ढों में तबदील हो चुके है। दो दिन से रूक-रूककर हुई बारिश से गड्ढो में पानी भर गया है। परिसर में सड़क मार्ग की समस्या नई नहीं है। करीब ढाई साल से सड़क टूटी पड़ी है। संबंधित विभाग व अस्पताल प्रबंधन की तरफ से सड़क मार्गो की खस्ता हालत पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अस्पताल में आने वाले मरीजों व कर्मचारियों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में हाल के दिनों में ओपीडी रस्ट्रिेशन की संख्या 2000 से ज्यादा की हो चुकी है। अस्पताल में मरीजों को आने के लिए तीन गेट प्रबंधन की तरफ से लगाए गए है। गेट नंबर-1 जोकि आपातकालीन कक्ष के सामने है। उक्त मार्ग को छोड़कर गेट नंबर-2 के सामने सड़क मार्ग की हालत खस्ता हालत में पहुंच चुकी है। आयुष विभाग के मुख्य गेट के सामने गड्ढों में बारिश के बाद से गड ?ढों में पानी भरा रहता है। जिसके चलते बीमारियों के फैलने का खतरा बन चुका है। वहीं गेट नंबर-2 जोकि शव गृह की तरफ से आता है। उक्त सड़क मार्ग पर जगह-जगह सड़क टूट चुकी है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से सड़क मार्ग को दुरूस्त करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। करीब ढाई साल से अस्पताल में आने वाले मरीजों व कर्मचारियों को समस्या का सामना करना पड़ता है। गेट नंबर-2 के साथ डिप्टी सिविल सर्जन व टीबी विभाग सहित ट्रेनिंग सेंटर स्थापित है। जिसमें आने वाले मरीज व स्टाफ को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**जिम्मेदारों का ध्यान नहीं, मरीजो को उठानी पड़ रही परेशानी-**
नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले लोगों का कहना है कि तेज बारिश में सड़कों का टूटना लाजमी है, लेकिन लगभग ढाई वर्ष बीत जाने के बावजूद परिसर में गड्ढो में मिट्टी-कंक्रीट डालकर राहत दी जा सकती है, लेकिन अभी तक अस्पताल प्रबंधन की तरफ से इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है । यहां का विभाग न तो आम जन का दर्द समझ रहा है और न ही स्थानीय एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान दे रहे है ।

**खस्ता हालत**

▶▶ यहां का विभाग न तो आम जन का दर्द समझ रहा है और न ही स्थानीय एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि

## नशीली दवाइयों की तस्करी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: क्राइम** यूनिट कुंडली की टीम ने नशीली दवाइयों की तस्करी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राजकुमार उर्फ राजा निवासी बरवाला दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। सहायक उप निरीक्षक संदीप की टीम ने गत पांच जनवरी को उनकी टीम गश्त के दौरान खरखौदा बाईपास दिल्ली रोड फ्लाई ओवर के नीचे मौजूद थी। उसी समय सूचना मिली कि गुरुकुल वाली गली थाना रोड पर केमिस्ट की दुकान पर काम करता है। जो दुकान मालिक प्रदीप निवासी रोहणा खरखौदा सोनीपत के मेडिकल स्टोर की आड में मिलकर प्रतिबन्धित नशीली दवाइयों व इंजेक्शन बेचने का काम करता है। टीम ने मौके पर पहुंचकर बाइक पर गत्ता पेटी रखी हुई थी। उसे काबू करके चेक किया तो कुल 14 बॉक्स पाए गए। जिसमें चेक किया तो उसके पास से 1250 इंजेक्शन, 216 कैप्सूल व 2250 टैबलेट बरामद हुई। उक्त दवाइयों का कोई लाइसेंस परमिट व बाइक के कागजात नहीं दिखा पाया। इस संबंध में खरखौदा थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया था। सहायक उप निरीक्षक प्रदीप की टीम ने दो आरोपितो को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है।

**काबू**

▶▶ टीम ने मौके पर पहुंचकर बाइक पर गत्ता पेटी रखी हुई थी। उसे काबू करके चेक किया तो कुल 14 बॉक्स पाए

### किराना स्टोर से हजारों रुपयों की राशि व सामान चोरी

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र के नाथूपुर रोड पर स्थित किराना स्टोर से हजारों रुपये की राशि व सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। दुकानदार ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। प्याऊ मनियारी निवासी तेजप्रताप ने बताया कि वह रात के समय स्टोर बंद कर घर आ गए थे। सुबह स्टोर पर गए तो ताला टूटा हुआ था।

## शहर को स्वच्छ बनाने के लिए करनी होगी मेहनत: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर परिषद के अधिकारियों को कड़ी मेहनत करनी होगी और निरंतर शहर के प्रत्येक डंपिंग स्थल और वार्डों की सफाई व्यवस्था का जायजा लेना होगा ताकि शहर की सफाई व्यवस्था निरंतर बनी रह सके। उपायुक्त नेहा सिंह मंगलवार को देर सायं शहर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने के उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने कैलाश नगर और सेक्टर 13 कांग्रेस भवन के साथ हरियाणा शहरी विकास



प्राधिकरण के खाली पड़ प्लॉट सहित अन्य क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।
उपायुक्त ने कहा कि कुरुक्षेत्र शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के प्रयासों में किसी स्तर पर कमी नहीं आने दी जाएगी और इस विषय को लेकर किसी प्रकार का कोई समझौता किया जाएगा।
उन्होंने कहा कि नगर परिषद के अधिकारियों को वार्डों के अनुसार अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगानी होगी तथा दरोगा और सफाई कर्मचारी निरंतर शहर के डंपिंग स्थलों की सफाई करेंगे और निरंतर निगरानी रखेंगे। इतना ही नहीं लोगों को जागरूक करेंगे कि घर के कचरे को केवल डोर टू डोर जाने वाली टीपरों में ही डालना सुनिश्चित करे और बाहर फैंके। अगर कोई व्यक्ति घर का में फैंकता नजर आए तो उस व्यक्ति के खिलाफ भी नप अधिकारी कार्रवाई करना सुनिश्चित करे।

**सफाई व्यवस्था**

▶▶ वार्डों की सफाई व्यवस्था का जायजा लेना होगा ताकि शहर की सफाई व्यवस्था निरंतर बनी रह सके

## कार ने बाइक सवार को पीछे से मारी टक्कर, दो युवक गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** मेरठ रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक पर दो युवक सवार थे और अपने घर की ओर लौट रहे थे। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक कार के नीचे फंस गई और ड्राइवर उसे तीन-चार मीटर तक घसीटता ले गया। हादसे में बाइक राइडर की टांग में गंभीर चोट आई, जबकि दूसरे को भी मामूली चोटें लगी। घटना की सूचना के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी कार ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच



शुरू कर दी है। टक्कर के बाद गाड़ी ड्राइवर घटनास्थल पर गाड़ी छोडकर भाग निकला। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। डायल 112 पर कॉल के बाद पहुंची टीम ने घायलों को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया। हादसे में अमृतपुर कलां गांव के राहुल व उसके दोस्त कुलदीप को चोटें आई। घायल राहुल ने बताया कि वह 13 जनवरी को अपने दोस्त कुलदीप के साथ गांव जा रहा था। हमने रास्ते में पेट्रोल पंप से बाइक में तेल डलवाया और पेट्रोल डलवाने के बाद घर लौटना शुरू किया था। इसी दौरान पीछे से आई गाड़ी ने लापरवाही और तेज रफ्तार से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों जमीन पर गिर गए और कुलदीप की टांग में गंभीर चोटें आईं। हादसा होता देख आसपास के लोग मौके पर इक्ा हो गए। राहुल की शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर थाना सदर पुलिस ने अज्ञात कार ड्राइवर के खिलाफ बीती देर रात मुकदमा दर्ज कर लिया है। एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि कार ड्राइवर की पहचान के लिए गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर का उपयोग किया जाएगा। पुलिस ने घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाने और आसपास

**जनसभा**

▶▶ र पेट्रोल डलवाने के बाद घर लौटना शुरू किया था। इसी दौरान पीछे से आई गाड़ी ने लापरवाही और तेज

## किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपित किशोर को 20 साल कैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : गन्नौर** थाना क्षेत्र में किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपित किशोर को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र ने की अदालत ने चिल्ड्रन इन कॉन्फ्लिक्ट विद लॉ (सीसीएल) को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 60 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि से 40 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश दिए गए है। गन्नौर थाना क्षेत्र के ग्रामीण ने 14 दिसंबर, 2022 को पुलिस को बताया था कि उनकी 15 वर्षीय बेटी 13 दिसंबर, 2022 की आधी रात से लापता है। उन्होंने बेटी की तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। उनकी बेटी को गांव का ही लड़का पीछा करता था। उन्होंने उसे समझाने की कोशिश की तो उसने धमकी दी थी कि कोई बीच में आया तो जान से मार देगा। उन्होंने शक जताया था कि उनकी बेटी के गायब होने में लड़के का हाथ है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए 22 दिसंबर, 2022 को लड़की को बरामद कर लिया था। मामले में पता लगा था कि गांव की लड़की उनकी बेटी को बहकाकर ले गया था। उसने उनकी बेटी से गलत काम किया था। पुलिस ने मामले में 12 पॉक्सो एक्ट व दुष्कर्म की धारा जोड़ दी थी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लड़के को पकड़ लिया था। वह भी नाबालिग मिला था। हालांकि अदालत ने उसे बालिग की तरह मानकर मामले की सुनवाई की।

अब एएसजे नरेंद्र ने सीसीएल को दुष्कर्म का दोषी माना है। अदालत ने उसे अलग-अलग धाराओं में 20 साल कैद व 60 हजार रुपये जुमार्ना की सजा दी है। जुमार्ना राशि में से 40 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश किए गए है।

# प्रदेश सरकार वनों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू

**उद्घाटन**

**तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धमार्णी ने अत्याधुनिक रोबोटिक आई मशीन का विधिवत उद्घाटन किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमलाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां गैर सरकारी संस्था 'नीडल लीफ फांऊडेशन -द सेवियरइ द्वारा प्रदेश में कार्यान्वित की जाने वाली दो परियोजनाओं का शुभारम्भ किया। संस्था द्वारा इन परियोजनाओं के माध्यम से वनों की आग के नियंत्रण और युवाओं में नशा निवारण व रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा वन संरक्षण व वनों की आग को नियंत्रित करने के लिए बहुआयामी उपाय सुनिश्चित किये गए हैं। इसके दृष्टिगत आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मादक पदार्थों व नशीली दवाओं के दुरूपयोग के लिए व्यापक स्तर पर अभियान आरम्भ किया गया है। मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए अंतरराज्यीय स्तर पर समन्वय से कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि संस्था के प्रयासों से सरकार द्वारा इस दिशा में किये जा रहे कार्यों को संबल मिलेगा।

संस्था के अध्यक्ष सुनील ग्रोवर ने नवीन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव के.के. पंत, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा, नीडल लीफ फांऊडेशन के सदस्य डा. अनिल चौहान, प्रदीप कुमार, एस.एन.कपूर, अजय कोचर, कोषाध्यक्ष राजीव सूद और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# बस स्टैंड में अतिक्रमण को लेकर एसडीएम ने की कार्रवाई

**कार्रवाई**

**इसी पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम अंब सचिन शर्मा ने मंगलवार को इस कार्रवाई को अंजाम दिया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** मंगलवार को अंब बस स्टैंड के अंदर किए गए अतिक्रमण व आइडल पार्किंग करने वाले पर एसडीएम अंब सचिन शर्मा ने कार्रवाई की। पुलिस ने उनकी अगुवाई मे बस स्टैंड के अंदर वाहन खड़े करके चले जाने वाले 15 लोगों के वाहनों के आइडियल पार्किंग के और 10 दुकानदारों के अतिक्रमण के चालान काटे। वहीं दूसरी तरफ बस स्टैंड में दुकानदारों द्वारा दुकानों से बाहर लगाया गए सामान को भी पीछे हटवाया।

एसडीएम अंब ने अपने सामने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

दरअसल कुछ लोगों द्वारा लोकल बस स्टैंड काउंटर्स के आगे गए अपने वाहन खड़े किए जा रहे थे। जिसके चलते बस अड्डा के अंदर बसों को खड़ा करने के लिए जगह ही नहीं बचती थी बस चालक चलते-चलते ही सवारियों को उतार व चढ़ा रहे थे जिसके चलते आए दिन दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता था। इसी के चलते आरएम एचआरटीसी सुरेश धीमान ने एसडीएम अंब से इस पर कार्रवाई करने की मांग की थी। इसी पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम अंब सचिन शर्मा ने मंगलवार को इस कार्रवाई को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि आरएम एचआरटीसी ऊना द्वारा आइडियल पार्किंग व अतिक्रमण के चलते दुर्घटना का अंदेशा जताया जा रहा था।

## हिमाचल में छह दिन तक बर्फबारी के आसार, शीतलहर होगी तेज

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में सर्दी से अभी निजात नहीं मिलेगी। अगले छह दिन मौसम के कड़े तेवर देखने को मिलेंगे।

मौसम विभाग के अनुसार 15 से 20 जनवरी तक राज्य के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी होने का अनुमान है। खासतौर पर 16 और 19 जनवरी को राज्य के मध्यम और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है। वहीं निचले पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में

# घुमारवीं अस्पताल में मंत्री राजेश धमार्णी ने किया रोबोटिक आई मशीन का शुभारंभ

**उद्घाटन**

**यह मशीन घुमारवीं क्षेत्र के निवासियों के लिए नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** हिमाचल प्रदेश के घुमारवीं अस्पताल में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धमार्णी ने अत्याधुनिक रोबोटिक आई मशीन का विधिवत उद्घाटन किया। यह मशीन घुमारवीं क्षेत्र के निवासियों के लिए नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। यह प्रदेश की दूसरी रोबोटिक आई मशीन है, जो आईजीएमसी शिमला के बाद अब घुमारवीं अस्पताल में उपलब्ध हुई है। जिसकी कीमत लगभग तेरह लाख रुपए है।

इस मौके पर धमार्णी ने कहा कि घुमारवीं अस्पताल में रोबोटिक आई मशीन की उपलब्धता से क्षेत्र के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली नेत्र चिकित्सा सेवाएं यहीं पर मिलेंगी। जिससे उन्हें बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। यह मशीन आंखों की बीमारियों का जल्दी और सटीक निदान करने में सक्षम है।

घुमारवीं अस्पताल पर करीब एक लाख लोग निर्भर हैं। यहां रोजाना 450 से 600 मरीजों की ओपीडी होती है, जिनमें से लगभग 100 मरीज आंखों की समस्याओं से संबंधित होते हैं। इस नई सुविधा से अस्पताल क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। घुमारवीं अस्पताल के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश जसवाल ने कहा कि रोबोटिक आई मशीन की सुविधा मरीजों के लिए वरदान साबित होगी।

इससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। इस अवसर पर कई अन्य गणमान्य व्यक्ति, डॉक्टर और अस्पताल प्रबंधन के सदस्य उपस्थित रहे।

यह मशीन घुमारवीं और आस.पास के क्षेत्रों के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बुढ़वार पंचायत के प्रधान, उपप्रधान व सचिव पर मनमानी का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना**ः उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत बुढ़वार के प्रधान, उपप्रधान और पंचायत सचिव के खिलाफ पंचायत में मनमानी और अनियमिता बरतने के आरोप लगे है। पंचायत की तीन महिला वार्ड पंचों ने मामले को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपते हुए पंचायत के विकास कार्यों और फंड के उपयोग में पारदर्शिता न बरतने के आरोप जड़े हैं। इसके अलावा, उनके सुझावों और प्रस्तावों को लगातार अनदेखा करने की बात कही गई है। उन्होंने तीनों पर जल्द आवश्यक कदम उठाने की बात कही है। साथ ही अनदेखी पर अपने पद से त्यागपत्र देने की चेतावनी भी दी है। बुढ़वार पंचायत के महिला वार्ड पंच में शकुंलता देवी, रोशनी देवी व नीलम कुमार का कहना है हमने इस मुद्दे को लेकर खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को ज्ञापन सौंपा है। और आवश्यक कदम उठाने की मांग की। महिला पंचों ने आरोप लगाया कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर फंड का दुरुपयोग किया जा रहा है। पंचायत में होने वाले अधिकांश फैसले बिना उनके परामर्श और सहमति के लिए जाते हैं। उनका कहना है कि पंचायत मजदूरी प्रथा को खत्म करके ठेकेदार द्वारा कार्य शुरू करवाए जा रहे है। किसी भी निर्णय या योजना में महिला पंचों को शामिल नहीं किया जाता। फंड और संसाधनों के उपयोग की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती। वार्ड पंचों ने बताया हमने जनता के कल्याण के लिए चुनाव लड़ा था, लेकिन हमें अपनी भूमिका निभाने का अवसर नहीं दिया जा रहा है। यह न केवल महिला सशक्तिकरण के खिलाफ है, बल्कि पंचायत प्रणाली की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़ा करता है। महिला पंचों ने यह भी चेतावनी दी कि यदि उनकी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे सामूहिक रूप से अपने पदों से इस्तीफा दे देंगी। उधर, खंड विकास अधिकारी बंगाणा सुशील कुमार का कहना है कि महिला पंचों ने ज्ञापन सौंपा है, जिसको लेकर तुरंत जांच के आदेश दिए। बीडीओ ने कहा कि पंचायत इंस्पेक्टर को मामले की जांच कर 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा महिला पंचों द्वारा लगाए गए आरोप गंभीर हैं। हम सुनिश्चित करेंगे कि पंचायत में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहे।

### कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक शाखा धमेटा के वैनर तले वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया

**कांगड़ा विजय समयाल14/01/2024**

कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक शाखा धमेटा के वैनर तले वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन सामुदायिक भवन समकड मे डैलीगेट उपेन्द्र गुलेरिया अध्यक्षता मे किया गया जिसमे ए टी एम फरौड, नया खाता खोलना ,कृषि कार्ड वनाना,मात्र 20 रुपये मे 2लाख का वीमा करवाना महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूह मे सस्ते दरो की अदायगी पर ऋण उपलब्ध करवा कर स्वयं रोजगार अपना कर उन्हें आत्म निर्भर वनाना सस्ते दरों पर ऋण उपलब्ध करवाने वारे विस्तृत जानकारी प्रदान की ग ई इस अवसर श्री साई ग्रुप स्वयं सहायता समुह को 3लाख का ऋण अवटित किया गया सोसाइटी के कांगडा सहकारी वैक से अमित गुलेरिया विजय सिह प्रधान कविता शर्मा वार्ड पंच नरेश कुमार रमेश कुमार रमन कुमार कुशल गुलेरिया शिव सिह सहित गणमान्य लोग इस अवसर पर मौजूद रहे

### आदर्श ज्ञान पब्लिक स्कूल धौलपुर में सालाना कार्यक्रम पर मनाया जश्न

कांगड़ा विजय समयाल

आदर्श ज्ञान पब्लिक स्कूल धौलपुर में बार्षिक पारितोषिक समारोह स्कूल चेयरमैन सुधीर शर्मा की अध्यक्षता में बड़ी धूमधाम से मनाया गया । जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में श्री साई यूनिवर्सिटी के चेयरमेन एस के पुंज बतौर मुख्यातिथि पहुँचे ।उनके पहुचने पर स्कूल प्रबंधन कमेटी ने हिमाचल की पंरपरा को बढ़ाते हुए शाल व हिमाचली टोपी देकर सम्मानित किया। बच्चों ने इनका जोरदार स्वागत किया। स्कूल प्रबंधक सुधीर शर्मा ने बार्षिक रिपोर्ट पेश की ओर सभी आये हुए अतिथियों का स्वागत किया।मुख्यातिथि एस के पुंज ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों के साथ परिजन मैत्री संबध बना कर रहे ।और बच्चों की सोच को हमेशा बड़ा रखे उन्होंने कहा कि आज आई ए एस ओर आई पी एस अधिकारी ज्यादा तर सरकारी या छोटे स्कूलों में पढ़ के सरकार में सेवाएं दे रहे।

उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा के साथ शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से जहां हम ज्ञान अर्जित करते हैं वहीं मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए खेलों में भाग लेना भी जरूरी हैं।

# चिट्टे में संलिप्त को पंचायत से मिलने वाली सभी सुविधाओं से वंचित करने का निर्णय एतिहासिकः धमार्णी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुरः** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धमार्नी में जिला बिलासपुर की औहर पंचायत के उस फैसले की जमकर सराहना कि है और इसे एक सार्थकपहल बताया है। जिसमें पंचायत ने निर्णय लिया है कि यदि पंचायत का कोई भी व्यक्ति चिट्टे जैसे नशे के कारोबार में संलिप्त पाया जाता है तो उसे पंचायत से मिलने वाली सभी सुविधाओं से वंचित कर दिया जाएगा। उन्होंने इस फैसले पर पंचायत के पदाधिकारियों को बधाई दी है। धमार्नी ने कहा कि आज चिट्टा समाज में सबसे बड़ी चिंता का विषय है। चिट्टे का नशा सबसे भयानक व जानलेवा है। जो बड़ी तीव्रता से समाज मे अपनी जड़े फैलाता जा रहा है। और ऐसे फैसलों से समाज में जागरुकता आएगी और नशे के कारोबार पर भी अंकुश लगेगा। धमार्नी ने कहा कि औहर पंचायत की इस तर्ज पर बाकी सभी पंचायतों को भी ऐसे साहसिक निर्णय लेने चाहिए। ताकि समाज में फैली इस बुराई से आने वाली पीढियों को बचाया जा सके।

उन्होंने कहा कि उन्होंने संस्कार सोसायटी के माध्यम से घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान चलाकर जो नशे के खिलाफ सभी पंचायतों के प्रतिनिधियों से मिलकर नशे के खिलाफ अभियान चलाया था उसके नतीजे सामने आने लगे है और जिस तरह से आज पंचायत प्रतिनिधि कड़े फैसले लेकर नशे के विरुद्ध कार्रवाई करने को तत्पर है, उससे जाहिर हो रहा है कि संस्कार सोसायटी नशे के खिलाफ छेड़े गए अभियान से काफी लोग जागरुक हुए है। उन्होंने कहा कि संस्कार सोसायटी आगे भी सभी पंचायतों में जाकर इस अभियान को और आगे बढ़ाएगी। ताकि इस अभियान पर और अधिक सार्थक परिणाम सामने आ सके और प्रदेश की युवाओं को इस नशे से बचाया जा सके। धमार्णी ने कहा कि बिलासपुर पुलिस द्वारा पिछले वर्ष नशे के खिलाफ की गई कार्रवाई में जिस तरह के आंकड़े सामने आए हैं वह बेहद ही चैंकाने वाले है। उन्होंने कहा कि पुलिस के अनुसार पिछले 1 वर्ष में जिला बिलासपुर में ही मादक पदार्थ अधिनियम के कुल 196 केस सामने आए हैं, जिनमें से 33 किलो चरस, करीब डेढ़ किलोग्राम अफीम व 1 किलो से अधिक चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की है।

यह आंकड़े सोचने को मजबूर करते हैं कि आज किस तरह से नशा युवाओं की नसों में घोला जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि सरकार नशे के खिलाफ सख्त सख्त कानून बनाए ताकि युवाओं को इस नशे के जहर से समय रहते बचाया जा सके।

## हिमाचल में मकर संक्रांति पर पवित्र स्नान के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**शिमला**

देशभर में मकर संक्रांति का पर्व आज धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में हिमाचल में भी मकर संक्रांति की धूम है। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर हिमाचल प्रदेश के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है।

सुबह तड़के से ही भक्त पवित्र नदियों और घाटों पर स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। हमीरपुर और कांगड़ा की सीमा पर स्थित बिल महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं का मंगलवार सुबह से ही तांता लगा हुआ है। यहां व्यास नदी में हजारों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई।

# जिला सैनिक कल्याण परिसर में मनाया 9वां पूर्व सशस्त्र सैनिक दिवस

**सैनिक दिवस**

**तजिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय में 9वां पूर्व सशस्त्र सैनिक दिवस मनाया गया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय में मंगलवार को मंगलवार को 9वां पूर्व सशस्त्र सैनिक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सैनिक कल्याण बोर्ड ऊना के उपनिदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल एसके कालिया की।

उन्होंने पूर्व सशस्त्र दिवस हर वर्ष प्रथम फील्ड मार्शल जनरल के एम करियप्पा की स्मृति में 14 जनवरी को मनाया जाता है। वह इसी दिन सेवानिवृत्त हुए थे। इस दौरान वीरता पुरस्कार विजेताओं व वीर नारियों को हिमाचली टोपी व शॉल देकर सम्मानित भी किया। इनमें 8 वीर नारियां, माताएं, एक वीर चक्र, दो शौर्य चक्र और विशिष्ट सेवा मेडल शामिल रहे। इसके अलावा उपनिदेशक ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं तथा उनके समाधान और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों पर भी प्रकाश डाला।

# पीसी मिश्रा बने नगर सुधार समिति के महासचिव

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुरः** बिलासपुर की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष एवं देवभूमि प्रहरी के सम्मान से महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित दिनेश कुमार ने नगर सुधार समिति की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। जिसमें बिलासपुर के स्थाई निवासी रिटायर्ड थाना इंचार्ज सुन्दर नगर कालौनी प्रकाश चन्द्र मिश्रा को समिति के महासचिव पद से नवाजा है। ज्ञात रहे कि संस्था में बेहतर सेवाएं देते हुए पूर्व महासचिव स्वर्गीय राजेन्द्र गौतम जी के स्वर्गवास उपरान्त महासचिव का पद रिक्त चल रहा था, जिसकी पूर्ति हेतु प्रकाश चन्द्र मिश्रा को महासचिव के पद का कार्यभार संभाला गया है।


पदाधिकारियों में संजीव ढिल्लो को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीपराज शर्मा व रामप्यारी ठाकुर को उपाध्यक्ष, देवेन्द्र सिंह व मंजीत कौर को सचिव, तनुज सोनी को प्रेस सचिव व समिति के प्रवक्ता के पद पर तैनात किया गया है। इसके साथ ही रामलाल राणा को कोषाध्यक्ष, प्रवेश चन्देल को अधिवक्ता व कानूनी सलाहकार, मुनीर अख्तर लाली को संयुक्त सचिव, नसीम मोहम्मद को सह-सचिव, अरूण डोगरा को मुख्य सलाहकार, शिवनाथ सहगल को कार्यालय सचिव, अलबेल सिंह को सलाहकार के पद से नवाजा गया है।

इसके साथ कार्यकारिणी सदस्यों में धर्मपाल, निर्मला राजपूत, सुशील पुण्डीर, रामलाल शर्मा, गगन शर्मा, जीवन लाल व कांशीराम आदि को बनाया गया है। उपरोक्त पदाधिकारी जनवरी 2025 से अपना कार्यभार संभालेंगे। समिति ने साफ तौर पर कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों को जड़ से मिटाने के लिए हमेशा तत्पर रहना होगा तथा बिलासपुर में नशा बेचने वालों के खिलाफ जोर-शोर से अभियान चलाना है। समिति के प्रेस सचिव तनुज सोनी ने कहा कि शीघ्र ही समिति की बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें बिलासपुर में फैल रहे नशे के जाल को कैसे रोका जाए इस बारे रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि समिति पुलिस प्रशासन का नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देगी।

# रास्ते के लिए महरूम अंतराष्ट्रीय स्तर पर ख्याती प्राप्त दिव्यांग साहित्कार

**महरूम**

**हरोली के सलोह उपरला में वार्ड आठ के बैंसा दा मोहल्ला में कई घर पक्के रास्ते से महरूम हैं।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** विधानसभा क्षेत्र हरोली के सलोह उपरला में वार्ड आठ के बैंसा दा मोहल्ला में कई घर पक्के रास्ते से महरूम हैं। क्षेत्र में बह रही विकास की ब्यार यहां इस मोहल्ला के लोगों तक नहीं पहुंच पाई है। बीते दिनों इस गांव को प्रधानमंत्री आदर्श गांव के तहत विकास कार्यों के लिए भी चयनित किया गया है, लेकिन अभी तक बुनियादी सुविधाएं भी यहां पंचायत प्रतिनिधि नहीं पहुंचा पाएं हैं। हाल ही में एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर की अध्यक्षता में एक बैठक में विभिन्न गांवों सहित सलोह गांव में भी बड़ी राशि से विकास कार्यों को पूरा करने के लिए प्लान तैयार किया गया है। लेकिन लोगों को पक्के रास्ते की आस अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। वार्ड नंबर आठ के निवासी सुभाष पारस ने बताया कि कई बार प्रशासन सहित पंचायत से इस रास्ते को पक्का करने के लिए मांग की गई, लेकिन अभी तक रास्ता लोगों के चलने लायक नहीं बन पाया है। बता दें कि सुभाष पारस शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं और उन्होंने हिंदी एवं उर्दु सहित पंजाबी भाषा में अपनी लेखनी से साहित्यकार के रूप में अंतर्रराष्ट्रीय स्तर तक ख्याती प्राप्त की है। लेकिन पंचायत स्तर बुनियादी सुविधाओं की आस प्रशासन और पंचायत से लगाकर बैठा है।

तेंदुए की दहशत से भी राहत नहीं सलोह उपरला में के विभिन्न स्थानों पर तेंदुए की आमद से लोग आज भी दहशत में है। अब यहां तेंदुए का जोड़ा और उनके शावक यहां प्रतिदिन आबादी तक डेरा जमा रहे हैं। लेकिन वन विभाग ऊना को इस बारे में पता होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। बाकायदा इस बारे में स्थानीय पंचायत की ओर से वन विभाग रक्षक को सूचित किया गया है। इन दिनों पिंजरा लगा कर लोगों को राहत प्रदान नहीं की गई है। वार्ड आठ के रास्ते को लेकर पंचायत के समक्ष मामला पूरा ध्यान में है। लेकिन कुछ स्थानीय लोगों में आपसी विवाद से इसका निर्माण सिरे नहीं चढ़ पाया। अब इसे बनाने के लिए शेल्फ में डाला गया है। आने वाले दिनों में यकीनन इसका निर्माण होगा। तेंदुए के संबंध में भी वन विभाग को सूचित किया गया है।

# विधायक विवेक शर्मा मकर संक्रांति पर पहुंचे बाबा बाल आश्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने मकर संक्रांति के पावन अवसर पर कोटला कला स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में पहुंचकर राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज का आशीर्वाद लिया।

इस दौरान विधायक विवेक शर्मा ने बाबा बाल आश्रम में उपस्थित संतों और महात्माओं से मुलाकात की और उनसे समाज और क्षेत्र के कल्याण के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि मकर संक्रांति का यह पर्व हमें परस्पर प्रेम, सद्भाव और सेवा का संदेश देता है।

इस पवित्र दिन पर बाबा बाल आश्रम में आकर खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बाबा बाल आश्रम के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि आश्रम द्वारा गरीबों और जरूरतमंदों के लिए किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। उन्होंने आश्रम प्रबंधन को यह आश्वासन दिया कि उनकी सरकार और वे व्यक्तिगत रूप से समाजसेवा के इस कार्य में हरसंभव सहायता प्रदान करेंगे।

विधायक ने कहा कि ऐसे धार्मिक स्थलों से हमें सेवा और समर्पण की प्रेरणा मिलती है, जो समाज को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इससे पूर्व विधायक विवेक शर्मा ने बाथू स्थित कार्यक्रम में भी शिरकत की।

इस मौके पर राम आसरा शर्मा, विवेक मिंका, देसराज गौतम व मोहित शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शौर्य दिवस पर काला आम स्थल पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन )
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पानीपत के काला आम स्थित स्थल पर शौर्य स्मारक समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि अगले वर्ष इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र सरकार शामिल होगी। यह कार्यक्रम हरियाणा सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह से इस कार्यक्रम सम्मिलित होने का आग्रह किया जाएगा और इस स्थल को विकसित करने की रूपरेखा पर विस्तृत कार्य किया



जाएगा। उन्होंने कहा कि पानीपत की भूमि वीरों की भूमि है जो वीरता और एकता को दर्शाती है और इसका संदेश भी देती है। यहीं से मराठों को एकता में रहने का सूत्र मिला और इसके बाद मराठों ने भगवे के स्वाभिमान को आगे बढ़ाते हुए हिंद स्वराज की स्थापना की। मराठों ने वीरता दिखाते हुए मंदिरों, आस्था स्थलों,पूजा स्थलों को तोड़े वाले आक्रांताओं को सबक सिखाते हुए पुनः हिन्दुस्तान में भगवे की स्थापना की। मराठे संकुचित भावना

**शौर्य स्मारक**

**हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह से इस कार्यक्रम सम्मिलित होने का आग्रह किया जाएगा**

को छोड़ देव,देश और धर्म के लिए लड़े। वे जिस मुहिम में हार गए थे उसको दुबारा स्थापित किया। पानीपत की भूमि मराठों,वीरों के रक्त से सिंचित भूमि है। यदि शायद उस समय देश के अन्य राजा मराठों की मदद के लिए आगे आते तो अब्दाली हार जाता। अगर उस समय एक होते तो सेफ होते। एक नहीं थे तो सेफ भी नहीं थे।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का जो नारा दिया है वह तभी पूरा होगा जब जात पात के भेदभाव को भूलकर सारे हिन्दुस्तानी एक होंगे और देश के दुश्मन खंडित होंगे। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब हम एक होकर प्रधानमंत्री के साथ चलेंगे। उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए शौर्य स्मारक समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप पाटिल और स्थानीय किसानों की भी खुले मन से प्रशंसा की।

# मरीजो को सभी सुविधाएं करवाए उपलब्धः विधायक पवन खरखौदा

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
खरखौदा विधायक पवन ने सामान्य नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण करते हुए वहां मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बारीकि से जांच की। इस दौरान उन्होंने हाजिरी रजिस्टर चैक करते हुए अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों व अन्य कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर अस्पताल में आए और छुट्टी के बाद ही अस्पताल से जाएं। अगर कोई भी समय से पहले अस्पताल से नदारद मिला तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

इस दौरान उन्होंने अस्पताल में ईलाज के लिए आए लोगों से बातचीत करते हुए अस्पताल स्टाफ को निर्देश दिए कि अस्पताल में ईलाज के लिए आने वाले लोगों को सभी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध करवाएं और उनके साथ



अच्छा व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी वे किसी भी समय अस्पताल का निरीक्षण कर सकते हैं इसलिए अगर कहीं भी कोई कमी पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर अस्पताल में किसी सुविधा या मशीन की जरूरत है तो एसएमओ सीधा उन्हें बताएं तुरंत उस सुविधा को उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए अनेक योजनाएं चलाई है, जिनका लाभ आज पात्र व्यक्तियों तक पहुंच रहा है। गरीब परिवारों को 5 लाख रुपए तक का फ्री ईलाज करवाने के लिए केन्द्र सरकार ने आयुष्मान तथा हरियाणा सरकार ने चिरायु योजना की शुरूआत की है, जिनके तहत जरूरत पड़ने पर गरीब परिवार अपना ईलाज अच्छे अस्पतालों में आसानी से करवा सकते हैं। इस मौके पर डॉ धीरज, डॉ नवीन, मोहित, गौरव अग्रवाल, नरेन्द्र जांगड़ा, जयपाल राणा, दीपक जांगड़ा, सुशील पाराशर तथा पवन शर्मा सहित अस्पताल का स्टॉफ मौजूद रहा।

## न्यूज फ्लैश

### सबको अपनी जिम्मेवारी समझनी होगी, तभी बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण होगा: संजय



पानीपत, ( कमाल हुसैन)
हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार बाल विवाह के खिलाफ अभियान ' शक्ति ' के तहत आज गांव रिसालू में एमडीडी ऑफ इंडिया और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत के संयुक्त तत्वाधान में बाल विवाह, पॉक्सो व बाल श्रम के खिलाफ ग्रामीणों को जागरूक कर उनसे वचन पत्र भरवाए गए और बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई। आंगनवाड़ी केंद्र पर एकत्रित महिलाओं और किशोरियों के साथ बाल विवाह व बाल मजदूरी पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए शपथ दिलवाई गई। एमडीडी के जिला समन्वयक संजय कुमार ने बताया कि बाल-विवाह करने वाले को दो साल की जेल व एक लाख रुपए जुमार्ना हो सकता है। अगर आपके आस पास कोई बाल विवाह होता है उसकी सूचना अध्यापक, गांव के सरपंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर को दे सकते है। इसके इलावा चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, डायल 112 और 181 पर भी जानकारी देकर बाल विवाह रुकवा सकते है। सरकार का लक्ष्य है कि हम भारत को 2030 तक बाल विवाह मुक्त कर देंगे। यह तभी संभव हो पाएगा जब प्रत्येक नागरिक की भागीदारी होगी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मुकेश ने कहा कि बाल-विवाह को रोकने के लिए प्रत्येक परिवार को जागरूक होना पड़ेगा और वे अपने आस पास के लोगों को भी जागरूक करें तभी हम सामाजिक बुराइयों को खत्म कर सकते है। एमसीडी सामुदायिक कार्यकर्ता पायल और पैरा लीगल वॉलंटियर अनिल ने भी विस्तार से उन्हें बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया। सरपंच राजेश, पंचायत सदस्य जोगिंद्र, हेल्पर संतोष, कविता, सोनिया, राजेश, गुड्डी, आरती, वंशिका, जाह्नवी, तन्नू के अलावा काफी संख्या में महिलाएं व किशोरियां उपस्थित रही।

### डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने नागरिकों की शिकायतें सुनी



पानीपत, ( कमाल हुसैन )
मुख्यमंत्री के निर्देश पर लगाए जा रहे समाधान शिविरों की कड़ी में मंगलवार को जिला सचिवालय के मीटिंग हॉल में डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने नागरिकों की शिकायतें सुनी। डीसी की अध्यक्षता में आज लगे समाधान शिविर में कुल 35 नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। डीसी ने समाधान शिविरों में अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर, सीएम विंडो तथा जनसंवाद में आने वाली हर शिकायत पर सीएम सेल की ओर से लगातार समीक्षा होती है। ऐसे में अधिकारी शिकायतों को निश्चित अवधि में पूरा करें। डीसी ने कहा कि समाधान शिविर हरियाणा सरकार कि अनूठी पहल है। इस दौरान नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए एक ही छत के नीचे सभी अधिकारी मौजूद रहते हैं तथा उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। नागरिकों को अपनी शिकायत के लिए अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। सरकार द्वारा यह बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गई है। समाधान शिविर में आज डीसी के सामने बिजली, पानी, आधार, परिवार पहचान पत्र, जमीनी मामले सहित विभिन्न प्रकार की शिकायतें आई।

# मकर संक्रांति पर्व आस्था का प्रतीक : मूर्ति देवी

टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपतः शहर** की जानी-मानी समाज सेविका मूर्ति देवी ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व भारतीय संस्कृति, परंपरा और आस्था का प्रतीक है। यह दिन सूर्य के उत्तरायण होने और नई ऊर्जा, नई सकारात्मकता तथा उन्नति के शुभ संदेश के साथ आता है। यह पर्व हमारे जीवन में समृद्धि, स्वास्थ्य और सद्भावना का संचार करता है। उन्होंने सोनीपत वासियों को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना भी की।
इस अवसर पर प्रगति नगर, गोहाना रोड पर दीप नर्सिंग एकेडमी की तरफ से विशाल



भंडारे व वस्त्र दान का विशेष आयोजन किया गया। दीप नर्सिंग एकेडमी के डायरेक्टर जगदीप सूरा की माता व समाज सेविका मूर्ति देवी ने भंडारे के कार्यक्रम का शुभारंभ किया और जरूरतमंदों को शाल वितरित की । इस दौरान जगदीप सूरा, संतोष व सुशीला सूरा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे ।
मूर्ति देवी ने इस मौके पर कहा कि हम सभी को एक उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने और अपने कर्तव्य को पूरा करने के लिए धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे मकर संक्रांति पर आत्म चिंतन कर अपने कर्म और धर्म को समझें और अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की ओर एक कदम बढ़ाएं। दीप नर्सिंग एकेडमी के डायरेक्टर जगदीप सूरा ने कहा कि मकर संक्रांति पर दान का विशेष विधान है। इस दिन को खगोलीय, धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

**शुभ संदेश**

**यह दिन सूर्य के उत्तरायण होने और नई ऊर्जा, नई सकारात्मकता तथा उन्नति के शुभ संदेश के साथ आता है**

# होप हॉस्पिटल का रिबन काटकर उद्घाटन किया



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन)
हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मंगलवार को पानीपत के होप हॉस्पिटल का रिबन काटकर उद्घाटन किया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अजय जागलान व एडमिन सुनील मराठा ने पंचायत मंत्री का बुके देकर स्वागत किया। उद्घाटन समारोह में पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि यह पानीपत जिला के लिए खुशी की बात की अब बच्चों के इलाज के लिए कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं। पंचायत मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार का भी यही उद्देश्य है ज्यादा से ज्यादा अस्पताल खोले जाएं।

# दूसरों की मदद करना-जीवन का उद्देश्य: वर्मा



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन ) आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन दिवस पर पानीपत एनएसएस अधिकारी सुनील मलिक का स्कूल पहुंचने पर कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण वर्मा ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। शौर्य दिवस के उपलक्ष्य पर स्कूल के एनएसएस बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए काला अम्ब में शौर्य पराक्रम पर आयोजित प्रोग्राम में बच्चों को ले जाया गया। कार्यक्रम में पहुंचे हमारे देश के राज्य मंत्री युवा मामले भारत सरकार रक्षा खडसे ने स्कूल के एनएसएस बच्चों के साथ विशेष मुलाकात की और उनसे अपने स्कूल में चल रहे 7 दिवसीय कैम्प के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

# शाहबाद के गांव ठोल में आयोजित हुआ नवीन संकल्प शिविर

**कुरुक्षेत्र/शाहबाद मारकंडा:** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत शाहबाद हल्के के गांव ठोल में नवीन संकल्प शिविर का आयोजन हुआ। इस नवीन संकल्प शिविर में गांव के लोगों ने सुविधाओं का लाभ उठाया। सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि नवीन संकल्प शिविर में 44 लोगों को परामर्श और दवाइयां दी गई जबकि 25 लोगों के टेस्ट किए गए। ठोल गांव के शिविर में 41 लोगों को कागजात व नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना संबंधी



सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर इन नवीन संकल्प शिविरों में लोगों की सुविधा के लिए हर प्रकार के लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सौजन्य से लगाए जाने वाले नवीन संकल्प शिविर आगामी 21 जनवरी को शाहबाद हल्के के गांव नलवी में आयोजित किये जाऐंगे।

# नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन सहित आरोपी काबू

पानीपत, ( कमाल हुसैन )
**पुलिस** अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई मुहिम के तहत एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए चुलकाना गांव के अड्डा पर एक युवक को नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शनों सहित गिरफ्तार किया। अरोपी के कब्जे से 12 ब्रुप्रेनॉफिन नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर सप्लायर को भी गिरफ्तार किया। उनकी टीम को सोमवार को गुप्त सूचना मिली की संदीप निवासी चुलकाना नशीले अड्डा पर बेचने की फिराक में घूम रहा है।

# सभी जिलों में नशे के विरुद्ध अभियान को दिया बढ़ावा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** नशा मुक्त हरियाणा संकल्प के साथ साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा आज कुरुक्षेत्र में रहे और पीपली से विभिन्न सेक्टरों में होते हुए निकले। उन्होंने अनेक स्थानों पर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों



एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा एवं पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रायः लोगों द्वारा उनसे साइकिल पर चलने का कारण पूछा जाता है तो वे बताते हैं कि साइकिल पर चलने के विभिन्न कारण हैं। सबसे प्रथम स्वास्थ्य लाभ, दूसरा ईंधन की बचत, तीसरा पर्यावरण संरक्षण और प्रदुषण से बचाव और चौथा सड़कों पर गाड़ियों की बढ़ती संख्या आदि ये अनेक कारण हैं जो उन्हें साइकिल पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। सबसे अधिक मुख्य कारण यह भी है कि लोग उनकी ओर आकर्षित होकर नशा मुक्त अभियान के बारे में पूछते है और जानकर इस अभियान से जुड़ते भी हैं। डॉ. वर्मा की साइकिल के आगे एक प्लेट लगी रहती है जिस पर नशे के विरुद्ध नारे और हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का हेल्पलाइन नंबर 9050891508 लिखा है जिस पर कोई व्यक्ति नशा तस्करी में संलिप्त लोगों की गुप्त सूचनाएं दे सकता है।

**जागरूक**

**हेल्पलाइन नंबर 9050891508 लिखा है जिस पर कोई व्यक्ति नशा तस्करी में संलिप्त लोगों की गुप्त सूचनाएं दे**

# कृषि यंत्रों पर दी जाती हैं 50 फीसदी अनुदान राशि

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन ) उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया की सरकार द्वारा किसानो को फसल अवशेष प्रबंधन करने के लिये कृषि यंत्रो पर 50 फीसदी अनुदान राशि दी जाती है। फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम 2024-25 के तहत 70 फीसदी अनुदान के लिए कृषि यन्त्रों का भौतिक सत्यापन 30 जनवरी 2024 को हो गया था और जिनकी अनुदान राशि 1 लाख से ज्यादा है उन कृषि यंत्रो का 30 फीसदी अनुदान राशि के लिए स्कीम की दिशानिर्देशानुसार पुनः भौतिक सत्यापन किया जायेगा। बेलिंग मशीन और हे रेक मशीन का भौतिक सत्यापन 16 जनवरी 2025 को व सुपर सीडर मशीन का भौतिक सत्यापन 17 जनवरी 2025 को किया जायेगा।
उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र दहिया ने बताया कि किसानो द्वारा 4 अगस्त तक इन यंत्रो के लिये विभाग के पोर्टल पर अप्लाई किया गया था और किसानो द्वारा यंत्र खरीद करके 30 सितंबर तक पोर्टल पर बिल भी अपलोड कर दिये गये थे। कृषि यंत्रो का भौतिक सत्यापन उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा किया जाना है। कृषि विभाग उपनिदेशक डा0 आत्मा राम ने बताया कि किसानो द्वारा 16 जनवरी 2025 को बेलर व हे रेक और 17 जनवरी 2025 को सुपर सीडर नई अनाज मण्डी स्थित विभाग के कार्यालय प्रागंण में गठित टीम द्वारा किया जायगा ।

# मकर संक्रांति का पर्व प्रतीक है परिवर्तन काः श्रीप्रकाश मिश्र

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** भारत के सभी पर्व उत्सव प्रकृति संरक्षण और सामाजिक समरसता की भावना से युक्त हैं। जहाँ एक ओर प्रकृति के संरक्षण और समानता का संदेश है, वहीं दूसरी ओर सामाजिक समरसता का संदेश है। मकर संक्रांति भी इसी प्रकार का पर्व है। मकर संक्रांति भारत में विविध रूप से मनायी जाती है। इसमें भारतीय संस्कृति की विविधता झलकती है। लेकिन भाव भूमि समान है। यह विचार मकर संक्रांति एवं मातृभूमि सेवा मिशन के 22वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम के समापन अवसर श्री राम कुष्ठ आश्रम में



आयोजित नारायण सेवा संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री राम हरि संकीर्तन से हुआ। मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा श्री राम कुष्ठ आश्रम के प्रत्येक परिवार को कम्बल, राशन सामग्री आदि वितरित की गई। श्री राम कुष्ठ आश्रम समिति को मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने भगवान श्रीराम का स्वरूप भेंट किया।
डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कुष्ठ रोगियों के समूह को सम्बोधित करते हुए कहा मकर संक्रांति का महत्व सिर्फ

**समानता**

**इस दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं, जिसे उत्तरायण की शुरूआत के रूप में मनाया जाता है**

धार्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक भी है। इस दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं, जिसे उत्तरायण की शुरूआत के रूप में मनाया जाता है। मकर संक्रान्ति के साथ अनेक पौराणिक तथ्य जुड़े हुए हैं जिनमें से कुछ के अनुसार भगवान आशुतोष ने इस दिन भगवान विष्णु जी को आत्मज्ञान का दान दिया था। इसके अतिरिक्त देवताओं के दिनों की गणना इस दिन से ही प्रारम्भ होती है। महाभारत की कथा के अनुसार भीष्म पितामह ने अपनी देह त्यागने के लिये मकर संक्रान्ति का दिन ही चुना था। मकर संक्रांति का पर्व प्रतीक है परिवर्तन का, सामाजिक समरसता का, एकता व बंधुत्व का डा.श्रीप्रकाश मिश्र ने मकर संक्रांति के महत्व को बताते हुए सामाजिक एकता के ताने बाने को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास चल रहा है, जातिवाद, सांप्रदायिकता के नाम पर एक वर्ग को दूसरे से लड़ाने के प्रयास हो रहे हैं उस ऐसे में मकर संक्रांति का पर्व हमें सामाजिक समरसता का संदेश देता कि। मकर सक्रांति का पर्व न केवल भारत राष्ट्र का बल्कि सम्पूर्ण मानवता का उत्सव है।

# कुवि के ललित कला विभाग द्वारा मकर सक्रांति पर आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग द्वारा बुधवार को नववर्ष व मकर संक्रांति के अवसर पर एक भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी से पवित्र सुखमनी साहिब का पाठ किया गया। इस आयोजन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय प्रो. सोमनाथ सचदेवा तथा उनकी धर्मपत्नी डॉ. ममता सचदेवा मौजूद थे। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे आध्यात्मिकता और सामुदायिकता का प्रतीक बताया। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने



कहा कि त्योहारों का हमारे जीवन में गहरा महत्व है। ये हमें सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों का आदान-प्रदान करते हैं और हमारे जीवन में आनंद और उत्साह का स्रोत बनते हैं।
कार्यक्रम में विभाग के सभी छात्रों, शोधार्थियों, शिक्षकों, और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही, ललित कला विभाग व संगीत विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष, जूलॉजी विभाग और पंजाबी विभाग के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन को विशेष बनाया।

# नरेला: धूमधाम से मनाया गया उत्तरैणी मकरैणी महापर्व






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला में देवभूमि उत्तराखंड एकता मंच नरेला द्वारा कंफर्ट जोन में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्तरैणी मकरैणी महापर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इसमें उत्तराखंड की लोक संस्कृति से जुड़े रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में युवा प्रतिभाओं ने गायन और नृत्य की सुंदर प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में मौजूद उत्तराखंड समाज के लोग पहाड़ी गीतों पर जमकर थिरके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अति. विशिष्ट अतिथियों का संस्था पदाधिकारियो द्वारा पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह भेटकर स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान संस्था के बच्चों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में अत्यंत सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। रुद्रांश सांस्कृतिक ग्रुप द्वारा उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लोकगायक, लोक कलाकारों स्वेता माहरा, गजेन्द्र राणा, जितेंद्र टोमक्याल की अत्यंत मनोहारी प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रमों ने उपस्थित जनता को आनंदित किया और उत्तराखंडी सांस्कृतिक धरोहर की सुंदरता को प्रदर्शित किया। संस्था द्वारा कार्यक्रम में कई स्टाल भी लगाए गए। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए देवभूमि उत्तराखंड एकता मंच नरेला के अध्यक्ष सूरज ने बताया कि हर साल उत्तरैणी मकरैणी महापर्व संस्था द्वारा नरेला में धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमें आस-पास के क्षेत्रों के हजारों लोग पहुंचते हैं। हर साल की तरह इस महापर्व का आयोजन उत्तराखंडी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित और बढ़ावा देने का एक अवसर रहा। इस आयोजन से समाज में एकता, सामूहिक भावना और आपसी सहयोग को बढ़ावा मिलता है।

संस्था पदाधिकारियों द्वारा सभी नागरिकों से आग्रह किया गया कि वह इस पर्व को संयम, श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाए और एकजुट होकर इस महापर्व का आनंद ले। कार्यक्रम पश्चात विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देवभूमि उत्तराखंड एकता मंच के पदाधिकारियों सहित हजारों की संख्या में स्थानीय व उत्तराखंड समाज के लोग मौजूद रहे।

## केजरीवाल के बयानों को तिवारी ने बताया मानसिक संतुलन खराब होने की पहचान



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा सांसद** मनोज तिवारी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल ने प्रेसवार्ता कर जिस तरह से शब्दों का प्रयोग किया, उससे साफ है कि अब वह अपनी मानसिक संतुलन खो चुके हैं। आज की पत्रकार वार्ता से अरविंद केजरीवाल ने खुद को हास्य व्यंग्य का पात्र बनाया है। जिस तरह भाजपा पर पैसे, कम्बल, चादर से लेकर गोल्ड चेन बांटने की मनगढ़त कहानी आज अरविंद केजरीवाल ने सुनाई वह साफ दर्शा गया की केजरीवाल झूठ के बादशाह हैं। आज बोलते हुए अरविंद केजरीवाल की जुबान पूरी तरह से लड़खड़ाती हुई।

## मकर संक्रांति पर वीआईपी फाउंडेशन ने लोगों में बांटी राशन किट





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ विपिन पिव्हाल द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर पाकिस्तान से आए शरणार्थियों को घर-घर जाकर राशन किट भेंट की और लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी भी ली। इस दौरान वीआईपी फाउंडेशन ने लगभग 101 राशन किट भेंट की। उन्होंने बताया कि सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। जिससे की किसी भी व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। इस मौके पर वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल ने यह भी बताया कि फाउंडेशन के द्वारा समय-समय पर फ्री स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जाता है और समय-समय पर पौधारोपण अभियान सहित कई प्रकार के अभियान भी चलाये जाते है। इस मौके पर डॉ. विपिन पिव्हाल के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 'हल्का-ए-तश्नगाने-अदब' की 571वीं गजल गोष्ठी सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: हल्का- ए- तश्नगाने** -अदब के झंडे तले नरेला के न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में 571वीं गजल गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी की अध्यक्षता के के ऋषि साहब ने की। इस गोष्ठी में संस्था की रूह समझे जाने वाले मशहूर शायर सीमाब सुल्तानपुरी उपस्थित रहे तथा अन्य अतिथियों में आचार्य हरि भारद्वाज, एसीपी राजेंद्र कलकल, अब्दुल रहमान मंसूर तथा पूर्व एडमिरल खुर्रम नूर रहे। गोष्ठी का संचालन मशहूर गजल कार जनाब आशीष सिन्हा "कासिद" ने किया।




सरस्वती वंदना कवि शायर राम लोचन ने की। इस गजल गोष्ठी में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से पधारे करीब 40 गजलकारों, शायरों एवं कवियों ने जोरदार प्रस्तुति देते हुए जीवन के विभिन्न आयामो को अपने धारदार शब्दों में बखूबी उकेरा। कवि सुंदर ने कहा कि सबसे ऊपर रहने की अभिलाषा क्या, भाषाओ में तेरी मेरी भाषा क्या। इस तरह अनेक स्वर उभरकर सामने आए जिन्होने गोष्ठी को जीवंत बना दिया। इस गोष्ठी के गजलकारो में प्रमुख थे गोपाल गुप्ता ,डॉक्टर मंजीत दहिया, पवन कुमार तोमर, आसीम कीरतपुरी, कैफ मेरठी, सत्य प्रकाश भारद्वाज, कृष्ण गोपाल विद्यार्थी, शुभ्रा पालीवाल, मास्टर सुंदर सिंह, संजीव नादान, मनोज बेताब कमल, शाकिर देहलवी, डॉक्टर सीमा वत्स, महेंद्र शर्मा मधुकर, कलमकार राजव्रत, संगीता चौहान सदफ, असद खान अश्क, अजय अक्स, अनिल मीत, अरविंद असर, शहादत अली निजामी, प्रमोद शर्मा असर, शोहल मीर आदि गजलकारों ने अपने शिरकत की।

अंत में गोष्ठी के अध्यक्ष के के ऋषि ने सभी का शुक्रिया करते हुए गोष्ठी के समापन के घोषणा की।

## शालीमार बाग आरडब्ल्यूए बीबी ब्लॉक पूर्वी का चुनाव हुआ संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: शालीमार** बाग आरडब्ल्यूए बीबी ब्लॉक पूर्वी का चुनाव सम्पन्न हुआ। इस मौके पर निर्वाचन अधिकारी संजीव सचदेवा, पवन दीवान विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर जानकारी देते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष जवाहर मदान ने बताया कि केवल एक-एक नामांकन ही प्राप्त होने पर सभी निर्विरोध विजयी घोषित हुए। उन्होंने बताया कि शालीमार बाग आरडब्ल्यूए बीबी ब्लॉक पूर्वी का अध्यक्ष जवाहर मदान, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह मलिक, सचिव कपिल चोटवानी, संयुक्त सचिव गुरमीत



सिंह, कोषाध्यक्ष जयदीप मेहरा बने है। इस मौके पर पवन दीवान, राजेश छाबड़ा, विजय अरोडा, विकास हरजाई, दिलीप छाबड़, सविता गुप्ता, वर्षा हीरा, संजय वर्मा, ललित सैनी, विजय मदान, दीपक कोचर, राज सराफ, अमित नरूला, संजीव वर्मा, सतीश, साहिल, के एस बावा, सरबजीत सिंह, योगेश तिवारी मौजूद रहे।

## भाजपा को उठानी पड़ सकती है शिक्षा जगत की नाराजगी: आर सी जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भारतीय जनता** पार्टी को दिल्ली के शिक्षा जगत को पूरी तरह से नजरअंदाज करने का खामियाजा इस बार भी दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भुगतना पड़ सकता है। ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के शिक्षा जगत के पुरोधा आर सी जैन को 2013 में गांधीनगर विधानसभा से प्रत्याशी बनाया था उस समय भाजपा को 32 सीट दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली थी, इसके बाद 2015, 2020 में शिक्षा जगत से जुड़े हुए किसी भी व्यक्ति को भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा या लोकसभा का



उम्मीदवार नहीं बनाया।

**शिक्षा जगत में भारी रोष:** अब 2025 के चुनाव में भी पूरी तरह से शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों को नजअंदाज किया जा रहा है जिससे ऐसे स्कूलों के शिक्षकों और अभिभावकों में बहुत नाराजगी है। दिल्ली में जब कभी भी किसी सरकार ने निजी स्कूलों पर आक्रमण करने का प्रयास किया उस समय स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष आर सी जैन ने आगे बढ़कर ऐसे स्कूलों को नेतृत्व देकर अपनी संगठन क्षमता का परिचय दिया।

ज्ञात हो की 2006 में जब कांग्रेस की सरकार द्वारा दिल्ली में निजी भूमि पर चलने वाले स्कूलों को सील किया जा रहा था उसे समय लाखों अभिभावक और बच्चे सड़क पर आकर जैन के नेतृत्व में अपने बच्चों व स्कूलों को बचाने में कामयाब हुए थे।

## कांग्रेस पर जनता का अटूट विश्वास दिलवायेगा जीत: त्यागी





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी मंगेश त्यागी का लगातार क्षेत्र की जनता के साथ बैठकों का सिलसिला बद्स्तूर जारी है। इसी कड़ी में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर-10 स्थित जगतपुर गांव में क्षेत्रीयों लोगों के साथ जनसंपर्क कर संवाद किया। इस दौरान मंगेश के साथ पार्टी के कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, साथ ही क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों ने मंगेश का स्वागत भी किया। जनसंवाद में क्षेत्र की जनता ने दैनिक जीवन में हो रहीं असुविधाओं को लेकर मंगेश को अवगत करवाया। इसके साथ ही लोगों ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक संजीव झा ने क्षेत्र के लोगों को अपने फायदे के लिए वोटबैंक की तरह इस्तेमाल किया है। लेकिन इस बार हम क्षेत्रवासी वोटबैंक की तरह इस्तेमाल नहीं होने वाले है और हम लोग विधायक संजीव झा का कड़ा विरोध करते है। इस मौके पर मंगेश ने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि इस बार मेरे विधायक बनते ही में सबसे पहले क्षेत्र में जो टूटी-फूटी सडकों, पीने के पानी की समस्या, सीवर जाम की समस्या और लचर पड़ी हुई सफाई व्यवस्था को लेकर काम करूंगा। मंगेश ने कहा कि इस बार क्षेत्र की जनता बुराड़ी में एक बड़ा बदलाव लाना चाहती है। इसलिए क्षेत्रीय विषयों पर चर्चा करते हुए क्षेत्रवासियों ने स्पष्ट कर दिया कि बुराड़ी की जनता इस बार बदलाव और कांग्रेस की अभूतपूर्व विजय सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। आपको बतादें कि विधानसभा चुनाव को लेकर मंगेश त्यागी टिकट मिलने बाद से ही क्षेत्र में निरंतर जनसंपर्क कर लोगों के बीच अपनी जगह बनाने का भरसक प्रयास कर रहे है।

# शालीमार बाग में भाईचारा कमेटी ट्रस्ट द्वारा फ्री एम्बुलेंस सेवा की हुई शुरूआत

### भाईचारा कमेटी ट्रस्ट ने मकर संक्रांति पर 101 जरूरतमंदों में कम्बल का किया वितरण और बांटी खिचड़ी






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के शालीमार बाग इलाके के बीएफ ब्लॉक स्थित सांई मंदिर के पास भाईचारा कमेटी ट्रस्ट के प्रधान राजेश गुप्ता के द्वारा मकर संक्रांति पर फ्री एम्बुलेंस सेवा की शुरूआत की गई। साथ ही 101 जरूरतमंदों में कम्बल का वितरण किया गया और खिचड़ी भी बांटी गई। इस मौके पर शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व निगम पार्षद रेखा गुप्ता, कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी प्रवीण जैन, एसएचओ संजीव कुमार शालीमार बाग, संरक्षक विजय गर्ग, रब्बी गुजराल, निर्मल गर्ग, सुप्रसिद्ध भजन गायक जेडी सूफी, टेकन छाबड़ा, एसके मुद्गल, पूर्णिमा गुप्ता, गोपेश्वर यादव, बलराम गुप्ता, जगदीश बेरीवाल, प्रभाकर पाण्डे, विशु बंसल, मुनिश सहरावत, रचना यादव, प्रवीण गुप्ता, हीना नय्यर, रमेश गर्ग, सत्या यादव, गीता सिराए, बबिता गुर्जर, ललित वर्मा, योगेश जैन, वैभव जैन, संजीव मुद्गल, विकास वत्स, प्रणव जैन, अमित अग्रवाल और कार्यकारणी में राजेश गुप्ता प्रधान, लक्ष्मी गुप्ता चेयरमैन, रेणु छाबड़ा वाइस चेयरमैन, उर्मिला मांझी महिला प्रधान, दुर्गेश शुक्ला युवा अध्यक्ष, प्रदीप कुमार, प्रमोद मुंजाल, विम्मी मुंजाल, पवन झा, देव शर्मा, जय शर्मा, विजय सैनी, सोनी शर्मा, कार्तिक, मयंक सहरावत, प्रिया पहलवान, ईशा शर्मा, शीनू शर्मा, सान्या गुप्ता, सौरभ सक्सेना, राखी, सौम्या सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर भाईचारा कमेटी ट्रस्ट के प्रधान राजेश गुप्ता ने कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का स्वागत किया और कार्यक्रम में आये हुए लोगों का धन्यवाद भी किया।

# योगी को संतों ने बताया सनातन संस्कृति का ध्वजवाहक

## भव्य और दिव्य महाकुम्भ के साथ ही योगी ने महाकुम्भ को बनाया नव्य, संगम स्नान कर बोले संत- साधुवाद सरकार!

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर**

**महाकुम्भ** को इस बार भव्य और दिव्य के साथ-साथ नव्य भी है और वो इसलिए, क्योंकि पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुगलकालीन परम्परा को तोड़ते हुए शाही स्नान समेत कई अन्य कार्यक्रमों को सनातन से जोड़ते हुए नया नाम दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस कदम की महाकुम्भ में हर कोई प्रशंसा कर रहा है। साधु संतों समेत आम श्रद्धालुओं ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सनातन संस्कृति का ध्वजवाहक करार दिया।

सभी संतजनों ने 144 वर्ष पश्चात पड़े इस सुखद संयोग में स्नान कर स्वच्छ, सुरक्षित, दिव्य-भव्य महाकुम्भ के आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इतनी बड़ी भीड़ को नियंत्रित करने, अद्भुत व्यवस्था पर साधु-संतों ने सरकार के प्रति आभार भी जताया।

जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि सरकार की व्यवस्था से बहुत प्रसन्न हूं। सरकार ने महाकुम्भ की व्यवस्था बहुत अच्छी की है। इस व्यवस्था से मैं बहुत प्रसन्न हूं। सरकार ने इतनी बड़ी भीड़ को भी नियंत्रित किया है, इसलिए सरकार साधुवाद की पात्र है। परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश के प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि मोदी-योगी की यह जोड़ी इस देश में नया योग खड़ा करने आई है। योगी जी ने दिखा दिया, वातावरण मस्त-मस्त और सुरक्षा जबर्दस्त है। जो कहते हैं कि हम बंटे पड़े हैं, वे आकर



देखें-सारे घाट पटे पड़े हैं। यह पूरे सनातन का स्नान है। यह अमृत व सनातन के अमर होने का पर्व है। इस कुम्भ ने बताया कि सारे घाट पटे पड़े हैं,लोग कहते हैं हम बटे पड़े हैं। आखिर हम कहां बटे पड़े हैं। करोड़ों कल,करोड़ों आज आए और करोड़ों आ रहे हैं। हर घाट पटा है। मैं सभी को आमंत्रित करता हूं कि आओ महाकुम्भ चलें। संगम के तट से संदेश है कि सनातन का संगम सदैव गंगा के पावन प्रवाह की तरह प्रवाहित रहे। पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि 1982 से कुम्भ में आ रही हूं। कई महाकुम्भ व अर्धमहाकुम्भ किए हैं, लेकिन प्रयागराज महाकुम्भ की अनुभूति अलग ही है। यह अद्भुत कुम्भ है। इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। 500 साल की प्रतीक्षा के बाद रामलला मंदिर में विराजित हुए और उनकी वर्षगांठ हो रही है, इससे महाकुम्भ की महिमा और बढ़ जाती है।

परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश के प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि मोदी-योगी की यह जोड़ी इस देश में नया योग खड़ा करने आई है। योगी जी ने दिखा दिया, वातावरण मस्त-मस्त और सुरक्षा जबर्दस्त है।

**भारतीय परम्परा और संस्कृति को वैश्विक मंच मिला:** अयोध्या के श्री राम वैदेही मंदिर के महंत स्वामी दिलीप दास त्यागी महाराज ने मकर संक्रांति का अमृत स्नान करने के बाद कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमारी सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्जीवित करने का कार्य किया है। महाकुम्भ ने गुलामी के प्रतीक शब्दों से छुटकारा दिलाकर सनातन संस्कृति को नई पहचान दी है।

# धौरेरा के जंगल में मिला महिला का शव, महिला की नहीं हो सकी है पहचान

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: वृंदावन** में रेलवे लाइन के समीप स्थित धौरेरा के जंगलों में एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। यह क्षेत्र थाना जैंत के अंतर्गत आता है। शव मिलने की सूचना पर पहुंची थाना जैंत और वृंदावन पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया

क्षेत्राधिकारी सदर संदीप कुमार सिंह ने घटनास्थल का मुआयना किया। डॉग स्क्वायड टीम को भी मौके पर बुला लिया गया था टीम ने घटना स्थल से साक्ष संकलित किये। महिला का शव जंगल में रेलवे की पटरियों के पास पड़ा हुआ था। महिला की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

घटनास्थल पर क्षेत्राधिकारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम



द्दष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। महिला की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस टीम सक्रिय हो गई है। साथ ही आसपास के इलाकों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह हत्या का मामला है या किसी अन्य कारण से महिला की मृत्यु हुई है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। पुलिस ने जनता से अपील की है कि यदि किसी को महिला की पहचान या घटना से जुड़ी कोई जानकारी हो, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। यह घटना इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### सडक हादसे में एक युवती की मौत, दूसरी गंभीर घायल

**मथुरा।** थाना हाईवे के रामपुर चौराहे पर अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार दो युवतियां को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई। स्कूटी सवार दूसरी युवती भी गंभीररूप से घायल हुई है। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सड़क हादसा थाना हाईवे के राधापुरम चौराहा के समीप दिल्ली और राष्ट्रीय राजमार्ग हुआ जहां अज्ञात वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। सडक हादसे में ज्योति पुत्री प्रताप पहलवान निवासी राधा बैली घायल हो गई, वही मनीषा पुत्री कर्मवीर सिंह निवासी मुरसान गांव भावड़ी हाथरस की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने घायल युवती को अस्पताल में भर्ती कराया। मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। पुंलिस ने हादसे की जानकारी दोनों ही युवतियों के परिजनों को दे दी थी। दोनों युवतियां स्कूटी से राधा वैली जा रही थीं।

### मुरादाबाद निवासी फिरोज खां की लिखी पुस्तक ह्यजानकारीह्न का विमोचन

**मुरादाबाद**

**नागरिक** जनकल्याण समिति की ओर से मुरादाबाद निवासी फिरोज खां की लिखी पुस्तक ह्यजानकारीह्न का मंगलवार को पीरजादा रोड पर स्थित एडम एंड इंग्ज कॉलेज में हुआ। मुख्य अतिथि मुरादाबाद देहात विधानसभा से समाजवादी पार्टी के विधायक हाजी नासिर कुरैशी ने किताब का विमोचन किया। उन्होंने लेखक के शोध और मेहनत की सराहना की। विधायक हाजी नासिर कुरैशी ने आगे कहा कि इस किताब के जरिए हर वर्ग के लोग ज्ञान प्राप्त करेंगे। नेशनल सोशल ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष मिर्जा अरशद बेग ने कहा कि लिखने के लिए हर तरह के संघर्ष से गुजरना होता है। लेखक फिरोज खान ने बताया कि उनकी यह किताब देशप्रेम पर आधारित है। किताब में अमन, मोहब्बत और एकता का संदेश दिया गया है। इस दौरान जाबर खान, सैयद मो. हाशिम, सईदुर्रहमान, मुसर्रत हफीज, शफाअत अहमद खान, मोहसिन खां, शहनवाज खां, मो. तंजीम, यूसुफ वारसी, सरवर मिर्जा आदि मौजूद रहे।

### प्रयागराज महाकुम्भ में दोपहर 12 बजे तक 1.60 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया स्नान

**महाकुम्भनगर,**

**प्रयागराज** महाकुम्भ में मकर संक्रांति पावन पर्व के अवसर पर मंगलवार को दोपहर 12 बजे तक संगम में 1 करोड़ 60 लाख श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है। महाकुंभ के पावन अवसर पर संगम तट पर भक्ति, आस्था और दिव्यता के साथ सनातन का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। गंगा के किनारेश्रद्धालुओं का चहुंओर जनसमुद्र दिख रहा है। सोमवार की रात से पवित्र पावन गांग के किनारे पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। बह्ममुहूर्त से ही मां गंगा के जयकारे के साथ श्रद्धालुजन संगम में डुबकी लगाने लगाने लगे थे। मेला प्रशासन के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे तक एक करोड़ लोगों ने संगम और गंगा के विभिन्न घाटों पर स्नान किया। सुबह 10 बजे तक 1.38 करोड़ श्रद्धालुओं ने मां गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। वहीं दोपहर 12 बजे तक श्रद्धालुओं का आंकड़ा 1.60 करोड़ पहुंच गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मकर संक्रांति के अवसर पर गोरखपुर में मौजूद हैं और उन्होंने प्रदेश और देशवासियों को मकर संक्राति पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। वह हालांकि वह कुंभ मेला की पल पल की रिपोर्ट ले रहे हैं। मेला पर वह नजर बनाए हुए हैं। प्रदेश के आला अधिकारी मुख्यमंत्री को बराबर रिपोर्ट दे रहे हैं। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को उनका सख्त निर्देश है कि किसी भी प्रकार की कोई चूक न होने पाए।

### स्कूल लेवल पर सहकारिता की शिक्षा का प्रयास कर रही सहकार भारती : डा. उदय जोशी

**लखनऊ**

**सहकार** भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.उदय जोशी ने कहा कि सहकारिता के लिए प्रशिक्षण की आवश्कता है, तभी युवा पुरजोर तरीके से सहकारिता आंदोलन से जुड़ेगा। सहकार भारती का प्रयास है कि फार्मा लेवल, स्कूल लेवल पर सहकारिता की शिक्षा देने की व्यवस्था हो। राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.उदय जोशी ने हिन्दुस्थान समाचार के प्रतिनिधि से बातचीत में कहा कि केन्द्र सरकार सहकारिता के क्षेत्र का विस्तार करने के लिए एक विश्वविद्यालय खोलने की योजना में हैं। इससे भी युवा सहकारिता से जुड़ेगें, किंतु वहां पांच वर्ष के बाद ही सहकारिता के लिए व्यक्ति तैयार हो पायेगा। युवाओं को तेजी से जोड़ने के लिए अल्प समय वाले प्रशिक्षण की बेहद आवश्कता है। सहकार भारती की योजनाओं को जमीन पर उतारने के प्रश्न पर डा.उदय जोशी ने कहा कि सहकारिता की योजना का दोष नहीं होता है, उसे क्रियान्वयन कराने वाले में दोष होता है।

## दिबियापुर में 4.95 करोड़ से बनेगा पार्क व नुमाइश पंडाल

**औरैया: शासन** ने जिले के औद्योगिक नगर दिबियापुर को बड़ी सौगात दी है। दिबियापुर में जिले के सबसे बड़े स्टेडियम के निर्माण के लिए जगह आवंटन के बाद अब शासन ने दिबियापुर के ऐतिहासिक नुमाइश मैदान में पंडाल और पार्क सहित बहुद्देशीय स्थल के विकास के लिए 4 करोड़ 95 लाख रुपये की योजना को स्वीकृति दी है। कार्य को इसी वर्ष के अंत तक पूरा किए जाने का लक्ष्य है। नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा ने बताया कि नगर विकास विभाग ने वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत दिबियापुर में फफूंद चौराहे से 50 मीटर की दूरी पर स्थित व्यवस्था के लिए 4 करोड़ 95 लाख की योजना को स्वीकृति की है।

# वसूली : निजीकरण की गर्माहट के बीच ओटीएस में अधिकारी लगा रहे दम

## तीसरे और आखिरी चरण में वसूली के आंकड़े होंगे और दुरुस्त

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** निजीकरण की गर्माहट के बीच लाई गई विद्युत विभाग की ओटीएस योजना में अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से बकाया वसूली के लिए ऐडी से चोटी तक का दम लगा दिया है। अधिकारी गांव गांव और गली गली दस्तक दे रहे हैं। अब तक करोड़ों का बकाया वसूला जा चुका है। ओटीएस योजना के तीसरे और आखिरी चरण में वसूली के आंकड़ों को और दुरुस्त करने की तैयारी की है। ओटीएस योजना 15 दिसंबर 2024 से लागू की गई है। अधीक्षण अभियंता शहर सुरेशचंद्र रावत ने बताया कि शहरी क्षेत्र में 30 हजार उपभोक्ताओं पर करीब 31 करोड़ का बकाया था। ओटीएस योजना के दोनों चरणों में कुल मिला कर 5240 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है। जिनमें से 1700 लोगों ने किस्त बनवाई हैं बाकी ने पूरा बकाया जमा किया है। अब तक करीब 2 करोड़ 98 लाख की राशि वसूली गई है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद अधिकांश शहरी उपभोक्ता ससमय बिल जमा कर रहे हैं। शहर डीवजन से जुड़े देहात क्षेत्र जैंत, राल, बाटी आदि में विद्युत विभाग के बकायेदारों की संख्या ज्यादा थी। अधीक्षण

**बकाया**

**अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से बकाया वसूली के लिए ऐडी से चोटी तक का दम लगा दिया है**

अभियंता शहर सुरेशचंद्र रावत ने बताया कि उनका इसे क्षेत्र पर ज्यादा जोर हैं। देहात क्षेत्र में लगातार कैंप लगाये जा रहे हैं। अब तक विभाग की ओर से लगभग एक सैकडा कैंप देहात क्षेत्र में लगाये गये हैं, जिसके अच्छे परिणाम सामने आये हैं। अधीक्षण अभियंता देहात ने बताया कि लगभग 220 करोड़ का बकाया चल रहा है। ओटीएस योजना के दोनों चरणों में अब तक 87 करोड़ रुपए उपभोक्ताओं से जाम करा लिए गये हैं जो कुल बकाये का लगभग 22 प्रतिशत है। 1 लाख 40 हजार उपभोक्ता ऐसे हैं जो बिल जमा नहीं कर रहे हैं। एक लाख से अधिक के बडे बकायेदारों की संख्या अच्छी खासी है। अब तक करीब 42 हजार उपभोक्ताओं ने इस योजना के तहत रजिस्ट्रेशन कराया है, जबकि इनमें से 20 हजार उपभोक्ता ऐसे हैं जिन्होंने एक मुश्त पूरा बकाया जमा किया है। एक मुश्त जमा पर अधिक छूट मिल रही है। जबकि 22 हजार उपभोक्ता ऐसे हैं जिन्होंने किश्त बनवाई हैं। प्रतिदिन देहात डिवीजन में करीब आधा सैकड़ा कैंप लगाये जा रहे हैं। उपभोक्ताओं को लगातार फोन के माध्यम से योजना के बारे में जानकारी दी जा रही है और उन्हें बिल जमा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिन क्षेत्र कैंप लगाये जा रहे हैं वहां कैंप लगाने से पहले मुनादी भी कराई जा रही है जिससे अधिक से अधिक बकायेदार उपभोक्ता कैंप में पहुंच सकें।

# सूर्य हुए उत्तरायण, मकर संक्रांति को स्नान और दान का बड़ा महत्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर**

**मकर** संक्रांति फसल के मौसम की शुरूआत और सूर्य के मकर राशि में गोचर का प्रतीक है। इस दिन से सूर्य उत?तरायण हो जाते हैं और सर्दी घटना आरंभ हो जाती है। मकर संक्रांति के बाद दिन बड़े होने लगते हैं और उत्तरायण की यह अवधि लगभग छह महीने तक रहती है। यह संक्रांति साल में पड़ने वाली सभी 12 संक्रांतियों में से सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। मकर संक्रांति को हिंदू धर्म में दान पुण?य के कार्य के लिए सबसे महत?वपूर्ण तिथि माना जाता है। इस दिन दान करने का महत?व धर्म शास?त्रों में सबसे खास माना गया है। मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाई जा रही है। इस दिन खरमास समाप?त हो जाता है और सभी शुभ कार्य फिर से आरंभ हो जाते हैं। इस दिन सूर्य राशि परिवर्तन करके पुत्र शनि की राशि मकर में प्रवेश करते हैं। धार्मिक द्दष्टि से यह दिन स?नान और दान पुण?य के कार्य के लिए सबसे शुभ माना जाता है। आइए जानते मकर संक्रांति पर स?नान और दान का मूहूर्त कब से कब तक है। साथ ही जानते हैं इस दिन दान पुण?य करने का क?या महत?व है। शुभ मुर्हूत में स्नान दानसूर्य के मकर राशि में प्रवेश का समय सुबह 8 बजकर 55 मिनट है। इस समय को मकर संक्रांति का शुभ मुहूर्त माना जाता है। इस समय स्नान और दान करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। पुण्यकाल सुबह 8 बजकर 55 मिनट से दोपहर 12 बजकर 51 मिनट तक रहेगा, जिसमें स्नान-दान कर सकते हैं। महापुण्य काल सुबह 8 बजकर 55 मिनट से 9 बजकर 29 मिनट तक का है। इस दौरान अमृत काल भी है, जो इसे और भी शुभ बनाता है।

## हाथों में तिरंगा थामे अमृत स्नान करने महाकुम्भ पहुंचा झारखंड से आया जत्था

**महाकुम्भ नगर: महाकुम्भ** के मकर संक्रांति स्नान पर्व पर प्रयागराज संगम तट पर उमड़ी भीड़ में सामाजिक एकता के साथ ही राष्ट्रीय एकता का संदेश देने वाली आवाजें भी सुनाई देती रहीं। एक ओर अमृत स्नान के लिए निकलने वाले अखाड़ों के साथ चल रहे श्रद्धालु जगह-जगह पर भारत माता की जय और वंदे मातरम का नारा लगाते दिखे तो दूसरी ओर स्नान करने के लिए आए श्रद्धालुओं का जत्था हाथों में तिरंगा थामे राष्ट्रीय एकता का संदेश देता दिखाई दिया। राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत दिख रहे श्रद्धालु झारखंड से मकर संक्रांति स्नान पर्व पर स्नान करने महाकुम्भ प्रयागराज पहुंचे मनोज कुमार श्रीवास्तव अपने जत्थे के साथ हाथों में मातरम के नारे लगाते संगम की ओर बढ़ते दिखे।

# सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ होगी कानूनी कार्यवाही



**लोकेश चौधरी**


**मथुरा।** जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी चौमुहां ब्लॉक के गांव सेनवा में प्रधान और ग्रामीणों के बीच चले आ रहे जमीनी विवाद की जांच करने पहुचीं। कुछ ग्रामीणों ने प्रधान पर अपनी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया, तो वही प्रधान श्रीमती आशा देवी ने सरकारी जमीन को ग्रामीणों से कब्जा मुक्त कराए जाने की बात कही। प्रधान प्रतिनिधि प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि ग्रामीण खेल मैदान पर कब्जा करना चाहते है। खेल मैदान के चारो तरफ की गई तार फेंसिंग को ग्रामीण काट देते हैं। कुछ लोगों ने खेल मैदान में भूषा और उपले पाथकर अवैध अतिक्रमण कर रखा। जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी ने बताया कि गांव सेनवा में आपसी जमीनी विवाद को लेकर शिकायत मिली थी। ग्राम पंचायत में खेल मैदान, आरआरसी सेंटर और पंचायत भवन बनाने के लिए खाली कराई गई सरकारी जमीन को लेकर ग्रामीण और प्रधान के बीच कुछ मतभेद चल रहा था। उक्त जमीन की राजस्व विभाग द्वारा पुनः पैमाइस कराई जाएगी। ग्रामीणों में जो जमीनी विवाद था उसे समाप्त करा दिया गया है। बताया कि ग्राम पंचायत में बालिकाओं के लिए क्षेत्र पंचायत की निधि से जल्द ही खेल मैदान बनाया जाएगा। बालिका खेल मैदान के लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है। जिन लोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है उसके लिए पंचायत सचिव को निर्देशित किया है कि वह उन्हें नोटिस जारी कर जमीन को कब्जा मुक्त कराए जाने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा की कोई भी ग्रामीण सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा न करे। सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

इस अवसर पर एडीओ पंचायत सतीश चंद शर्मा, पंचायत सचिव विकास उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# जोधपुर झाल में पहली बार दिखा प्रवासी पक्षी रोजी पेलिकन

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा विकसित जोधपुर झाल वेटलैंड पर प्रवासी पक्षियों में सबसे बडे आकार के पक्षी रोजी पेलिकन पहली बार नजर आए हैं। 38 की संख्या में दो समूह में यहां पहुंच कर इन प्रवासी पक्षियों ने जोधपुर झाल वेटलैंड के आकर्षण को और बढ़ा दिया है। आगरा और मथुरा जनपद के मध्य फरह क्षेत्र स्थित जोधपुर झाल का संरक्षण उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा किया जा रहा है। इसके कारण जोधपुर झाल पक्षियों का बेहतर ढिकाना बन गया है। देश विदेश से बड़ी संख्या में पक्षी यहाँ पहुँच रहे हैं। इसमें पहली बार सबसे बड़े प्रवासी पेलिकन ने



भी जोधपुर झाल पर पहली दस्तक दी है। अभी तक यूरोप से आने वाली पेलिकन की प्रजातियां भरतपुर के घना और आगरा के सूरसरोवर में नजर आते थे। पहली बार प्रवासी पक्षी रोजी पेलिकन के दो समूह जोधपुर झाल पर देखे गए हैं। बायोडायवर्सिटी रिसर्च एंड डवलपमेंट सोसाइटी के पक्षी विशेषज्ञ डॉ के पी सिंह ने बताया कि भारत में पेलिकन की तीन प्रजातियां मिलती हैं। इन में डालमेशन पेलिकन और ग्रेट व्हाइट पेलिकन (रोजी पेलिकन) प्रवासी प्रजातियां हैं जबकि स्पॉट बिल्ड पेलिकन प्रजनक आवासीय प्रजाति है। आगरा के सूरसरोवर और भरतपुर के घना में डालमेशन पेलिकन और ग्रेट व्हाइट पेलिकन (रोजी पेलिकन) प्रजातियां अपने सर्दियों के प्रवास के दौरान डेरा डालती हैं। रोजी पेलिकन पक्षी वर्ग के परिवार पेलेकेनिडे में वर्गीकृत सबसे बडे आकार का पक्षी है। इसका वैज्ञानिक नाम पेलेकेनस ओनोक्रोटलस है। रोजी पेलिकन सेन्ट्रल एशियन फ्लाई वे के अंतर्गत उत्तर पूर्व यूरेशियन क्षेत्र जॉर्जिया, अजरबैजान, कजाकिस्तान, यूक्रेन में प्रजनन करती हैं। इस क्षेत्र में प्रजनन करने वाली रोजी पेलिकन की जनसंख्या भारत के तराई क्षेत्र के अलावा तुर्कमेनिस्तान, इरान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार, थाईलैंड में सर्दियों के प्रवास पर आती हैं। जलीय पक्षियों पर शोध कर रही निधि यादव बताती हैं कि स्वच्छ पानी की झील पेलिकन का हेविटाट होता है। पेलिकन का मुख्य भोजन मछलियां होती हैं। पेलिकन मछली

# आखिरी तीन महीने लक्ष्य पूरा करने को प्रशासन का वसूली पर रहेगा जोर

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कर करेत्तर, राजस्व प्रशासन, राजस्व कार्यों, राजस्व वादों, आइ.जी.आर.एस की मासिक समीक्षा बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार सहित सभी उप जिलाधिकारी, न्यायिक उप जिलाधिकारी, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के साथ राजस्व वसूली एवं कर करेत्तर की मासिक समीक्षा की, जिसमें



सभी को प्रत्येक दशा में शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी को अपनी अपनी कोर्ट में बैठने, समयंतर्गत वादों के निस्तारण तथा पुराने प्रकरण को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों से कहा कि अपने अपने विभाग से संबंधित लक्ष्यों को पूर्ण करें और आरसी का मिलान करते हुए वसूली में तेजी लाएं। समयावधि का विशेष ध्यान रखा जाए। इस वित्तीय वर्ष 2024 में तीन महीने ही शेष रह गए हैं, इन तीन महीनों में वसूली कर लक्ष्य को पूरा किया जाए। उन्होंने

निर्धारित लक्ष्य से कम वसूली करने वाले अधिकारियों को अपने कार्यों में तेजी लाने, भविष्य में लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। तहसीलों से जारी आरसी का शत प्रतिशत वसूली कराना सभी उप जिलाधिकारी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली के संबंध में सभी अधिकारियों से कहा कि अपने अपने क्षेत्रों में जारी हुई आरसी का मिलान करें तथा कर्मचारी लगाकर कार्यों को तेजी से निस्तारण कराएं। सभी उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्रों में व्यापारियों के साथ बैठक कर लक्ष्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**संयुक्त चेकिंग करके चालान में प्रगति लाने के निर्देश दिए**

वाहनों की ओवर स्पीड, ओवर लोडिंग, नशा करके वाहन का संचालन आदि अभियोग में पुलिस व राजस्व अधिकारियों के साथ संयुक्त चेकिंग करके चालान में प्रगति लाने के निर्देश दिए। तहसील स्तर पर विस्थापन संबंधी कार्यो में गति लायी जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत सभी प्रकार के प्रमाण पत्रों का निर्धारित अवधि में निर्गत करना सुनिश्चित करें।

# इंजीनियरिंग और मॉडलिंग छोड़ सनातन धर्म से जुड़ रहे युवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर**

**प्रोफेशनल** लाइफ जी रहे आज के दौर के युवाओं में पुरातन सनातन संस्कृति का आकर्षण लगातार बढ़ता जा रहा है। देश-विदेश में स्थापित एंकर, मॉडल और इंजीनियर जैसे पेशेवर अब भारतीय परंपराओं और अध्यात्म से गहराई से जुड़ रहे हैं। महाकुम्भ के दौरान ऐसे तमाम उदाहरण सामने आए। इनमें एक ओर उत्तराखंड की युवती ने ग्लैमर की दुनिया छोड़कर स्वामी कैलाशानंद गिरि से दीक्षा ली, तो दूसरी ओर आईआईटी बॉम्बे के



एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के स्टूडेंट रहे इंजीनियर बाबा ने विज्ञान के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्म की गहराइयों से परिचित कराया। उत्तराखंड निवासी हर्षा देश और विदेश में ग्लैमर इंडस्ट्री का हिस्सा रही हैं। उन्होंने महाकुम्भ में सनातन धर्म की दीक्षा ली। उन्होंने कहा, प्रोफेशनल लाइफ में दिखावे और आडम्बर से भरी जिंदगी ने मुझे उबा दिया। मैंने महसूस किया कि वास्तविक सुख और शांति केवल सनातन धर्म की शरण में ही है। स्वामी कैलाशानंद गिरि से दीक्षा लेने के बाद मैंने जीवन का नया अर्थ समझा है। हरियाणा के मूल निवासी और आईआईटी बॉम्बे के पूर्व छात्र अभय सिंह को अब इंजीनियर बाबा के नाम से जाना जाता है।

## सीएम योगी ने महाकुम्भ को बनाया नव्य

### शाही स्नान और पेशवाई जैसे शब्दों से छुटकारा दिलाने के लिए सीएम योगी का जताया आभार

**भव्य और दिव्य**

**▸▸ संतों और श्रद्धालुओं ने योगी को बताया सनातन संस्कृति का ध्वजवाहक, हर कोई कर रहा प्रशंसा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर:** महाकुम्भ 2025 को इस बार भव्य और दिव्य के साथ-साथ नव्य भी है और वो इसलिए, क्योंकि पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुगलकालीन परंपरा को तोड़ते हुए शाही स्नान समेत कई अन्य कार्यक्रमों को सनातन से जोड़ते हुए नया नाम दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस कदम की महाकुम्भ में हर कोई प्रशंसा कर रहा है। साधु संतों समेत आम श्रद्धालुओं ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सनातन संस्कृति का ध्वजवाहक करार दिया।

**भारतीय परंपरा और संस्कृति को वैश्विक मंच मिला**

अयोध्या के श्री राम वैदेही मंदिर के महंत स्वामी दिलीप दास त्यागी जी महाराज ने मकर संक्रांति का अमृत स्नान करने के बाद कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमारी सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्जीवित करने का कार्य किया है। महाकुम्भ 2025 ने गुलामी के प्रतीक शब्दों से छुटकारा दिलाकर सनातन संस्कृति को नई पहचान दी है। इस बार अमृत स्नान का दिव्य और भव्य अनुभव ऐतिहासिक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि "शाही स्नान" और "पेशवाई" जैसे मुगलकालीन शब्दों को हटाकर "अमृत स्नान" और "छावनी प्रवेश" जैसे सनातनी शब्दों को शामिल करना सनातन संस्कृति को सशक्त करने की दिशा में बड़ा कदम है। आज यह आयोजन भारतीय परंपराओं और संस्कृति को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत कर रहा है।

**महाकुम्भ में परंपरा और संस्कृति का जुड़ा नया अध्याय**

महाकुम्भ 2025 इस बार सांस्कृतिक और परंपरागत बदलावों का गवाह बना। 144 साल बाद पुष्य नक्षत्र का दुर्लभ संयोग इस आयोजन को और भी खास बनाता है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने बताया कि यह पहली बार है जब महाकुम्भ में उर्दू शब्दों को बदलकर हिंदी और सनातनी शब्दों का उपयोग किया गया है। उन्होंने कहा, "यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया गया था, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। अब 'शाही स्नान' और 'पेशवाई' जैसे शब्द इतिहास बन गए हैं और उनकी जगह 'अमृत स्नान' और 'छावनी प्रवेश' ने ले ली है।"

**अमृत स्नान बना पवित्र अवसरों का संगम**

महाकुंभ 2025 में कुल 6 प्रमुख स्नान पर्व आयोजित किए जाएंगे, जिसमें तीन अमृत स्नान होंगे। सभी स्नान पर्वों और अमृत स्नान के दौरान गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर करोड़ों श्रद्धालु इन आस्था की डुबकी लगाएंगे।

**शासन-प्रशासन मेले की व्यवस्थाओं पर रखे हैं नजर**

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर:** प्रयागराज महाकुम्भ-2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पौष पूर्णिमा का स्नान सोमवार को सकुशल संपन्न हुआ। मंगलवार को मकर संक्रांति के अमृत स्नान पर भी दोपहर तक पौने दो से दो करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर लिया। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से ही पल-पल की अपडेट भी ले रहे हैं। उनके निर्देश पर प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार समेत अन्य आलाधिकारी भी मेले की व्यवस्थाओं पर नजर रखे हैं।

## सीएम विंडो की शिकायतों में लापरवाही की तो कर्मचारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई -

**निर्देश**

**▸▸ काम में लापरवाही के लिए एडीसी चरखी दादरी को स्पष्टीकरण नोटिस किया जारी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार ने कहा है कि सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों को लेकर लापरवाही करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिक संसाधन सूचना विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी 15 दिनों के अंदर अपने स्कोर को सुधार कर मुख्यमंत्री कार्यालय को रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। डॉ साकेत कुमार आज चण्डीगढ़ में सीएम विंडो (शिकायतों) से सम्बंधित नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। एक मामले में उन्होंने चरखी दादरी जिला से संबंधित शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एडीसी, चरखी दादरी को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने सेवा विभाग से सम्बंधित वर्ष 2021 से लंबित एक शिकायत को अभी तक अंडरटेक न करने पर सम्बंधित अधिकारी की जिम्मेवारी निर्धारित करते हुए की गई कार्यवाही से अवगत करवाने हेतु सेवा विभाग के निदेशक को निर्देश जारी किए है। अतिरिक्त प्रधान सचिव ने विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों के सम्बन्ध में फीडबैक लिया और सभी को शिकायतों का तत्परता से समाधान करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर शिकायतों के समाधान में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक के दौरान उन्होंने पशुपालन विभाग, सेवा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और नागरिक संसाधन सूचना विभाग से सम्बंधित शिकायतों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री के विशेष कार्य अधिकारी राकेश संधू सहित विभिन्न विभागों के सीएम विंडो के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला जापानी डेलिगेशन



**प्रोजेक्ट्स पर बात**

**▸▸ प्रोजेक्ट्स को शुरू करने के लिए सभी प्रकार की जरूरी सुविधाएं अब एक छत के नीचे उपलब्ध हो रही**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आज एक जापानी डेलिगेशन ने मुलाकात की और हरियाणा में लगाए जा रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर चर्चा हुई। डेलिगेशन में फुमियो सशीडा, चेयरमैन, काजुनूबो मियाके, गुआन जैमिन, जनरल मैनेजर, ए टी एल व सुमित शामिल थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता व विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने बताया कि विदेशी निवेश को आकर्षित करने व विदेशी निवेशकों की मदद के लिए विदेश सहयोग विभाग स्थापित किया गया है। अनेक बड़ी कंपनियां आज हरियाणा में अपने प्रोजेक्ट्स लगाने की इच्छुक हैं। सरकार ने निवेशकों के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर व कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध कराई है जिसके चलते आज गुरुग्राम सहित एनसीआर रीजन में अनेक नामी कंपनियां निवेश करने की इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि कि प्रोजेक्ट्स को शुरू करने के लिए सभी प्रकार की जरूरी सुविधाएं अब एक छत के नीचे उपलब्ध हो रही है। इसी के चलते हरियाणा निवेशकों की पहली पसंद बन गया है।डेलिगेशन ने बताया कि जापानी कंपनी टीडीके सोहना में बड़ा प्लांट लगा रही है। इससे न केवल युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भी उत्तरोत्तर वृद्धि होगी।

## पात्र परिवारों को जल्द मिलेंगे 100-100 गज के प्लाट



**समीक्षा**

**▸▸ मकान बनाने के लिए पैसे भी मिलेंगे, सैनी ने हाउसिंग फॉर आल विभाग की सभी योजनाओं की समीक्षा की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 'मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना' और 'प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना' के तहत प्रदेश सरकार सभी गरीब परिवारों को जल्द ही आशियाना उपलब्ध कराएगी। इसके लिए हाउसिंग फॉर आल विभाग द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध किये जा चुके हैं। प्रदेश के पात्र लोगों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट आबंटन की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से पूर्ण की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहाँ आयोजित की गई हाउसिंग फॉर आल विभाग की समीक्षा बैठक में यह जानकारी प्रदान की गई। योजना के तहत 100-100 वर्ग गज के प्लॉट शहरों की तर्ज पर सभी बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित विकसित कॉलोनियों में दिए जाएंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री द्वारा 100 करोड़ रूपए की राशि की स्वीकृति पहले ही प्रदान की जा चुकी है।

**पेमेंट के लिए लोन की भी हो व्यवस्था**

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र परिवारों को फ्लैट या प्लाट आबंटन के लिए दी जाने वाली राशि को बैंकों के माध्यम से फाइनेंस करवाए जाने की सुविधा भी हो ताकि एकमुश्त भुगतान की व्यवस्था न होने की स्थिति में भी कोई पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। बैठक में बताया गया कि योजनाओं के तहत प्रदेश में ऐसे सभी पात्र परिवारों को चिन्हित किया जा चुका है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पंचकूला में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आगामी 25 जनवरी को राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पंचकूला में किया जाएगा। हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन नागरिकों को मताधिकार का प्रयोग करने के सम्बन्ध में शपथ भी दिलवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मतदान केंद्र के स्तर से लेकर ब्लॉक, विधानसभा क्षेत्र, जिला और राज्य स्तर तक पूरे देश में मनाया जाता है। यह दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में मतदाता के रूप में शामिल करवाने के लिए जन-साधारण के बीच जागरूकता फैलाना है। साथ ही, इसका उद्देश्य विभाग द्वारा विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी एजेंसियों के सहयोग से स्कूली और कॉलेज छात्रों द्वारा खंड, जिला और राज्य स्तर पर रंगोली बनाने, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिताओं, रैलियां, परेड टुकड़ियां, नुक्कड़ नाटक आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके चुनावी भागीदारी को बढ़ावा देना भी है।

## खिचड़ी मेले में श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर: मकर** संक्रांति के पावन पर्व पर गोरखनाथ मंदिर में आयोजित विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेले में आए लाखों श्रद्धालु योगी सरकार की तरफ से किए गए अभिवादन से अभिभूत हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खिचड़ी मेले में आए श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई।

इस अभूतपूर्व स्वागत से हर्षित श्रद्धालुओं ने शिवावतार गुरु गोरक्षनाथ के खूब जयकारे लगाए और मुख्यमंत्री के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की। गोरखनाथ मंदिर का खिचड़ी मेला श्रद्धालुओं की संख्या के मामले में अभूतपूर्व रहा तो उनका स्वागत भी दिल जीतने वाला रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशानिर्देश पर मेले में आए श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। आसमान से अपने ऊपर स्वागत के फूल गिरते देख श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

## विदेश सहयोगी विभाग का मार्गदर्शन लेकर ही बच्चों को विदेश भेजें: राव

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:**-हरियाणा के विदेशी सहयोग मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि विदेशों में रोजगार के लिए अपने बच्चों को भेजते समय अभिभावक डंकी जैसे शार्टकट प्रक्रिया को न अपनाएं।

कबूतरबाजी करने वाले लोगों पर सरकार की पैनी नजर है और ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री ने कहा कि युवा विदेश जाने के नाम पर किसी के चंगुल में न फंसे, इसलिए प्रदेश सरकार ने अलग से विदेश सहयोग विभाग का गठन किया है।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमीरात व अन्य अरब देशों में ड्राइवर, प्लंबर, राज मिस्त्री व भवन निर्माण से जुड़े अन्य श्रमिकों की खासी मांग है। इसलिए सरकार ने विदेशी भाषा सीखने और उससे संबंधित एजेंसी से प्रमाणित करवाने का प्रबंध किया है और खर्च सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि बाहरी देशों की जरूरतों की अनुसार कौशल प्रदान करने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है, इसलिए विभिन्न देशों की भाषाओं में हरियाणा के युवाओं को दक्ष बनाने के लिए नीति भी बनाई जा रही है। इसके अलावा हरियाणा सरकार ने कौशल रोजगार निगम के माध्यम से अरब देशों में काम करने के इच्छुक युवाओं पोर्टल खोला है। इस पोर्टल पर युवा अपना रजिस्ट्रेशन करवाकर वैध तरीके से विदेशों में काम करने जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि डोंकी के रास्ते विदेश जाने वाले युवाओं को शारीरिक व आर्थिक पीड़ा से जूझना पड़ा है और कई बार उनकी जान को भी जोखिम हो जाता है।

## बीकानेर, जयपुर, भरतपुर अजमेर, कोटा संभाग में बारिश-ओलावृष्टि संभव

**जयपुर। प्रदेश** में फिर से सक्रिय हो रहे पश्चिम के चलते 15 जनवरी को प्रदेश के 20 से अधिक शहरों में बारिश और ओलावृष्टि देखने को मिल सकती है। जयपुर सहित कई शहरों में मंगलवार को सुबह घना कोहरा देखने को मिला। इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घने कोहरे के चलते वाहन चालकों को लाइट्स जलानी पड़ी। घने कोहरे के चलते विजिबिलिटी 10 से 40 मीटर के बीच रही। घने कोहरे के कारण जयपुर-सीकर (रींगस) हाईवे पर मंगलवार सुबह आपस में तीन गाड़ियां भिड़ गईं। इसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।




**सनातन** — गूगल ट्रेंड्स के अनुसार इस्लामिक देशों में महाकुम्भ को लेकर हो रही खूब चर्चा

## पाकिस्तान और अरब देशों में भी महाकुम्भ की धूम



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर:** महाकुम्भ अब सिर्फ भारतीय आयोजन नहीं रहा, यह एक वैश्विक पर्व बन गया है। तीर्थराज प्रयागराज में सोमवार को महाकुम्भ 2025 का भव्य शुभारंभ हो चुका है। ब्राजील, जर्मनी, जापान, इंग्लैंड, अमेरिका और स्पेन जैसे देशों के श्रद्धालु भी प्रयागराज पहुंचने लगे हैं। यह आयोजन अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनातन संस्कृति के बढ़ते प्रभाव को दिखा रहा है। खास बात ये है कि पाकिस्तान और अरब समेत इस्लामिक देश भी महाकुम्भ में रुचि दिखा रहे हैं। गूगल ट्रेंड्स के अनुसार, इस्लामिक देशों में योगी सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे महाकुम्भ के आयोजन को खूब सर्च किया जा रहा है।

**पाकिस्तान में महाकुम्भ के चर्चे**

महाकुम्भ को सर्च करने वाले देशों की सूची पर नजर डालें तो पहला नाम सबसे ज्यादा चौंकाता है जो कि पाकिस्तान है। भारत के परस्पर विरोधी देश में लोग महाकुम्भ के आयोजन और यहां जुट रही व्यापक भीड़ को खूब सर्च कर रहे हैं। पाकिस्तान के बाद कतर, यूएई और बहरीन जैसे देशों ने महाकुम्भ में गहरी रुचि दिखाई है। इसके अलावा, नेपाल, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, आयरलैंड, ब्रिटेन, थाईलैंड और अमेरिका जैसे देशों के लोग भी महाकुम्भ के बारे में पढ़ और खोज रहे हैं।

**सनातन संस्कृति का बढ़ता वैश्विक प्रभाव**

महाकुम्भ में अंतरराष्ट्रीय तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या यह दिखाती है कि सनातन संस्कृति का प्रभाव तेजी से फैल रहा है।

संगम में डुबकी लगाने वाले सिर्फ भारतीय ही नहीं, बल्कि विदेशों से आए लाखों श्रद्धालु भी इस दिव्य अनुभव का हिस्सा बन रहे हैं। इस रिपोर्ट के नतीजे बताते हैं कि महाकुम्भ 2025 ने दुनिया को एक बार फिर भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और सनातन धर्म की अद्भुत शक्ति का अहसास कराया है।